卐 ॥ श्री हरि: ॥ 卐

# सन्मार्ग

॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्य:॥

कोलकाता, गुरुवार, 6 जनवरी 2022 | बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक | www.sanmarg.in

पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी 4, विक्रम संवत् 2078, वर्ष 76, अंक 275, पूर्णांक 26456, मूल्य 4.00 रु., कुल पेज 12



प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक 'साजिश', कांग्रेस के 'खूनी इरादे' नाकाम रहे

पेज 9



मालदीव से द्विपक्षीय सहयोग के फायदे दिख रहे हैं

पेज 9

92.5% PURE SILVER
MITTAL SILWAREZ
Camac Square.24, Camac Street
Near Vardaan Market
COME FOR SILVER ITEMS
Mob:8981063005

### सुनो भाई साधो!

शेखर गुरेरा
www.shekhargurera.com





...ये लोग भी कम घमंडी नहीं हैं, जिससे भी पूछो, यही बोलता है- 'वे क्या मेरे लिए आ रहे हैं!'

अधिकतम 27° | न्यूनतम 15° | सूर्योदय : 6.17 बजे | सूर्यास्त : 5.06 बजे

| सेंसेक्स | |
|---|---|
| बीएसई | 60223 |
| एनएसई | 17925 |

**झारखंड में सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत**

पेज 7

**'दिल्ली में कोरोना की तीसरी लहर आ चुकी है'**

पेज 9

# राज्य में कोविड बेकाबू, 14,022 नए मामले, 17 मरीजों की मौत

### कोलकाता में एक दिन में 6000 से अधिक आंकड़े पहली बार

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** राज्य में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 14,022 नए मामले सामने आए। इसके अलावा 17 की मौत एक दिन में कोविड के संक्रमण से दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक कुल कोविड के मामलों की संख्या बढ़कर राज्य में 16,78,323 हो गई है। कोविड से मृतकों का आंकड़ा राज्य में बढ़कर 19,827 हो चुका है। कोविड के एक्टिव मामलों की संख्या 33,042 दर्ज है। कोरोना वायरस के मरीजों का डिस्चार्ज रेट 96.85% हो चुका है। एक दिन में राज्य में 60,511 की टेस्टिंग की गई।

**हावड़ा में एक दिन में कोविड के मामले 1,280 पर पहुंचे :** कोलकाता में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 6,170 नए मामले दर्ज हुए। इसके अलावा एक दिन में कोविड संक्रमण से 5 की मौत हो गई। उत्तर 24 परगना जिले में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 2,540, हावड़ा में 1280 नए मामले दर्ज किए गए। उत्तर 24 परगना जिले में एक दिन में 5 व हावड़ा में 2 की मौत हो गई। इसके अलावा हुगली में एक दिन में कोविड संक्रमण के 670, दक्षिण 24 परगना जिले में 763 नए मामले सामने आए। दक्षिण 24 परगना जिले में एक दिन में 2 व हुगली में 1 की मौत कोविड संक्रमण से हो गई।



कोविड को दावत देती भीड़: एक तरफ सरकार व प्रशासन लोगों को भीड़ से बचने की हिदायत दे रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ बुधवार को न्यू मार्केट में यूं रहा नजारा

## कोलकाता में कोरोना ने रिकार्ड बनाया





**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** राज्य में कोविड के आंकड़े काफी डरावने होते जा रहे हैं। इसी क्रम में कोलकाता में अब तक एक दिन में सबसे अधिक मामले 4 जनवरी को मिले थे। एक दिन में मंगलवार को 4,759 नए कोविड के मामले सामने आए थे। वहीं बुधवार को यह संख्या 6,170 चली गई। वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ.राजा धर ने कहा कि दरअसल ओमिक्रॉन वेरिएंट के कारण अचानक मामले बढ़ रहे हैं। यह एक चिंता का विषय भी है। ऐसे में लोगों को साफ तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. कुणाल सरकार ने कहा कि आप फिलहाल जो मामले देख रहे हैं, वह एक तरह से ट्रेलर कहा जा सकता है। हमने दरअसल पहले के मामलों से सबक नहीं सीखा। नए साल से लेकर क्रिसमस में हमने जश्न मनाया। यह गलत नीतियां ही इसके लिए जिम्मेवार हैं।

# पीएम की सुरक्षा में गंभीर खामी

### रूट की जानकारी लीक की गई, प्रदर्शनकारी पास आ पहुंचे थे, 20 मिनट फंसे रहे मोदी

### पंजाब सरकार व पुलिस पर संदेह, पाक बॉर्डर से मात्र 30 किमी. दूर का मामला

**चंडीगढ़/नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में बुधवार को कांग्रेस की सरकार वाले पंजाब में भारी चूक हुई। जब मोदी 42,750 करोड़ रुपयों की परियोजनाओं का शिलान्यास करने और रैली में शामिल होने बठिंडा से फिरोजपुर जा रहे थे तो पाकिस्तान बॉर्डर से मात्र 30 किलोमीटर दूर प्रदर्शनकारियों ने रास्ता जाम कर प्रधानमंत्री को 20 मिनट तक फ्लाईओवर पर फंसाये रखा। जब प्रदर्शनकारी मोदी की गाड़ी के पास तक आ पहुंचे, तब सुरक्षाबलों ने काफिला वापस लौटा लिया। रैली रद्द कर दी गई।

**'अपने सीएम को थैंक्स कहना कि मैं जिंदा लौट पाया' :** जब प्रधानमंत्री बठिंडा हवाईअड्डा वापस पहुंचे तो उन्होंने अधिकारियों से कहा- अपने मुख्यमंत्री को मेरा शुक्रिया कहना कि मैं बठिंडा एअरपोर्ट तक जिंदा पहुंच सका।

**20 मिनट तक फंसे रहे :** गृह मंत्रालय के अनुसार मोदी सुबह बठिंडा पहुंचे थे। उन्हें हेलिकॉप्टर से हुसैनीवाला बार्डर में राष्ट्रीय शहीद स्मारक जाना था लेकिन भारी बारिश के कारण सड़क मार्ग से जाना पड़ा। राज्य के पुलिस महानिदेशक ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्था का भरोसा दिलाया, पर आगे प्रदर्शनकारियों ने रास्ता रोक लिया। गृह मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में इस बड़ी चूक पर पंजाब सरकार से जबाव तलब किया है। पंजाब सरकार ने इस 'बदइंतजामी' के लिए बठिंडा के एसएसपी को निलंबित कर दिया है। *शेष पृष्ठ 9 पर*



फिरोजपुर : फ्लाईओवर पर इस तरह फंसी रही प्रधानमंत्री मोदी की कार।

### सुलगते सवाल

- पीएम के जाने का रूट सिर्फ पुलिस को पता था, प्रदर्शनकारियों को किसने बताया?
- लाउडस्पीकर से लोगों को जुटाने वाले लोग कौन थे?
- पुलिसवाले रास्ता खुलवाने की बजाय प्रदर्शनकारियों के साथ चाय क्यों पीते रहे?
- पीएम के सुरक्षा दस्ते के फोन सीएम चन्नी ने क्यों नहीं उठाये?

Celebrate this Wedding Season with us
Sachi SAREES®
DESIGNER SAREES • SALWAR SUITS • GHAGHRA
Flat 50% OFF + 10% OFF
T&C Apply * NO EXCHANGE
LAL BHAWAN, P - 58 CIT ROAD, SCHEME VII M (OPP ESI HOSPITAL), KANKURGACHI, KOLKATA - 54,
TEL: +91 70440 61124 / 70440 63124 / 91632 04357 ■ SUNDAY OPEN ■ WE HAVE NO OTHER BRANCHES

Be Healthy Naturally

पाइल्स, फिशर, फिस्चुला कष्टदायक समस्या है
लेकिन लाइलाज नहीं!

पाइल्स, फिशर और फिस्चुला जैसी बीमारियां अत्यंत कष्टदायक होती हैं। इन समस्याओं से पीड़ित लोगों के सुबह की शुरुआत चुभन, पीड़ा या जलन से होती है। कई बार तो बगैर दर्द के ही खून आ जाता है। शर्म के मारे पीड़ित व्यक्ति खुलकर किसी से बात भी नहीं कर पाता और अंदर ही अंदर घुटता रहता है। जबकि सही चिकित्सा से इसे ठीक किया जा सकता है।

लोगों की धारणा गलत है
कई लोग तो यह समझते हैं कि इसका इलाज केवल ऑपरेशन के द्वारा ही हो सकता है, जो बिल्कुल गलत है। नैचरोवेदा हेल्थ वर्ल्ड में पाइल्स, फिशर, फिस्चुला जैसी समस्याओं का समाधान फंडामेंटल्स ऑफ आयुर्वेदा, पोटेंटाइज़्ड यूनानी और थेराप्यूटिक योगा के माध्यम से किया जाता है। किसी तरह के कोई ऑपरेशन की आवश्यकता नहीं होती।

एक महत्वपूर्ण सूचना
सारी तारीफें सर्वशक्तिमान के लिए है जो सृष्टि का रचयिता है। इन दिनों नैचरोवेदा हेल्थ वर्ल्ड के चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ. के. एम. सैफुल्लाह स्वयं मरीज़ देख रहे हैं।
नब्ज़ शनासी (नाड़ी परीक्षण) में उनकी पकड़ उल्लेखनीय है। डॉ. सैफुल्लाह से चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए कम से कम 3 घंटे खाली पेट रहना अनिवार्य है एवं साथ में सुबह के पहले पेशाब का नमूना लाना होगा।
ध्यान रहे कि वे सिर्फ उन्हीं रोगियों को देखते हैं जो पहले से अपॉइंटमेंट ले कर आते हैं।
#Naturoveda_Means_Health

033-4040 1212 / 033-6607 6666
033-22571661 / 62 • वाट्सएप : 9674426666
✓ महिला मरीज़ की जांच लेडी असिस्टेंट की उपस्थिति में की जाती है
Naturoveda® HEALTH WORLD
नैचरोवेदा के क्लिनिक : पार्क सर्कस • कैखाली • उल्टाडांगा • हावड़ा • सेन्ट्रल एवेन्यू • एल्गिन रोड • तारातला

www.licindia.in

सावधान, LIC पॉलिसीधारकों:
जीवन में हमेशा तैयार रहना सर्वोत्तम है।

भारत सरकार ने, पॉलिसीधारकों के पक्ष में प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर इसके प्रस्तावित पब्लिक इश्यू में शेयर्स आरक्षित करने हेतु निगम को अनुमति देते हुए, जीवन बीमा निगम एक्ट, 1956 में संशोधन किया है।*

इसमें आवेदन करने हेतु, पॉलिसीधारक निम्नलिखित दो चरणों का पालन करें:

1 LIC में अपनी निजी जानकारी सही रखें
- www.licindia.in पर जायें और ऑनलाइन अपना स्थायी खाता क्रमांक (PAN) पंजीकृत करने हेतु आइकॉन पर क्लिक करें।
- अपनी जन्मतिथि, लिंग, ईमेल आईडी, PAN, पूरा नाम, मोबाइल नम्बर और LIC पॉलिसी क्रमांक भरें।
- अपनी सभी पॉलिसियों में अपना PAN विवरण सही करने के लिये निर्देशों का पालन करें।

किसी भी सहायता के लिये अपने LIC एजेन्ट से सम्पर्क करें।

2 एक DEMAT खाता खोल लें (यदि आपके पास नहीं है)
- एक DEMAT खाता खोलने के लिये, पंजीकृत डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट (DP) हेतु निम्न दो में से एक वेबसाइट पर जायें:
NSDL: https://sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=19
CDSL: https://sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=18
- अपना DEMAT खाता खोलने के लिये आपको अपने DP को निम्न दस्तावेज देने होंगे:
  - नवीन फोटो
  - PAN कार्ड
  - पते का प्रमाण
  - रद्द किया चेक
- DP आपसे अधिक जानकारी भी माँग सकते हैं।

किसी भी सहायता के लिये, अपने बैंकर या ब्रोकर से सम्पर्क करें।

कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें:
यह सूचना या पॉलिसीधारकों को दी गई कोई भी सूचना निगम के सामान्य शेयरों का प्रस्ताव नहीं है। पॉलिसीधारकों को डिपॉज़िटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क करना होगा और वे अपने DEMAT खाते और इसके कार्यकलापों के स्वयं उत्तरदायी होंगे। सभी संबंधित खर्चों को पॉलिसीधारकों को वहन करना होगा। इसका कोई वचन नहीं दिया जाता है कि पॉलिसीधारकों को उनके आवेदित कोई भी या सभी सामान्य शेयरों को उन्हें आवंटित कर दिया जायेगा, चाहे वो किसी भी प्रस्तावित निर्गमन (issuance) में पॉलिसीधारकों हेतु शेयरों के आरक्षण की स्थिति भी हो। निगम इसके सामान्य शेयरों के प्रदर्शन की कोई गारंटी नहीं देता है और निवेशकों को एक सार्वजनिक निर्गम में किसी भी निवेश के साथ संबद्ध जोखिमों का ज्ञान रखने की आवश्यकता होती है। पॉलिसीधारकों हेतु शेयरों के प्रस्तावित आरक्षण संबंधित महत्वपूर्ण सूचना के लिये https://licindia.in/ipo पर जायें।
*प्रस्तावित IPO का विवरण जैसे ही पूर्ण कर लिया जायेगा, तब सूचित किया जायेगा।

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
हमें यहां फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC/RKS/2021-22/39/HIN

**स्थिति विकराल :** अस्पतालों में स्थिति विकराल, सैकड़ों डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित



# कोलकाता के दक्षिणी भाग में कोरोना का अधिक प्रकोप, कंटेनमेंट जोन की संख्या भी अधिक

## 70 % कंटेनमेंट जोन हैं दक्षिण कोलकाता में

**मधु सिंह**

**कोलकाता :** कोरोना की 'तीसरी लहर' में लोग आ चुके हैं। कोलकाता में पॉजिटिविटी रेट बढ़कर 45% पर पहुंच चुकी है। ऐसे में महानगर में कुल 48 कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिये गये हैं। हालांकि पिछली बार की तरह इस बार भी कंटेनमेंट जोन की संख्या में दक्षिण कोलकाता ही उत्तर की तुलना में आगे है। कुल 48 में से 70% कंटेनमेंट जोन केवल दक्षिण कोलकाता में ही हैं जिनमें अधिकतर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स हैं। सभी कंटेनमेंट जोन के आगे बैरिकेडिंग की जा चुकी है।

**8 कॉम्प्लेक्स समेत 4 होस्टल कंटेनमेंट में :** दक्षिण कोलकाता में अभी तक कोई भी बस्ती कंटेनमेंट जोन में नहीं है। कुल 20 कंटेनमेंट जोन में से 8 कॉम्प्लेक्स, 4 होस्टल, 3 फ्लैट और 5 मिक्स इलाके कंटेनमेंट जोन में डाले गये हैं। जानकारी के अनुसार, दक्षिण कोलकाता में प्रगति मैदान का सिल्वर स्प्रिंग, टेंगरा के डी. सी. दे रोड का एक्टिव एकर्स, तपसिया के क्रिस्टोफर रोड का वृंदावन गार्डन, शेक्सपीयर सरणी का शॉर्ट स्ट्रीट, 25 ई, 26, और 28बी शेक्सपीयर सरणी, कसबा का राजडांगा मेन रोड, आनंदपुर का अर्बाना, सर्वे पार्क के सम्मिलनी पार्क कंटेनमेंट जोन में हैं। इसी तरह होस्टल की बात करें तो हरिदेवपुर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोलकाता का टाटा हॉल, आईआईएमसी का रामानुजन होस्टल, जोका का लेक व्यू होस्टल और न्यू होस्टल इलाके कंटेनमेंट जोन में हैं।

वहीं फ्लैट में आशुतोष चौधरी एवेन्यू, मयूर भंज रोड का मयूर अपार्टमेंट और डायमण्ड हार्बर रोड का आइडियल टावर कंटेनमेंट में है। इसी तरह मिक्स इलाकों के कंटेनमेंट जोन में करया का बोंदेल रोड, बालीगंज पार्क रोड, मेफेयर रोड के अलावा शेक्सपीयर सरणी का लाउडन स्ट्रीट, प्रगति मैदान का माथेश्वर टाला रोड शामिल है।

फोटो : जयंत दास



सिल्वर स्प्रिंग के पास लगा कंटेनमेंट जोन का बोर्ड

फोटो : दीपेन उपाध्याय



शेक्सपीयर सरणी में लगा कंटेनमेंट जोन का बोर्ड

### बैंकों के ब्रांच हुए बंद

शेक्सपीयर सरणी में कंटेनमेंट जोन होने के कारण यहां 2 बैंकों की शाखाएं बंद कर दी गयी हैं। पीएनबी शेक्सपीयर सरणी की शाखा फिलहाल के लिए बंद कर दी गयी है और नोटिस चिपकाकर ग्राहकों से अपील की गयी है कि पास की शाखा से बैंक से जुड़े कार्य करायें। इसी तरह एचडीएफसी की शाखा को भी बंद कर नोटिस लगाया गया है कि आगे की नोटिस तक बैंक बंद रहेगा। इसके अलावा शेक्सपीयर सरणी के कंटेनमेंट जोन की दुकानें भी बंद हैं।

**कॉम्प्लेक्स में एक गेट सील तो दूसरा खुला :** अधिकतर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के कंटेनमेंट जोन में मेन गेट तो बैरिकेड से सील कर दिया गया है, लेकिन एक गेट खुला रखा गया है ताकि वहां से अन्य लोग आना - जाना कर सके। ऑनलाइन डिलीवरी वालों को ऊपर जाने नहीं दिया जा रहा और सुरक्षा कर्मियों के पास ही सामान रखवाये जा रहे हैं।

**पुलिस में फैला संक्रमण, नहीं की गयी है तैनाती :** कोलकाता में पिछली बार जब कंटेनमेंट जोन बनाये गये थे तो उस समय कंटेनमेंट जोन के सामने पुलिस कर्मियों की तैनाती भी की गयी थी। हालांकि इस बार ऐसा नहीं किया गया है। संभवत: इस बार पुलिस वर्ग में कोविड इतना अधिक फैल चुका है कि मैनपावर की कमी के कारण कंटेनमेंट जोन के सामने इस बार पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं की गयी है।

# कोलकाता में कोविड पॉजिटिविटी रेट 45% पर, हालात बेकाबू होने के आसार

## अगले सप्ताह तक मामले में और वृद्धि के आसार

**संदीप त्रिपाठी**

**कोलकाता:** राज्य में कोविड की बढ़ती रफ्तार के बीच केवल कोलकाता के ही मामले काफी चिंता बढ़ा रहे हैं। आलम यह है कि कोलकाता में कोविड पॉजिटिविटी रेट 44.50% पर पहुंच गई है। यह आंकड़े केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने जारी किए हैं। 29 दिसंबर से 4 जनवरी का साप्ताहिक आंकड़ा उल्लेखित है। ऐसे में यह तय है कि यह रेट और बढ़ेगा ही। हेल्थ एक्सपर्ट वैसे भी अगले सप्ताह तक कोविड के मामलों में और वृद्धि की संभावना जता चुके हैं। वैसे पूरे देश में हिमाचल प्रदेश के लाहौल व स्पिति जिले में कोविड पॉजिटिविटी रेट सबसे अधिक 66.67% है। हालांकि यहां एक दिन में मामले भी काफी कम हैं।

### इस पर नजर

| क्षेत्र | पॉजिटिविटी रेट |
| --- | --- |
| कोलकाता | 44.50% |
| हावड़ा | 30.14% |
| पश्चिम बर्दवान | 16.41% |
| उत्तर 24 परगना | 14.77% |
| दक्षिण 24 परगना | 13.20% |
| बीरभूम | 10.61% |

(नोट-आंकड़े केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय)

इस बारे में वरिष्ठ फीजिशियन डॉ. एस.के.अग्रवाल ने कहा कि अगले सप्ताह मामलों में और वृद्धि के आसार हैं। इसकी वजह है कि काफी लोगों की कोविड की रिपोर्ट आने में देरी भी हो रही है। देखा जा रहा है कि लैब में टेस्टिंग के मामले बढ़े हैं। दरअसल कोलकाता के साथ ही साथ जिलों में भी कोविड की रफ्तार बढ़ रही है। हालांकि जिलों में मामले कम आ रहे हैं।

## सौरभ के बाद अब बेटी सहित परिवार के 4 में कोविड

**सन्मार्ग संवाददाता, कोलकाता:** बीसीसीआई अध्यक्ष व भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली हाल ही में कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए थे। वह ठीक होकर घर पर हैं। बाद में उनमें डेल्टा का संक्रमण मिला था। सूत्रों की मानें तो अब उनके साथ परिवार के 4 और सदस्य भी संक्रमित हो गए हैं। इसमें उनकी बेटी भी शामिल है। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। ज्ञात हो कि कोरोना संक्रमित होने के बाद सौरभ को कोलकाता के वुडलैंड्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दूसरी तरफ सौरभ के परिवार पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उनकी बेटी को कोरोना के हल्के लक्षण हैं, इस वजह से वे होम आइसोलेशन में हैं।

# भवानीपुर थाना ही बन गया कंटेनमेंट जोन

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** किसी के घर में चोरी हो जाए, कहीं कोई हत्या हो जाए, यहां तक कि कोई पारिवारिक मसला सुलझाने के लिए भी लोग पुलिस थाने में जाते हैं, लेकिन थाना ही अगर कंटेनमेंट जोन बन जाए तो फिर लोग कहां जाएंगे ? ऐसा लगता है कि इस बार कोविड सबको अपनी चपेट में ले रहा है। इस बार कोविड की चपेट में आने से खुद भवानीपुर थाना भी नहीं बच पाया और पूरा थाना ही कंटेनमेंट जोन बन गया है। बुधवार को भवानीपुर थाने के सामने ही बैरिकेडिंग कर दी गयी और लोगों को अंदर भी जाने नहीं दिया जा रहा है। बाहर से ही शिकायतें दर्ज की जा रही हैं। कोलकाता पुलिस में भी कोविड काफी तेजी से फैल चुका है और अब तक सैकड़ों पुलिस अधिकारी व पुलिस कर्मी संक्रमित हो चुके हैं। ऐसे में यह समय पुलिस कर्मियों के लिए भी काफी मुश्किल भरा हो गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भवानीपुर थाने के लगभग 30 पुलिस कर्मी अब तक कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। ओसी और एडिशनल ओसी के अलावा यहां सभी संक्रमित हो गये हैं। ऐसे में आगे किसी तरह का जोखिम ना लेते हुए थाने को ही कंटेनमेंट जोन में बदल दिया गया और बैरिकेडिंग भी कर दी गयी है। जो भी व्यक्ति थाने में कोई शिकायत लेकर आ रहा था तो बाहर ही उसे रोक दिया जा रहा था। बाहर से ही लोगों की शिकायत दर्ज की जा रही थी। थाने के पास ही कुछ कुर्सियां रख दी गयी थीं। किसी का कुछ दस्तावेज संबंधी कार्य होने पर उन्हें बाहर ही इंतजार करने के लिए कहा जा रहा है। थाने में आये एक व्यक्ति राजू मण्डल ने कहा, मेरी भांजी की अस्पताल में मौत हो गयी। उससे संबंधित दस्तावेजों के कार्य से थाने में आया, आने पर पता चला कि थाना ही कंटेनमेंट जोन बन गया है। इस कारण बाहर ही इंतजार कर रहा हूं। इसी तरह एक महिला भी यहां अपनी शिकायत लेकर पहुंची थी। अन्य लोगों की शिकायतें भी बाहर से ही ली जा रही थीं।



भवानीपुर थाना जिसे कर दिया गया है कंटेनमेंट जोन

# विधाननगर के पुलिस कमिश्नर सुप्रतिम सरकार संक्रमित

**सन्मार्ग संवाददाता**

**विधाननगर:** विधाननगर के पुलिस कमिश्नर सुप्रतिम सरकार कोरोना संक्रमित हो गए हैं। उनके साथ विधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के 7 पुलिस कर्मचारी भी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। फिलहाल सुप्रतिम सरकार ने अपने घर पर ही अपने आप को आइसोलेट कर लिया है। इसके अलावा जो भी पुलिस कर्मचारी कोरोना संक्रमित हुए हैं, वह सभी होम क्वॉरंटाइन में जा चुके हैं। अभी कई ऐसे पुलिस कर्मचारी भी हैं, जिनकी तबीयत बिगड़ी हुई है। संदेह किया जा रहा है कि वे लोग भी कोरोना संक्रमित हो सकते हैं, जिनकी संख्या करीब 7 बतायी जा रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित हो रहे हैं इसलिए विभाग को अब शिकायत सहित अन्य विषय पर ध्यान देने के लिए सभी थाना प्रभारी को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। कहा गया है कि एक ओर शिकायतकर्ता से दूरी रखते हुए उनकी शिकायत ली जाए एवं जांच पड़ताल में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाए। साथ ही मॉस्क का इस्तेमाल जरूर से जरूर हो, इस पर भी ध्यान देने के लिए कहा गया है।

# चुनाव के पहले ही 5 पर्यवेक्षक कोविड संक्रमित

- **कोविड प्रोटोकॉल को लेकर चुनाव आयोग और सख्त**

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** राज्य में 4 नगर निगमों के लिए 22 जनवरी को चुनाव है। हालांकि चुनाव के पहले ही 5 पर्यवेक्षक कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे राज्य चुनाव आयोग के अधिकारियों की चिंता बढ़ गई है। दरअसल आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर चर्चा के लिए बुधवार को एक बैठक की। बैठक में पता चला कि मतदान से पहले 5 चुनावी पर्यवेक्षकों पर कोरोना संक्रमण हो गया है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा 1 नए पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई। आयोग ने कोविड नियम को लेकर कड़ा संदेश दिया है। बताया गया है कि खुले मैदान में 500 लोगों की जगह 200 लोगों को बैठक करने की इजाजत दी जा सकती है। राज्य चुनाव आयोग द्वारा कुल 17 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई थी। इनमें 5 विशेष पर्यवेक्षक और 12 सामान्य पर्यवेक्षक शामिल थे। आयोग के सूत्रों के मुताबिक सामान्य पर्यवेक्षकों में से 12 में से 5 कोरोना से प्रभावित हैं, लेकिन उन्हें गुरुवार से काम शुरू करना है। ऐसे में आयोग ने नया पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

### सख्त कोविड नियम

सूत्रों की मानें तो आयोग कोविड नियम पर भी अपना रुख सख्त करने जा रहा है। आयोग पहले ही कोविड नियमों पर कड़े दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। हालांकि राज्य चुनाव आयोग चुनावी सभा में भीड़ को और कम करने पर विचार कर रहा है। गाइडलाइंस के मुताबिक आयोग ने 500 लोगों को खुले मैदान में करने की मंजूरी दी थी। उस संख्या को और कम करने पर विचार किया जा रहा है। आयोग के सूत्रों के मुताबिक राजनीतिक दलों को 200 लोगों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया जा सकता है।

### ढोल बजाकर प्रचार किया, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

कई मामलों में यह देखा जा रहा है कि उम्मीदवार नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। 4 नगर निगमों में कई आरोप सामने आए हैं। हाल ही में आसनसोल में एक प्रत्याशी ढोल बजाकर प्रचार करते नजर आए हैं, यह तस्वीर भी सामने आई है। आयोग ने घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इतना ही नहीं, यदि उम्मीदवार कोविड नियम का पालन नहीं करते हैं तो आपदा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। कई कोविड नियमों में भी बदलाव किया जा रहा है।

# अभिनेता परमब्रत चटर्जी व निर्देशक राज चक्रवर्ती कोविड पॉजिटिव

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** अभिनेता परमब्रत चट्टोपाध्याय कोविड संक्रमित मिले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्वीटर से दी। इसके अलावा फिल्म निर्देशक राज चक्रवर्ती भी कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। राज की पत्नी को भी कोविड संक्रमण हुआ था। कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की आयोजन समिति के सदस्यों में से एक परमब्रत बुधवार को कोविड पॉजिटिव पाए गए। राज फिल्म फेस्टिवल के मुख्य आयोजक अधिकारी हैं। परमब्रत ने कहा कि 27 दिसंबर को मुंबई में हल्के लक्षण थे, लेकिन टेस्ट निगेटिव आया था। 30 दिसंबर को कोलकाता लौटा। 2 जनवरी को पूरी तरह से लक्षण मुक्त हो गया, लेकिन एक दिन पहले वैसे ही नियमित परीक्षण किया, परिणाम अब आया और यह पॉजिटिव है। 3 दिन में दोबारा जांच करवाऊंगा।


परमब्रत चट्टोपाध्याय


राज चक्रवर्ती

# लापरवाही : गलतियों से भरा है कंटेनमेंट जोन का ठिकाना

**सोनू ओझा**

**कोलकाता :** कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है। बेतरतीब तरीके से मामलों में उछाल आ रहे हैं। प्रशासन भी सख्त हो गया है, कड़ी पाबंदियां लगा दी गयी हैं। कोलकाता को एक बार फिर कंटेनमेंट जोन में तब्दील किया जा रहा है। हैरत की बात है कि कंटेनमेंट जोन तो बन गये हैं कोलकाता में, मगर लोगों को पता ही नहीं चल पा रहा है कि अमुक जगह को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। लापरवाही कहें या जल्दबाजी इस बार का कंटेनमेंट जोन का ठिकाना गलतियों से भरा पड़ा है। शायद यही वजह है कि लोग बेपरवाह होकर घूम रहे हैं, उन्हें फर्क ही नहीं पड़ रहा कि जहां वे बसर कर रहे हैं दरअसल प्रशासन की नजर में वह संक्रमित इलाका है।

### बिना संक्रमण वाले ठिकानों को दर्ज किया गया संक्रमित जोन में

### लोग कह रहे, जब फिजां में फैला है वायरस तो कंटेनमेंट जोन का फायदा क्या

**बहुमंजिली इमारत को बताया गया बस्ती :** कोलकाता के फूलबागान इलाके में तीन जगहों को कंटेनमेंट जोन बताया गया है। उसमें दो जगहों को बस्ती बताया गया है जबकि उल्लेख किए गए पते पर बहुमंजिली इमारत खड़ी है। 190 से 194 मानिकतल्ला मेन रोड और पी 13 सीआईटी रोड कंटेनमेंट जोन की तालिका में बस्ती है। वहां जाने पर पता चला कि ये मकान सालों पुराने हैं, इनकी जगह बस्ती कभी थी ही नहीं।

**जहां कोरोना नहीं वह भी बना संक्रमित इलाका :** प्रशासन द्वारा जारी कंटेनमेंट जोन की तालिका में 190 से 194 मानिकतल्ला मेन रोड को कंटेनमेंट जोन बताया गया है। वहां के लोगों से बात करने पर स्थिति विपरीत ही मिली। लोगों का साफ कहना है कि यहां कोविड का कोई मामला ही नहीं है। न ही प्रशासन-पुलिस की तरफ से कोई ऐसी जानकारी दी या ली गयी है।

**सतर्कता से ज्यादा बेफिक्र हो रहे लोग :** पी 13 सीआईटी रोड स्थित मकान को कंटेनमेंट जोन बना दिया गया है। इस मकान के ठीन नीचे बैरिकेडिंग की गयी है। उसके चंद कदम के बगल में ही एक महिला छाता लगाकर अपनी दुकान सजाए बैठी रहती है। उनसे जब पूछा गया कि आखिर ऐसी लापरवाही वे क्यों कर रही हैं तो जवाब में उन्होंने कहा कि पेट का सवाल है। अपनी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए काम कर रही हूँ। आगे भगवान की मर्जी, जो होगा उसे स्वीकार करेंगे। इसी तरह बिना मास्क के गुजर रहे वृद्ध से जब पूछा गया कि आखिर उनकी इस लापरवाही के पीछे कारण क्या है तो उन्होंने साफ कह दिया तीन साल से अब आदत हो गयी है। वैक्सीन के दोनों डोज लग गये हैं, पिछली बार कोविड भी हो चुका है इसलिए डर नहीं लगता।

**ऐसा कंटेनमेंट जोन कहीं देखा है :** ये तीसरी बार है कि कोलकाता को कंटेनमेंट जोन नाम की चादर में ढका गया है। पिछले दो बार में बहुत कुछ साफ था, यह पता था कि कहां कैसे कंटेनमेंट जोन तैयार किया गया है लेकिन इस बार किसी को खबर नहीं हो पा रही है कि कंटेनमेंट जोन की तस्वीर कैसी है। न कहीं नोटिस लगी है, न ही पुलिस तैनात है। कुछ एक जगह पुलिस वाले दिखे भी तो उन लोगों ने अपनी सफाई में कहा कि जैसा हमें निर्देश दिया जाता है हम करते हैं। कंटेनमेंट जोन की तालिका में कुछ पता गलत दर्ज किया गया है जिसकी जानकारी बड़े साहब को दे दी गयी है। बहरहाल गलती कहां हुई या लोग कितने बेपरवाह हो रहे हैं ये बाद की बात है, असल मुद्दा यह है कि प्रशासन के साथ आम जनता को कोरोना के संक्रमण से बचने के उपाय करना बेहद जरूरी है अन्यथा आखिर में हाथ मलने के अलावा कुछ नहीं बचेगा।


सीआईटी रोड स्थित कंटेनमेंट जोन

फोटो : अर्पिता चंद्रा


मानिकतला मेन रोड का कंटेनमेंट जोन

# अस्पतालों में स्थिति विकराल, सैकड़ों डॉक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी संक्रमित

## चिकित्सा परिसेवा प्रभावित होने के आसार

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** इस बार कोविड वारियर्स पर कोरोना की मार बढ़ती ही जा रही है। इसी क्रम में चित्तरंजन नेशनल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के 106 मेडिकल छात्र कोरोना से प्रभावित हुए हैं। यहां 200 से अधिक नर्स, स्वास्थ्यकर्मी, डॉक्टर्स कोविड से संक्रमित पाए गए हैं। कोलकाता के ही एनआरएस अस्पताल में भी 198 के करीब लोग कोविड पॉजिटिव मिले हैं। पता चला है कि कोलकाता के नेशनल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में 182 कोरोना टेस्ट किए गए थे, इनमें से 107 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

**स्वास्थ्य भवन में करीब 50 कोविड संक्रमित :** अब स्वास्थ्य भवन में कोरोना का साया नजर आ रहा है। सूत्रों की मानें तो यहां 5 अधिकारियों समेत कम से कम 50 लोग कोविड से संक्रमित मिले हैं। कई अन्य लोगों को बुखार हो गया है। उनकी कोरोना टेस्ट रिपोर्ट अभी नहीं आई है। कोरोना पहले से ही कोविड वारियर्स को प्रभावित कर रहा है। अब स्वास्थ्य भवन में भी कोरोना का असर होने से चिंता बढ़ गई है।

**नाइसेड के अधिकारी समेत 20 संक्रमित :** बेलियाघाटा में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलेरा एंड एंटरिक डिजिज की अधिकारी समेत करीब 20 लोगों में कोविड का संक्रमण मिला है। सूत्रों की मानें तो इसमें लैब से जुड़े लोग भी शामिल हैं। पिछले दिनों डॉ.आर.अहमद डेंटल कॉलेज व अस्पताल, आर.जी.कर मेडिकल व अस्पताल में भी सैकड़ों स्वास्थ्यकर्मी सहित अन्य कर्मियों में कोविड का संक्रमण मिलने की खबर है।

| अस्पताल | प्रभावित |
| --- | --- |
| सीएनएमसीएच | 200 |
| एनआरएस | 198 |
| नाइसेड | 20 |
| चित्तरंजन सेवा सदन | 103 |
| कोलकाता मेडिकल | 250 |

# अब 7 दिन हुई आइसोलेशन की अवधि, बदली गाइडलाइन

## आइसोलेशन खत्म होने के बाद दुबारा टेस्टिंग की जरूरत नहीं

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** कोरोना वायरस की संभावित तीसरी लहर के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कई सारे नियमों में बदलाव कर दिए हैं। उसमें सबसे बड़ा बदलाव होम आइसोलेशन को लेकर बनाई गई गाइडलाइन में हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हल्के/बिना लक्षण वाले कोरोना रोगियों के होम आइसोलेशन के लिए संशोधित गाइडलाइन जारी की है। मंत्रालय ने कहा, पॉजिटिव होने के 7 दिन और 3 दिनों तक लगातार बुखार नहीं आने के बाद होम आइसोलेशन के तहत रोगी को छुट्टी दे दी जाएगी, साथ ही आइसोलेशन खत्म हो जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि होम आइसोलेशन की अवधि समाप्त होने के बाद दुबारा टेस्टिंग की कोई जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात को लेकर भी चिंतित है कि डेल्टा वेरिएंट ने जितनी तबाही भारत में मचाई, उतनी तबाही दक्षिण अफ्रीका में डेल्टा वेरिएंट से नहीं हुई थी। ऐसे में ओमिक्रॉन भारत में क्या रुख करेगा इस लेकर ऊहापोह की स्थिति हेल्थ एक्सपर्ट में भी है।

### कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश

- अगर ओमिक्रॉन के मामले बढ़ते हैं और अस्पतालों पर दबाव पड़ता है, तो बिना लक्षण और हल्के लक्षण वाले मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा जा सकता है
- बुजुर्ग मरीजों को डॉक्टर की सलाह पर होम आइसोलेशन की अनुमति। कोविड से संक्रमित बुजुर्ग मरीज अस्पताल में भर्ती होने के बजाय डॉक्टर की सलाह पर घर पर ही आइसोलेट हो सकते हैं
- हल्के लक्षण वाले मरीज घर में आइसोलेट हो सकते हैं
- बिना लक्षण वाले और हल्के लक्षण वाले मरीज होम आइसोलेशन में रह सकते हैं, जिनका ऑक्सीजन लेवल 93% से ज्यादा हो
- आइसोलेशन की अवधि अब 14 दिन के बजाय 7 दिन
- मरीजों को ट्रिपल लेयर मास्क पहनने और ज्यादा से ज्यादा लिक्विड पदार्थ लेने की सलाह
- कोविड से संक्रमित मरीजों को स्टेरॉयड लेने से मनाही
- सीटी स्कैन और चेस्ट एक्सरे भी बिना डॉक्टर की सलाह की मनाही

**होम आइसोलेशन को लेकर नई नीति :** बुजुर्ग मरीजों को डॉक्टर की सलाह पर होम आइसोलेशन की अनुमति दी जा सकती है। हल्के लक्षण वाले मरीज घर पर रह सकते हैं। इसके लिए पूरा वेंटिलेशन रहना आवश्यक है। मरीज को ट्रिपल लेयर मास्क पहनने को कहा गया है। मरीज को ज्यादा से ज्यादा लिक्विड लेने की सलाह दी गई है। ऐसे मरीज जो एचआईवी संक्रमित हैं या जिनका ट्रांसप्लांट हुआ हो और कैंसर के मरीज हैं उन्हें डॉक्टर की सलाह के बाद ही होम आइसोलेशन में जाने की इजाजत होगी।

# विधायक अशोक डिंडा कोविड संक्रमित

**कोलकाता:** विधायक व पूर्व क्रिकेटर अशोक डिंडा कोविड संक्रमित मिले हैं। वह इस समय होम आइसोलेशन में है।पिछले कुछ दिनों से उनके कोलकाता स्थित घर में रहने के दौरान उनके कुछ शारीरिक लक्षण देखे गए थे। इसके बाद उन्होंने बाईपास के किनारे एक निजी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह ली। बाद में उन्होंने शारीरिक लक्षण देखकर कोरोना सैंपल की जांच की। उस टेस्ट में कोविड की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल डॉक्टर की सलाह पर घर पर कोलकाता में रह रहे हैं। पूरे देश के साथ-साथ राज्य में भी कोविड पीड़ितों की संख्या में इजाफा हुआ है। कई प्रसिद्ध लोगों के कोरोना से संक्रमित होने की खबर आई है। इससे पहले सौरव गांगुली, मंत्री अरूप विश्वास भी कोविड संक्रमित हो चुके हैं।

# 9 से नड्डा का बंगाल दौरा स्थगित

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** कोरोना की स्थिति को देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपना पश्चिम बंगाल दौरा फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया है। जेपी नड्डा इस महीने 9 तारीख को कोलकाता आने वाले थे। 9 और 10 जनवरी को होने वाला उनका दो दिवसीय दौरा स्थगित कर दिया गया है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं में स्वाभाविक तौर पर निराशा है। यहां उल्लेखनीय है कि गत विधानसभा चुनाव और उसके बाद कोलकाता नगर निगम चुनाव में हार के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी गिर गया है।

इधर, आगामी 22 जनवरी को 4 नगर निगमों के चुनाव होने वाले हैं और इससे पहले पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने के लिए जेपी नड्डा का यह दौरा होने वाला था। इस दौरान वह सांगठनिक बैठक भी करने वाले थे, लेकिन कोरोना परिस्थितियों को देखते हुए फिलहाल उनका कार्यक्रम स्थगित किया गया है।



## जकरिया स्ट्रीट से ताले से भरा कार्टून चुरानेवाला गिरफ्तार

**कोलकाता :** जोड़ासांको थानांतर्गत जकरिया स्ट्रीट से ताले से भरा कार्टून चुरानेवाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम मो. कमालुद्दीन है। वह दक्षिण 24 परगना के मल्लिकपुर का रहनेवाला है। उसे पुलिस ने केला बागान इलाके से पकड़ा है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले हिंदमोटर के रहनेवाले व्यवसायी ने शिकायत दर्ज करायी कि जकरिया स्ट्रीट के ट्रांसपोर्ट कार्यालय के बाहर से सामान चुरा लिया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगालकर अभियुक्त को चिह्नित कर उसे पकड़ा है। उसके पास से चुराए गए माल को बरामद किया गया है।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## देव और मिमी कोविड पॉजिटिव

**कोलकाता :** तृणमूल सांसद व अभिनेता **देव** कोविड पॉजिटिव हैं। इसकी जानकारी खुद देव ने ट्वीटर पर दी। बताया जा रहा है कि देव के साथ रूक्मणी भी कोरोना संक्रमित हुई हैं। उधर तृणमूल की ही सांसद व बांग्ला फिल्म अभिनेत्री **मिमी चक्रवर्ती** भी कोरोना से संक्रमित हो गयी हैं। मिमी ने अपने संक्रमित होने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी। दोनों ही होम आइसोलेश में हैं। दोनों में ही वायरस के हल्के लक्षण हैं।

## बड़तल्ला में गृहवधू का फंदे से लटकता शव मिला

**कोलकाता :** बड़तल्ला थानातंर्गत गोरा चंद बोस रोड में एक गृहवधू का फंदे से लटकता हुआ शव बरामद किया गया। मृतक का नाम संध्या गुप्ता (23) है। जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर संध्या को घर के अंदर फंदे से लटकता देख लोगों ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों में उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का प्राथमिक अनुमान है कि पारिवारिक अशांति के कारण मानसिक अवसाद से ग्रस्त होने के कारण उसने आत्महत्या की है।

## मोटरसाइकिल में लगी आग

**कोलकाता :** तिलजला थानांतर्गत तपसिया रोड में एक मोटरसाइकिल में आग लग गयी। मौके पर पहुंचे दमकल के एक इंजन ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर रात मोटरसाइकिल में आग लगी देख लोगों ने सूचना पुलिस को दी। पहले स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की।

# एक दिन में 1 लाख से अधिक छात्रों को लगी वैक्सीन

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता : कोलकाता:** राज्य में 15 से 18 साल के किशोरों में वैक्सीनेशन जारी है। बुधवार को 1,70,112 को वैक्सीन के डोज लगे। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक कुल वैक्सीन आंकड़ा राज्य में 10,72,93,203 पहुंच चुका है। अब तक राज्य में पहले डोज पाने वालों की संख्या 65397982 हो चुकी है। इसके अलावा सेकेंड डोज की संख्या 41895221 है। अब तक 15 से 18 साल के किशोरों में वैक्सीनेशन का आंकड़ा 449146 हो गया है। पश्चिम बंगाल सरकार ने सरकारी और निजी दोनों स्कूलों के स्कूली छात्रों का टीकाकरण करने की पहल की है। ऐसे में डीपीएस रूबी पार्क स्कूल को अभियान के पहले दौर में टीकाकरण केंद्र के रूप में चुना गया है। 1 जनवरी 2004 से 31 दिसंबर 2007 के बीच जन्म लेने वाले डीपीएस रूबी पार्क के छात्रों को कोवैक्सीन की पहली खुराक



वैक्सीन लगवाती डीपीएस रूबी पार्क की छात्रा

निःशुल्क दी जाएगी। इस बारे में डीपीएस रूबी पार्क की प्रिंसिपल **जोयोती चौधरी** की ओर से कहा गया कि हम इस नेक पहल के लिए राज्य सरकार के तहे दिल से आभारी हैं। टीकाकरण अभियान 5 जनवरी को कोलकाता के डीपीएस रूबी पार्क में 200 छात्रों के साथ शुरू हुआ। यदि छात्रों को स्वयं पंजीकरण करते समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो छात्रों को कोविन पोर्टल पर पंजीकृत करने के लिए स्कूल में एक हेल्प डेस्क है। हमारे स्कूल के छात्रों का वैक्सीनेशन पूरा होने के बाद यहां दूसरे स्कूल के छात्रों को भी वैक्सीन दी जाएगी। छात्रों को एक अभिभावक के साथ आने का निर्देश दिया गया था। हमारे स्कूल में टीकाकरण के पहले दिन माता-पिता की प्रतिक्रिया काफी अच्छी थी।

## उच्च माध्यमिक का फॉर्म फिल अप आज से, मानना होगा कोविड प्रोटोकॉल

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** उच्च माध्यमिक यानी कि एचएस के फॉर्म फिल अप करने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो रही है। इस दौरान कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का दिशा-निर्देश उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद (डब्ल्यूबीसीएचएसई) ने दिया है। दिशा-निर्देश जारी करके कहा गया है कि सरकारी कोविड प्रोटोकॉल का पालन विद्यार्थियों को करना होगा।

**10 से अधिक छात्र एक साथ फॉर्म नहीं भर सकते-** गुरुवार से हायर सेकेंडरी परीक्षा फॉर्म जमा करने का काम शुरू हो जाएगा। यह 14 जनवरी तक चलेगा। इस अवधि के भीतर फॉर्म भरने और जमा करने के लिए कोई विलंब दंड नहीं होगा। हालांकि, देरी के कारण 20 जनवरी से 27 जनवरी के बीच जुर्माने के साथ फॉर्म भरा जा सकता है। इस दौरान स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि स्कूल में एक साथ 10 से अधिक विद्यार्थी न हों। कोरोना की स्थिति से उत्पन्न स्थिति में कहा गया है कि छात्रों के फॉर्म भरने के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी किए गए कोरोना नियमों का ठीक से पालन किया जाए। एक बार में 10 से अधिक छात्रों को स्कूल परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। वहीं, उच्च माध्यमिक शिक्षा संसद ने कहा है कि सोशल डिस्टेंसिंग के नियम व अन्य स्वास्थ्य नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए।

**उच्च माध्यमिक 2 अप्रैल से-** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उच्च माध्यमिक की परीक्षा 2 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलेगी। कुल 56 विषयों की हायर सेकेंडरी परीक्षाएं होंगी।

# कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल रद्द

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल सरकार ने बढ़ते कोविड-19 मामलों के बीच 7 जनवरी से शुरू होने वाले 27 वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को रोकने का बुधवार को फैसला किया। यह निर्णय केआईएफएफ आयोजन समिति के अध्यक्ष, फिल्म निर्देशक राज चक्रवर्ती और इसके सदस्यों में अभिनेता परमब्रत चटर्जी में कोविड संक्रमण के बाद लिया गया। "राज्य की वर्तमान कोविड -19 स्थिति का आकलन करने के बाद और इस तथ्य के कारण कि फिल्म समारोह समिति से जुड़ी कई सिने हस्तियां और कई अन्य कोविड से प्रभावित हुए हैं, यह निर्णय लिया गया है। कोविड-19 को लेकर राज्य सरकार ने नागरिकों की सुरक्षा पर सावधानीपूर्वक विचार करते हुए, 7-14 जनवरी, 2022 के बीच आयोजित होने वाले 27 वें कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया है। सांस्कृतिक मामलों के विभाग ने कहा कि उत्सव आयोजित करने की संशोधित तारीख



तय समय में तय की जाएगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 7 जनवरी को राज्य सचिवालय नवान्नो से फिल्म महोत्सव का वर्चुअल उद्घाटन करने वाली थीं। शहर में 10 स्थानों को फिल्म स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था।

# संक्रमण से बचने के लिए स्पॉट फाइन नहीं लेगी पुलिस

**फिजिकल कांटैक्ट को कम करने के लिए ऑनलाइन केस देगी पुलिस**

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** महानगर में कोरोना के बढ़ते मरीजों के बीच कोलकाता पुलिस में भी संक्रमितों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में कोलकाता ट्रैफिक पुलिस की तरफ से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों से फिजिकल दूरी बनाने के लिए स्पॉट फाइन की जगह ऑनलाइन केस दिए जा रहे हैं। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, अब ट्रैफिक कानून तोड़ने वाले वाहन ड्राइवरों का दस्तावेज ऑनलाइन जब्त किया जायेगा। पुलिस अधिकारी का कहना है कि अब तक सड़क पर कानून तोड़ने वाले दो या चार पहिया वाहन ड्राइवर से सार्जेंट नकद जुर्माना वसूलकर इसके बदले उन्हें जुर्माने की रसीद देते थे। अब कानून तोड़ने वाले ड्राइवर के वाहन का नंबर नोट कर लिया जाएगा। इसके बाद उन्हें मोबाइल पर उन्हें जुर्माना अथवा ऑनलाइन उनके कागजात को जब्त करने की जानकारी दे दी जायेगी। ऐसी स्थिति में बिना जुर्माना चुकाये ड्राइवर या वाहन के मालिक उन कागजातों को रिन्यू या अन्य काम करने जाते हैं तो वह उन कागजातों को दोबारा रिन्यू नहीं करवा सकेंगे, या फिर अन्य काम को आगे नहीं बढ़ा सकेंगे। वह कागजात पुलिस की तरफ से जब्त किया गया है, इसकी जानकारी दे दी जायेगी।

# कोलकाता पुलिस ने चालू किया खुद का पैथोलॉजी सेन्टर और दवा दुकान

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** कोलकाता पुलिस में कोरोना संक्रमित पुलिस कर्मियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। आलम यह है कि कोलकाता पुलिस के भवानीपुर थाना में 30 पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित हो गये हैं। इस बीच कोलकाता पुलिस की ओर से कई सतर्कतामूलक कदम उठाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार पुलिस कर्मियों के इलाज की सुविधा के लिए कोलकाता पुलिस ने खुद का पैथोलॉजी सेंटर खोला है। इसके साथ ही पुलिस कर्मी और अधिकारियों के लिए दवा दुकान भी चालू की गई है। इसके अलावा शहर के पुलिस कर्मियों को संक्रमण से बचाने के लिए विभिन्न थाना और ट्रैफिक गार्ड का सैनिटाइजेशन चल रहा है। कोरोना संक्रमित पुलिस कर्मियों को बाहर से दवा न खरीदनी पड़े इसके लिए पुलिस की तरफ से दो नयी दवा दुकानें खोली गयी हैं। कोलकाता पुलिस वेलफेयर बोर्ड की तरफ से साल्टलेक स्थित कोलकाता पुलिस की फोर्थ बटालियन आवासन और बीटी रोड स्थित पुलिस लाइन में ये दो दुकानें खोली गई हैं। कोलकाता

**ताकि कोरोना से बचे रहें पुलिस कर्मी**

पुलिस के अधिकारियों के अलावा सिविक वालंटियर, होम गार्ड सहित अन्य कर्मी भी यहां से दवा खरीद सकेंगे। इसके अलावा अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन में कोलकाता पुलिस वेलफेयर बोर्ड ने पैथोलॉजी सेंटर भी तैयार किया है। यहां भी कम खर्च में टेस्ट कराए जा सकेंगे।



राज्य के परिवहन मंत्री व कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम बुधवार को कसबा स्थित सीएनजी स्टेशन के निर्माणाधीन स्थल का मुआयना करने पहुंचे। उनके साथ वेस्ट बंगाल ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के एमडी राजनवीर सिंह कपूर, बस संगठन के टीटू साहा व बंगाल गैस के अधिकारी

# निगमों के चुनाव टालने को पीआईएल

**22 जनवरी को होना है चार नगरनिगमों का चुनाव**

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** नगरनिगमों का चुनाव टाले जाने की अपील करते हुए हाई कोर्ट में एक पीआईएल दायर की गई है। **चीफ जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और जस्टिस केशोम दोमा भूटिया** के डिविजन बेंच से लीव लेने के बाद यह पीआईएल दायर की गई। चीफ जस्टिस के डिविजन बेंच में वृहस्पतिवार को इसकी सुनवायी होनी है। **एडवोकेट बिक्रम बनर्जी** ने यह जानकारी देते हुए बताया कि विमल भट्टाचार्या ने यह पीआईएल दायर की है। इसमें कहा गया है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक 22 जनवरी को सिलीगुड़ी, आसनसोल, चंदननगर और विधाननगर नगरनिगम के चुनाव कराये जाने हैं। इस पीआईएल में कहा गया है कि कोविड का संक्रमण काफी तेजी से बढ़ा है और इसके साथ ही लोग ओमिक्रॉन वायरस से होने वाले संक्रमण की संख्या भी काफी बढ़ी है। इस स्थिति में शारीरिक दूरी बनाये रखने सहित कोविड की अन्य गाइडलाइनों पर अमल करना मुमकिन नहीं हो पाएगा। इसलिए फिलहाल चुनाव को टालने की अपील की गई है। यहां गौरतलब है कि नगरपालिका चुनावों को लेकर दायर पीआईएल पर वृहस्पतिवार को चीफ जस्टिस के डिविजन बेंच में सुनवायी होनी है। इसी के साथ इस पीआईएल की भी सुनवायी होगी।

# हालात ऐसे रहे तो कोरोना की तीसरी लहर से बचना मुश्किल

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** कोविड की ऐसी परिस्थिति से शायद पश्चिम बंगाल अभी तक नहीं गुजरा था। विशेषकर कोलकाता में इस बार कोविड का प्रकोप सबसे अधिक है। आधे से अधिक मामले केवल कोलकाता से दर्ज किये जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद ऐसा लगता है कि लोगों को कोरोना से कोई डर नहीं है। हालात अगर ऐसे ही रहे तो फिर कोरोना की तीसरी लहर से बचना तो मुश्किल है ही, इसके साथ ही कोरोना की ये लहर तूफान में बदल जाएगी। बुधवार की शाम कोलकाता के शॉपिंग हब न्यू मार्केट की तस्वीर कुछ ऐसी ही नजर आयी। भारी भीड़ में लोग शॉपिंग करते नजर आये और काफी लोगों ने मास्क तक पहनना जरूरी नहीं समझा।

**अर्थव्यवस्था जरूरी मगर लोग नहीं हैं सचेत**

कोविड की स्थिति को देखते हुए कई राज्य कड़े कदम उठा रहे हैं। दिल्ली में तो वीकेंड कर्फ्यू भी जारी कर दिया गया है मगर कोलकाता के शॉपिंग स्थलों को देखकर ऐसा लगता है कि लोग अब तक सतर्क नहीं हुए हैं। सामाजिक दूरी से तो कोई मतलब है ही नहीं, मास्क भी पहनना काफी लोगों को जरूरी नहीं लगता। पश्चिम बंगाल में सभी पर्यटन स्थल बंद कर दिये गये हैं, लेकिन अर्थव्यवस्था को चालू रखने के लिए शॉपिंग मार्केट खुले हैं, लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी स्पष्ट दिख रही है।

**भारी भीड़ में बच्चों को लेकर उमड़े लोग-** ना शादी का सीजन है, ना दुर्गा पूजा ना कोई दूसरा त्योहार। है तो केवल कोविड। इसके बावजूद लोग इस कदर भीड़ जुटा रहे हैं जैसे अगर अभी शॉपिंग नहीं होगी तो कभी नहीं होगी। कोविड से ना जाने कितनों के परिवार उजड़ गये, कितनों का कारोबार चौपट हो गया, लेकिन काफी लोग ऐसे हैं जिन्हें इन सबसे कोई मतलब नहीं है। खूब शॉपिंग की जा रही है और वह भी बच्चों के साथ। न्यू मार्केट में काफी लोग बच्चों को लेकर आये थे जो शायद इतना भी नहीं सोच रहे हैं कि कोविड से इस कदर हम भला कैसे लड़ेंगे।

# महानगर में बढ़ी कंटेनमेंट जोन की संख्या

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** कोरोना का संक्रमण महानगर में काफी तेजी से बढ़ रहा है। महानगर में अब कंटेनमेंट जोन की संख्या में भी लगातार इजाफा होना शुरू हो गया है। महानगर में जहां पहले 25 कंटेनमेंट जोन थे वे अब बढ़कर 48 हो गये हैं यानी पहले की तुलना में 23 कंटेनमेंट जोन की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। डिप्टी मेयर **अतिन घोष** ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए माइक्रो कंटेनमेंट व कंटेनमेंट जोन की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। खासतौर पर बहुमंजिली इमारतों में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दक्षिण कोलकाता के कुछ हिस्सों में कोरोना के मरीज पिछले कुछ दिनों से अधिक संख्या में मिल रहे हैं जो कि केएमसी के लिये सिरदर्द बन गया है। कोलकाता नगर निगम की ओर से लोगों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यकतानुसार इलाकों व बहुमंजिली इमारतों को सैनिटाइज किया जा रहा है।

## एक दिन में कोलकाता पुलिस के 52 पुलिस कर्मी संक्रमित

**कोलकाता :** बुधवार को कोलकाता पुलिस के 52 पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इस तरह अब तक कुल 166 पुलिस कर्मी कोरोना संक्रमित हो गए। बुधवार को कोरोना संक्रमित पुलिस कर्मियों में एक आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं। यहां उल्लेखनीय है कि बुधवार को राज्य भर में 14 हज़ार से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज मिले है।




# भाजपा में ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ने का नया प्रचलन, अब हिरण आये सामने

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** प्रदेश भाजपा में एक नया प्रचलन चला है ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ने का। बनगांव और कर्सियांग के भाजपा विधायकों के ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ने के बाद अब इस कड़ी में नया नाम जुड़ गया है खड़गपुर सदर के भाजपा विधायक **हिरणमय चट्टोपाध्याय** का। उन्होंने भी भाजपा के विधायकों का ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ दिया है। बुधवार को विधायक हिरणमय चट्टोपाध्याय ने कहा कि उन्होंने बंगाल भाजपा के कई वॉट्सऐप ग्रुप छोड़ दिये हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बंगाल के भाजपा नेताओं के साथ करीब 7 माह से उनका कोई संपर्क नहीं है। राज्य के भाजपा नेता उनको कोई महत्व नहीं दे रहे हैं, इसलिए उन्होंने बंगाल भाजपा के वॉट्सऐप ग्रुप से खुद को बाहर कर लिया है। इस मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **दिलीप घोष** ने भी बयान दिया है। सांसद दिलीप घोष ने विधायक को पार्टी के गाइडलाइंस का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि उनके पास सोशल मीडिया के कई ग्रुप हैं। रोजाना 300 मैसेज आते हैं, लेकिन वे कुछ नहीं देखते हैं क्योंकि वह किसी सोशल मीडिया ग्रुप पर कोई विश्वास नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक हिरणमय के बारे में उनका कुछ बोलना ठीक नहीं होगा, लेकिन उन्होंने विधायक को पार्टी का गाइडलाइंस पालन करने की सलाह दी। इसी तरह भाजपा नेता **संजय सिंह** का कहना है कि कुछ लोगों के कारण पार्टी को समस्या झेलनी पड़ रही है। पार्टी का अच्छा और बुरा समय तो आता-जाता रहेगा, लेकिन इस समय में कुछ नेताओं के द्वारा किये गये कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि इससे पहले मतुआ समुदाय के प्रतिनिधित्व की मांग पर बनगांव के कई भाजपा विधायक ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ चुके हैं। इसी तरह कर्सियांग के भाजपा विधायक ने भी हाल में ह्वाट्स ऐप ग्रुप छोड़ दिया था।

# 22 साल तक मुकदमा चलने के बाद मिली 10 साल की सजा

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** एक राष्ट्रीयकृत बैंक के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में एक अभियुक्त को दस साल जेल की सजा सुनायी है। सिटी सेशन कोर्ट की **जज कुमकुम सिन्हा** ने सजा सुनायी है। करीब 22 साल तक मुकदमा चलने के बाद यह सजा सुनायी गई है। इस मामले में **अभियुक्त दीनेश दत्त** के खिलाफ एक बैंक के साथ 12 लाख 21 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए हेयर स्ट्रीट थाने में 1999 में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। अभियुक्त एक बैंक कर्मचारी था।

जज कुमकुम सिंह ने कहा कि दीनेश दत्त नामक इस बैंक कर्मचारी ने आम लोगों की रकम के साथ धोखाधड़ी की थी इसलिए उस दस साल जेल की सजा दी जा रही है। उसके खिलाफ आईपीसी की 467, 420, 468 और 417 धारा के तहत मुकदमा कायम किया गया था। जिस समय यह घटना घटी थी उस समय दीनेश की उम्र 40 साल के करीब थी, अब वह साठ साल का वृद्ध बन गया है। दीनेश पंजाब नेशनल बैंक के लायंस रेंज शाखा के क्लीयरिंग विभाग में काम करता था। विभिन्न कारणों से मामले की सुनवायी टलती रही। कभी हाई कोर्ट में अपील की गई तो कभी अन्य कारण दर्शाते हुए सुनवायी टाली गई, लेकिन पुलिस इस मामले में हाथ ढीला करने को तैयार नहीं थी। सेशन जज ने लालबाजार के तत्कालीन अफसर की भूमिका की प्रशंसा की है।


JUST OUT
B. B. KUNDU'S 2022
H. S. COMMERCE TEST PAPERS XII
Compiled by : Prof. S. Mukherjee
• Model Set Questions • School Test Question Papers of more than 40 schools • Effective Suggestions
B. B. KUNDU GRANDSONS 10/2B, Ramanath Majumder Street, Kol-9
✆: 2241-6583 / 8335980002

श्री हनुमान परिषद
कोलकाता
सूचना
परिषद के सौंवे वर्षारम्भ के उपलक्ष्य में दिनांक 7.1.22 से, श्रीमज्जगदगुरु स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के श्री मुख से, संगीत कलामन्दिर में आयोजित श्री हनुमन्त कथा एवं तारकेश्वर में आयोजित महामृत्युंजय रुद्र यज्ञ, कोरोना के बढ़ते प्रकोप तथा सरकारी नियमों के मद्देनजर स्थगित किये जा रहे हैं। प्रभुइच्छा से,अनुकूल परिस्थितियों में परिषद् अपने पावन संकल्प अवश्य पूरा करेगी। असुविधा के लिए खेद है।
-सुशील कुमार चौधरी, प्रधान सचिव

आसनसोल मंडल में पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक
आज़ादी का अमृत महोत्सव
आसनसोल मंडल के मधुपुर-गिरिडीह अनुभाग में जगदीशपुर एवं महेशमुंडा स्टेशनों के बीच सीमित ऊंचाई के सबवे में आरसीसी बॉक्सों की शुरुआत हेतु दिनांक 07.01.2022 (शुक्रवार) को 03524 गिरिडीह-मधुपुर मेमू स्पेशल के गुजरने के उपरांत आठ (08) घंटे के लिए (सुबह 09.55 बजे से अपराह्न 05.55 बजे तक) पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, 03525 मधुपुर-गिरिडीह मेमू स्पेशल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.01.2022) 90 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। असुविधा के लिए खेद है।
वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, आसनसोल
पूर्व रेलवे
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway Eastern Railway Headquarter

# बाली नगरपालिका की आरक्षण सूची जारी, होंगे 35 वार्ड

- **35 में से 12 वार्ड होंगे महिलाओं के लिए आरक्षित**

**सन्मार्ग संवाददाता**

**हावड़ा :** बुधवार को हावड़ा चुनाव आयोग की ओर से बाली नगरपालिका की आरक्षण सूची को जारी कर दिया गया है, जिसमें साफ लिखा गया है कि बाली में कुल 35 वॉर्ड होंगे जिनमें बारह वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। इस सूची में 23 वार्डों को जनरल रखा गया है। महिला आरक्षित वार्डों की बात करें तो इनमें 1, 4, 7, 10, 11, 14, 17, 20, 23, 26, 29, 32 नंबर वॉर्ड होंगे, वहीं वार्ड नंबर 11 को महिला एससी में शामिल किया गया है। जनरल वार्डों में 2, 3, 5, 6, 8, 9, 12, 13, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 24, 25, 27, 28, 30, 31, 33, 34, 35 शामिल हैं।

गौरतलब है कि अब तक राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य सरकार द्वारा पारित बिल पर हस्ताक्षर नहीं किया है। इस बारे में हावड़ा के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से बाली नगरपालिका को अलग किया जा चुका है। सभी कार्यालय व कागजातों को भी अलग किया गया है, बस केवल राज्यपाल के हस्ताक्षर का इंतजार है।

# लोकल ट्रेन जल्दी चलाने को लेकर वेंडर लगातार कर रहे हैं प्रदर्शन

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** राज्य सरकार के निर्देश के बाद ट्रेनों के समय में बदलाव कर दिया गया और इसे सुबह 5 से रात 10 बजे तक किया गया है, हालाँकि इसके पहले ये ट्रेनें सुबह 3 बजे से ही चलायी जाती थीं लेकिन नाइट कर्फ्यू रात दस बजे से सुबह पाँच बजे तक का है। ऐसे में लोकल ट्रेनों को सुबह पाँच बजे से ही चलाया जा रहा है। इससे यात्रियों को तो नुकसान पहुँच ही रहा है लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वेंडरों का हो रहा है। जो दूरदराज से सामानों की बिक्री करने महानगर में पहुँचते हैं उन वेंडरों का कहना है कि उनके लिये ट्रेन सुबह 3 बजे से शुरू की जाए ताकि वे साढ़े छह से 7 बजे के बीच महानगर पहुँच पाएं और अपने सामानों की बिक्री कर सकें। इस दौरान ट्रेनों के 5 बजे होने से वे 7-8 बजे तक पहुँच रहे हैं। ऐसे में उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसी के विरोध में लगातार वेंडर प्रदर्शन करते हुए आ रहे हैं।

**दक्षिण 24 परगना के कैनिंग में वेंडरों का विरोध प्रदर्शन :** सियालदह कैनिंग शाखा में अप फर्स्ट लोकल ट्रेन के रद्द होने पर वेंडरों ने तालदी रेलवे स्टेशन की रेलवे लाइन पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान वेंडर आक्रोशित होकर रेलवे लाइन पर खड़े हो गए। वेंडरों के अनुसार कैनिंग से पहली लोकल ट्रेन सुबह 3.52 मिनट में सियालदह के लिए छूटती है।



पहला और दूसरा ट्रेन रद्द किये जाने के विरोध में ठाकुरनगर स्टेशन पर पथावरोध करते फूल व्यवसायी व विक्रेता। लगभग 11 घंटों तक चला अवरोध-प्रदर्शन, हलकान हुए अन्य यात्री

ट्रेन के रद्द होने पर सुबह वेंडरों को अपने कार्यस्थल पर जाने में काफी असुविधाएं एवं नुकसान झेलनी पड़ रही है।

- **फल और फूल विक्रेताओं का कहना है, देरी से पहुँचने से हो रहा है नुकसान**

**उत्तर 24 परगना के ठाकुरनगर में भी प्रदर्शन :** दरअसल ठाकुरनगर में फूल का सबसे बड़ा बाजार लगता है। यहीं से फूल महानगर व हावड़ा के आसपास के इलाकों में पहुँचाए जाते हैं। ऐसे में वेंडरों का कहना है कि अगर सुबह ट्रेन नहीं चलती है तो उन्हें बड़ा नुकसान हो सकता है और इसी को लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया।

ट्रेनों के समय में हुए बदलाव के कारण लगातार दो दिनों से वेंडरों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। पहले ये अवरोध नदिया व पलासी इलाकों में किया गया। दक्षिण 24 परगना के भी कई इलाकों में गत मंगलवार को प्रदर्शन किये गये। वेंडरों की यही माँग है कि सुबह साढ़े 3 बजे वाली ट्रेन चलायी जाए ताकि उनका सामान सही समय पर लोगों तक पहुँच सके।

**क्या कहना है सीपीआरओ :** इस बारे में पूर्व रेलवे के सीपीआरओ एकलव्य चक्रवर्ती ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद ही ट्रेनों के समय में बदलाव किए गए हैं। चूंकि नाइट कर्फ्यू रात दस से सुबह पाँच बजे तक का है। ऐसे में ट्रेनों के समय में कोई बदलाव कर पाना मुश्किल है। अगले निर्देश के बाद ही कुछ जानकारी दी जा सकेगी।

# भीड़ को देखते हुए बंद किया जा सकता है हावड़ा का मंगलाहाट

**सन्मार्ग संवाददाता**

**हावड़ा :** राज्य सरकार द्वारा सख्ती बरतने के बाद भी हावड़ा के मंगलाहाट में फिर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इसकी तस्वीर गत सोमवार और मंगलवार को देखने को मिली जहाँ पर लोग एक दूसरे से कहीं पर भी सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करते हुए नजर नहीं आये, साथ ही किसी के चेहरे पर मास्क भी नहीं था। इस परिस्थिति को देखते हुए हावड़ा प्रशासन जल्द ही एक बड़ा फैसला ले सकता है। आगामी मंगलवार से मंगलाहाट को बंद किया जा सकता है। इसके आस पास के कुछ इलाकों को कंटेनमेंट जोन में भी तब्दील कर दिया गया है लेकिन लोग कहीं पर भी जागरूक नजर नहीं आ रहे हैं। मंगलाहाट में 11 बड़े हाट लगाये जाते हैं, जहाँ पर 60-70 हजार व्यवसाई अपना सामान बेचने के लिए जमा होते हैं। फुटपाथ की बात करें तो करीब 20-25 हजार विक्रेता फुटपाथ पर बैठते हैं।

**किया जा रहा है प्रचार-प्रसार :** इस बारे में इलाके के पूर्व पार्षद शैलेश राय का कहना है कि मंगलाहाट में लगातार मास्क पहनने, सैनिटाइजर का इस्तेमाल करने और सामाजिक दूरी बरकरार रखने को लेकर प्रचार प्रसार किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद लोग मानने को तैयार नहीं हैं।

**बंद करने का लिया जाएगा निर्णय :** राज्य के मंत्री अरूप राय ने कहा कि मंगलाहाट सबसे बड़ा हाट हैं। कोविड की परिस्थिति को नियंत्रित करने के लिए हाट को बंद करना ही सबसे बड़ा निर्णय होगा। इसे लेकर वे जल्द ही प्रशासन के साथ बैठक करेंगे और हो सकता है कि आगामी मंगलवार से ही हाट को बंद कर दिया जाए।

# हावड़ा के अधिकतर अस्पतालों में कोरोना का प्रकोप

**सन्मार्ग संवाददाता**

**हावड़ा :** हावड़ा के सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में करोना का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इन अस्पतालों में कई डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी कोरोना वायरस पॉजिटिव हो चुके हैं और यहाँ इलाजरत रोगियों के लिये खतरा बढ़ गया है। सबसे पहले अगर बात की जाए उलूबेड़िया अस्पताल की तो यहाँ पर सुपर ही कोविड पॉजिटिव हो चुके हैं। इसके साथ ही अस्पताल के छह स्वास्थ्यकर्मी भी पॉजिटिव हैं। संजीवन अस्पताल में उलूबेड़िया के सुपर का इलाज चल रहा है। इधर गैर सरकारी अस्पताल की बात करें तो नारायणा सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में करीब 15 डॉक्टर, 20 नर्स और 10 स्वास्थ्यकर्मी कोविड पॉजिटिव बताए गए हैं, जिसके कारण यहाँ पर मरीजों की परिसेवा चरमरा गयी है। इसके साथ ही हावड़ा के कई छोटे-बड़े अस्पताल व नर्सिंग होम हैं जो कोरोना की चपेट में आ चुके हैं।



---

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

## राठी परिवार में शोक



अत्यन्त दु:ख के साथ आपको सुचित करते हैं के हमारे
**पूज्यनीय श्री श्रीकिशन जी राठी**
(सुपुत्र : स्व0 द्वारका दास जी राठी) का देहावसान
शुक्रवार, दिनांक 31-12-2021 को हो गया है।

**बैठक** शुक्रवार दिनांक 7-1-2022 को दोपहर 3 से 5 बजे zoom सभाग्रह में सम्पन्न होगी।
MEETING ID : 921 7707 9984 • PASS CODE : 123456

शोकाकुल
सुशीला देवी राठी (धर्मपत्नी)
बृजमोहन, मुकुन्दलाल, मनमोहन, जगमोहन, श्रीमोहन (भ्राता)
लक्ष्मी कुमार - स्वेता, सुनील कुमार - मधुश्री (पुत्र-पुत्रवधु)
शशांक - सोनाली (पौत्र-पौत्रवधु), प्रियम (पौत्र)
प्रेरणा, भावना (पौत्री), हेतार्थ (पड़पौत्र)
एवं समस्त राठी परिवार

निवास
92 /1बी, नारकेलडांगा मेन रोड, रुक्मणी पारसमणि,
फ्लैट नं0 : 10/11 PF (89 सिनेमा के पास) कोलकाता-700054

Firm :
CURRENCY CABLES PVT. LTD. • RATHI METALS - Kolkata
RATHI CONCERN - Siliguri

सम्पर्क सूत्र : 98320 23684, 98300 42651

---

## ॥धनानिया परिवार में शोक॥

1937  2022

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय
**सजन कुमार धनानिया**
(सुपुत्र : स्व. छाजुराम जी धनानिया)
का स्वर्गवास मंगलवार, दिनांक 04.01.2022 को हो गया है।

**बैठक हमारे निवास स्थान पर रविवार, दिनांक 09.01.2022 को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक होगी।**

-:: शोकाकुल ::-
आनन्द-पंकजा, सतीश-सुनीता, गोपाल-रिंकू,
प्रवीण-पूजा अग्रवाल (पुत्र-पुत्रवधू)
सावित्री देवी-जयप्रकाश आलमाल, शशि-हरिकिशन सिंघल (पुत्री-दामाद)
श्वेता-नवीन सिंघल, एकता-संदीप जैन, अनिता-राघवेंद्र सरावगी,
शालिनी-मोहित अग्रवाल (पौत्री-दामाद)
पुनीत, प्रतीक, सावन, आशीष, मोहित, योगेश, निकुंज (पौत्र)
कोमल, खुशी, भावना (पौत्री)
एवम् समस्त धनानिया परिवार

निवास : **'बालाजी गंगेज अपार्टमेंट'** ब्लॉक-एफ, फ्लैट-301,
उल्टाडांगा, कोलकाता-700 067, मो. : 9830066525

प्रतिष्ठान : **SAJAN KUMAR SATISH KUMAR**
18/1, Maharshi Devendra Road, Kolkata-700007

---

## हार्दिक श्रद्धांजलि

जन्म : 10.08.1947  स्वर्गवास : 03.01.2022

'स्मृतिशेष' **कमल सिंह जी कोचर**
(रतनगढ़ निवासी-उत्तर हावड़ा प्रवासी)
शिक्षानुरागी, अनेकानेक लोगों के प्रेरणास्रोत, आत्मस्वरूप मित्र
सरल स्वभावी, व्यक्तित्व के धनी, निराभिमानी, संस्था के
परम हितैषी के आकस्मिक देहावसान से हम सभी मर्माहत हैं।
जिनेश्वर देव से पुण्यात्मा के उत्तरोतर विकास कर चिर
लक्ष्य को प्राप्त कर मोक्षगामी बनने हेतु मंगलकामना।

-:: श्रद्धावनत ::-
**श्री वीर मण्डल परिवार**
कोलकाता • बीकानेर

---

॥ श्री महावीराय नमः ॥ ॥ श्री जिनाय नमः ॥

## प्रथम पुण्यतिथि
## विनम्र श्रद्धांजली

जन्म 14 नवम्बर 1939  महा प्रयाण 6 जनवरी 2021

## स्व० सौभाग्यमल जैन (पाटनी)

प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन समर्पण है -
आपकी अनुकरणीय, ओजस्वी, उत्कृष्ट, धार्मिक,
सामाजिक, व्यापारिक एवं पारिवारिक कर्त्तव्यबद्धता
हम सभी का निरंतर पथ-प्रदर्शित करती रहेगी।

नमनकर्ता
सुनील-संगीता, साहिल-प्रज्ञा, उत्सव-स्वर्णिमा, रुहान
सुनीता-कर्मचन्द, अनुपमा-राजकुमार, अर्चना-पंकज

श्रद्धानवत्
टीकम-सुशीला, बाबूलाल-शकुन्तला, अरविन्द-रेणु
एवं समस्त पाटनी (जैन) परिवार सदस्यगण

आपकी आत्मानुभवी दिव्य छवि
हमारे दिलों में सदैव आलोकित रहेगी

---

## तोषनीवाल परिवार में शोक

जन्म तिथि: 4-7-1939  पुण्य तिथि: 2-1-2022

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय
**सत्यनारायण तोषनीवाल**
(सुपुत्र स्व० लाधुराम जी तोषनीवाल)
जसवंतगढ़ निवासी, कोलकाता प्रवासी
का स्वर्गवास रविवार, दि० 2.1.2022 को हो गया है।

**बैठक ज़ूम पर :** शुक्रवार, दि० 7.1.2022 को दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक।
ZOOM ID : 826 8076 8646 • Passcode : 656834

शोकाकुल :
नेमीचन्द (भ्राता), दुर्गा देवी (धर्मपत्नी)
जुगल किशोर, मदन गोपाल, श्रीप्रकाश,
अशोक, ललित, मनोज (भतीजा), दिनेश, राजेश, महेश (सुपुत्र)
यश, आदर्श (पौत्र) एवं समस्त तोषनीवाल परिवार

Mob : 9903835400

---

जय भिक्षु अर्हम् जय महाश्रमण

## ॥ उठावणा ॥

जन्म : 12.09.1939  स्वर्गवास : 05.01.2022

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय
**मदनलाल जी बोथरा**
(सुपुत्र : स्व. लालचन्द जी बोथरा, लाडनूं निवासी-कोलकाता प्रवासी)
का स्वर्गवास बुधवार, दिनांक 05.01.2022 को हो गया है।

**उठावणा शुक्रवार, दिनांक 07.01.2022 को दोपहर 2.30 बजे Zoom App के माध्यम से रखा गया है। Zoom ID : 7105659123**

-:: शोकाकुल ::-
पुष्पराज, सागरमल (भ्राता) कमल-कुसुम (पुत्र-पुत्रवधू)
संगीता-अशोक चोपड़ा, बबीता-अनील कठोतिया (पुत्री-दामाद)
अंकुश-हेमा (पौत्र-पौत्रवधू) नेहा-आदित्य घोड़ावत (पौत्री-दामाद)
अर्थव (पौत्र) अर्हम् (दौहित्र) एवम् समस्त बोथरा परिवार
ससुराल पक्ष : अशोक, आलोक, राजेश, राजकुमार फुलफगर

सम्पर्क : 8820271516, 9831035222

---

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥

## शर्मा परिवार में शोक

जन्म 05.09.1966  गोलोकवास 01.01.2022

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड रहा है कि
रघुनाथ प्रसाद शर्मा (विश्वम्भरा) की पुत्रवधू
**श्रीमती सीमा देवी शर्मा**
धर्मपत्नी सत्यनारायण शर्मा का स्वर्गवास शनिवार 01-01-2022 को हो गया है।

भावभीनी श्रद्धांजलि
हिमानी शर्मा (पुत्री)
मक्खनलाल (चाचा ससुर), नरेश, अशोक, प्रमोद, पवन, सुरेश,
दीपक, संजय, दीपक (देवर) एवं समस्त विश्वम्भरा परिवार

श्रद्धांजलि बैठक शुक्रवार, दिनांक 07-01-2022 को 1 बजे से 4 बजे तक
ZOOM कॉल के माध्यम से रखी गई है।
**ZOOM ID: 798 2903 7613 | Passcode: 123**

प्रतिष्ठान
विश्वम्भरा ग्रुप कोलकाता एवं पलसाना
मो: 9830047456, 9830047112, 9830299374

---

सन्मार्ग CLASSIFIED
CREDIT/DEBIT CARDS ACCEPTED

### मेडिकल

**शराबी** को बिना लाये बिना बताए शराब/ अन्य नशा छुड़ाए, गठिया का सर्तिया इलाज (पुर्णत: आयुर्वेदिक) हावड़ा मैदान 7549985581, 9903095439 SANRI-22385

### आवश्यकता

**DSA** पतंजली, ब्रिटानीया, पारलेजी, मेडीसीन, सेनिटाइजर में महिला/पुरुष आवश्यकता 8 घंटा 14700/- - 16500/- 8585043764 RTARI-00237

**मेडिसीन,** सैनिटाइजर, पैकिंग हेतु महिला/ पुरुष चाहिए। कार्य अवधि 8 घंटा वेतन 107 घंटा 9163443534 RTARI-00238

### नाम परिवर्तन

I Kumar Lakhani S/o Lt. Nalinkant Lakhani, declare in the Court of Ld. 1st Class Magistrate Kolkata that Kumar Lakhani, Kumar Nalinkant Lakhani and Kumar N. Lakhani is One and the same identical Person vide affidavit No.371 Dated 4.1.2022. SANRI-00240

**तस्कर :** बीएसएफ के जवानों ने 1.55 करोड़ के सोने के बिस्कुटों के साथ 3 तस्कर को पकड़ा है।

## शुभेंदु अधिकारी के नेताई जाने पर कोई रोक नहीं

**कोलकाता :** विधानसभा में विपक्ष के नेता **शुभेंदु अधिकारी** के सात जनवरी को नेताई जाने में कोई बाधा नहीं है। हाई कोर्ट के **जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्या** ने यह आदेश बुधवार को दिया। शुभेंदु अधिकारी को सात जनवरी को शहीद वेदी पर माल्यार्पण के लिए नेताई जाना है।

शुभेंदु अधिकारी की तरफ से कोविड नियंत्रण का हवाला देते हुए राज्य सरकार से नेताई जाने की अनुमति मांगी गई थी। इसके साथ ही पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने की अपील भी की गई थी। राज्य सरकार से जब कोई जवाब नहीं मिला तो उनकी तरफ से हाई कोर्ट में रिट दायर कर दी गई थी। यहां गौरतलब है कि हाई कोर्ट के जस्टिस राजाशेखर मंथा ने शुभेंदु अधिकारी को पूर्ण सुरक्षा उपलब्ध कराने का आदेश राज्य सरकार को दिया था। जस्टिस सब्यसाची चटर्जी ने मामले की सुनवायी के बाद कह दिया कि शुभेंदु अधिकारी नेताई जा सकते हैं। इस मामले में राज्य सरकार के एडवोकेट जनरल ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी के नेताई जाने पर कोई रोक नहीं है और राज्य सरकार उन्हें सुरक्षा भी उपलब्ध कराएगी।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## मनाया गया ममता बनर्जी का जन्मदिन

**कोलकाता :** वार्ड 42 तृणमूल कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के जन्म दिवस पर बुधवार को महात्मा गांधी रोड (थाना गली के पास) मास्क वितरण किया गया और लोगों को मास्क पहनने की अपील भी गयी। कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा, अशोक ओझा, ओम प्रकाश पोद्दार, दीपक निगानिया, अनिला खान सहित वार्ड के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह वार्ड 22 में स्वयं प्रकाश पुरोहित और शक्ति प्रताप सिंह की अगुवाई में नवाब लेन स्थित गणेश मंदिर में 67 किग्रा का लड्डू प्रसाद भगवान को अर्पण किया गया।

उत्तर 24 परगना जिला तृणमूल हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष **अमित गुप्ता** ने बताया कि इस दिन प्रकोष्ठ की प्रत्येक यूनिट की ओर से जनसेवा कर दीदी के जन्मदिन का पालन किया गया। भाटपाड़ा के फक्कड़बाबा मंदिर में यज्ञ कर उनकी लंबी आयु की कामना की गयी।

भाटपाड़ा पालिका के प्रशासक **गोपाल राउत** और अंचल कर्मी-समर्थकों ने भी केक काटकर प्रदेश की मुख्यमंत्री के जन्मदिन का पालन किया।

## गंगासागर मेला तीर्थयात्री एक ही टिकट संग्रह कर परिक्रमा कर सकते हैं

**दक्षिण 24 परगना :** गंगासागर मेला 2022 तीर्थयात्री एक ही टिकट संग्रह कर परिक्रमा कर सकते हैं। जिला प्रशासन परिवहन विभाग के साथ मिलकर इसके लिए संयुक्त टिकटिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है। जिला शासक **डॉ. पी उल्गानाथन** ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सिस्टम पहली बार गंगासागर मेला के तीर्थयात्रियों के लिए शुरू की गई है। इससे काफी भीड़ कम होगी।

राज्य परिवहन विभाग तीर्थयात्रियों के लिए 10 जनवरी से सिस्टम को अमल करेगा। तीर्थयात्री टिकट ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही तरीके से संग्रह सकते हैं। इसके जरिए लॉट 8 और कचुबेड़िया घाट के टिकट काउंटर पर भीड़ कम होगी।

तीर्थयात्री कोलकाता से कचुबेड़िया और वापसी का टिकट, हावड़ा से कचुबेड़िया और वापसी का टिकट, लॉट 8 से कचुबेड़िया और वापसी का टिकट और कचुबेड़िया से लॉट 8 से वासपी टिकट संग्रह कर सकते हैं। एसबीएसटीसी, डब्ल्यूबीटीसी और एचएनजपीएसएस संस्था की ओर से टिकट जारी किये जाएंगे। कोलकाता से कचुबेड़िया अप और डाउन के लिए 200 रुपए और हावड़ा से कचुबेड़िया के अप और डाउन का किराया 210 रुपए तय किया गया है।

# प्रतिबंध के हटने पर दिल्ली व मुम्बई से 5 उड़ानें आयीं, 4 गयीं

### आंशिक प्रतिबंधों का एयरपोर्ट पर व्यापक असर, हजारों की संख्या में कम गये यात्री

**नेहा सिंह**

**कोलकाता :** कोलकाता एयरपोर्ट पर दिल्ली व मुम्बई से आने वाली उड़ानों पर लगाए गये प्रतिबंध में एक दिन और ढील देने पर दिल्ली व मुम्बई से 5 उड़ानों का संचालन हुआ। वहीं कोलकाता से प्रतिबंध नहीं होने के बावजूद 4 की संख्या में दिल्ली व मुम्बई के लिए संचालित हुई। इस बारे में एयरपोर्ट डायरेक्टर **सी. पट्टाभी** ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से एक दिन पहले यह प्रतिबंध हटाया गया था, इस कारण कुछ ही उड़ानों का संचालन हो पाया।



एयरपोर्ट पर कम संख्या में यात्री

बुधवार की रात 8 बजे तक की उड़ानों पर एक नजर डालें तो मुम्बई से एयर इंडिया की 1 उड़ान, स्पाइस जेट की 2 उड़ानें कोलकाता आयी हैं। वहीं दिल्ली से स्पाइस जेट की 2 उड़ानें आयी हैं। कोलकाता से मुम्बई के लिए गो फर्स्ट की 1 उड़ान तथा स्पाइस जेट की 2 उड़ानों का संचालन किया गया। कोलकाता से दिल्ली के लिए स्पाइस जेट ने एक उड़ान का संचालन किया। इन स्थानों के बीच कुल 9 उड़ानों का संचालन हुआ है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार को राज्य सरकार की ओर से बुधवार को दिल्ली व मुम्बई से आने वाली उड़ानों पर लगाए गये प्रतिबंध को वापस ले लिया गया लेकिन यह अंतिम क्षणों में लिया गया था, इस कारण काफी उड़ानें रद्द ही रहीं।

**इंडिगो ने नहीं संचालित की एक भी उड़ान :** कोलकाता से इंडिगो एयरलाइंस ने दोनों स्थानों के लिए एक भी उड़ान संचालित नहीं की। इसका कारण एयरलाइंस की ओर से बताया गया है कि अंतिम क्षणों में राज्य सरकार द्वारा निर्णय वापस लेने के कारण उनके पास इतना समय नहीं था कि फिर से उड़ानों की रिशेड्यूलिंग कर पाएं। इंडिगो के लिए कोलकाता एयरपोर्ट एक हब है। कोलकाता से इंडिगो एयरलाइंस सबसे अधिक उड़ानों का संचालन करती है। ऐसे में बुधवार को उड़ान में हेरफेर करने पर विमानों की रुटिंग में समस्या उत्पन्न हो जाती, इसलिए दिल्ली व मुम्बई के लिए कोलकाता से भी एक भी उड़ान संचालित नहीं की गयी। इस बारे में ट्रैवेल एजेंट्स एसोसियेशन ऑफ इंडिया, ईस्ट के सेक्रेटरी व एयरकॉम ट्रैवेल्स के चेयरमैन **अंजनी धानुका** ने बताया कि कोलकाता से दिल्ली व मुम्बई के लिए 40 से अधिक उड़ानों का संचालन किया जाता है। इसमें इंडिगो के अलावा एयर एशिया ने भी सभी उड़ानों को रद्द रखा था।

**आंशिक प्रतिबंध से यात्रियों की संख्या में 20 हजार की कमी**

कोलकाता में आने वाली उड़ानों पर लगाए गये आंशिक प्रतिबंधों का असर ऐसा हुआ कि अब अचानक एयरपोर्ट पर 20000 से ज्यादा के यात्रियों की संख्या में गिरावट हो गयी। मंगलवार को कुल 14000 के करीब यात्रियों ने कोलकाता से उड़ान ली थी। अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो देखा जा सकता है कि 25 दिसंबर तक यात्रियों की संख्या 50 हजार से ऊपर थी जिनमें आने व यहां से जाने वाले यात्री शामिल थे। उक्त आंकड़ा अब कम होकर 25 से 30 हजार तक वापस लुढ़क गये हैं। इससे अब फिर से एयरपोर्ट की रौनक कम हो गयी है। कोरोना काल में अन्य स्थानों पर भी यात्री यात्रा करने से बच रहे हैं। बागडोगरा जाने वाले **डॉ. बिनोद सिंह** ने बताया कि उन्होंने अपने टिकट रद्द कर दिये हैं। वहीं हाई कोर्ट की एडवोकेट **बिमला सिंह** ने बताया कि अभी कोरोना के मामले इतने अधिक बढ़ गये हैं कि इस हालत में कहीं भी यात्रा करना खतरे से खाली नहीं है।

# गंगासागर मेला के बाबत निर्णायक फैसला आज

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** गंगासागर मेला के बाबत हाई कोर्ट के **चीफ जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और जस्टिस केशांग दोमा भूटिया** के डिविजन बेंच का निर्णायक फैसला वृहस्पतिवार को आएगा। कोविड के बढ़ते हुए संक्रमण का हवाला देते हुए गंगासागर मेला पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। एडवोकेट जनरल ने बुधवार को मामले की सुनवायी के दौरान राज्य सरकार का पक्ष रखने के लिए वृहस्पतिवार तक का समय देने की अपील की तो कोर्ट इस पर सहमत हो गया।**एडवोकेट सूर्यनील दास** ने यह जानकारी देते हुए बताया कि **डॉ. अभिनन्दन मंडल** ने यह पीआईएल दायर की है। डिविजन बेंच ने अपने आदेश में कहा है कि कोविड के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर राज्य सरकार मेला पर पाबंदी लगाने के बाबत दायर इस पीआईएल पर निम्नोक्त बिंदुओं के साये में गंभीरता से विचार करेगी। पूर्व में इस कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि धार्मिक क्रियाकलाप, विश्वास और आस्था के मुकाबले जीवन हर मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है। जब संक्रमित पुण्यार्थी गंगासागर में डुबकी लगाएंगे तो उनके मुंह और नाक से निकलने वाला लार्वा पानी में फैल जाएगा। इस तरह कोविड का संक्रमण तेजी से फैलेगा। यहां सवाल सिर्फ पुण्यार्थियों की सुरक्षा का ही नहीं है। उनका भी है जो उनके संपर्क में आएंगे और उनके प्रबंधन में लगाए जाने वाले पुलिस के जवान और स्वास्थ्य सेवा कर्मचारी भी प्रभावित होंगे। राज्य सरकार फैसला लेते समय इस बात पर भी गौर करेगी कि पिछले 24 घंटे में कोविड से प्रभावित लोगों की संख्या में 50 फीसदी वृद्धि हुई है। इसके साथ ही इस बात पर भी गौर करेगी कि काफी तादाद में डॉक्टर भी कोविड से संक्रमित हुए हैं।

# आयकर, सीबीआई व ईडी सहित जांच एजेंसियों के दर्जनों अधिकारी व कर्मी कोरोना संक्रमित

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** कोलकाता में कोरोना का काला साया जांच एजेंसियों पर भी अब दिखने लगा है। कोरोना के बढ़ते हुए लगातार मामलों की चपेट में जांच एजेंसियों के अधिकारी व कर्मी भी आने लगे हैं। इनमें आयकर, सीबीआई व ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों के नाम शामिल हैं जहां के दर्जनों अधिकारी व कर्मी कोरोना संक्रमित हो चुके हैं तथा फिलहाल आइसोलेशन में रह रहे हैं। यही कारण है कि ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों ने कर्मियों को केन्द्र सरकार की गाइडलाइन्स के आधार पर वर्क फ्रॉम होम करने की भी अनुमति दी है। आयकर सूत्रों के मुताबिक फिलहाल अभी कोई भी छापामारी नहीं की जा रही है।

### कई कर रहे हैं वर्क फ्रॉम होम

अगर कोई पुख्ता सबूत या फिर बड़ा मामला होने पर ही कार्रवाई की जाएगी, वह भी कुछ दिन समय लगेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि काफी संख्या में आयकर कर्मी संक्रमित हो चुके हैं। यही हाल सीबीआई कार्यालय का भी है। काफी कम मामलों में फिजिकल अपियरेंस लिया जा रहा है। अधिकतर मामलों में ईमेल व फोन के जरिये दस्तावेज व जवाब मांगे जा रहे हैं। ईडी की टीम ने तो कर्मियों को केन्द्र सरकार की गाइडलाइन्स के तहत वर्क फ्राम होम करने की इजाजत दी है लेकिन डीडी से नीचे रैंक वालों को प्रत्येक दूसरे दिन वर्क फ्राम होम करने की इजाजत मिली है। वहीं डीडी रैंक के अधिकारी प्रतिदिन कार्यालय आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डीआरआई, कस्टम्स तथा इमिग्रेशन आदि में भी कोरोना का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इससे काफी अधिकारी व कर्मी प्रभावित हो रखे हैं।

# राज्य में मतदाताओं की संख्या 7 करोड़ 43 लाख 810 हुई

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** राज्य की संशोधित मतदाता सूची बुधवार को जारी कर दी गई। 2022 की संशोधित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार राज्य के 294 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की कुल संख्या 7 करोड़ 43 लाख 810 हो गई है। इनमें 3 करोड़ 78 लाख 351 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या 3 करोड़ 64 लाख 98 हजार 817 है। थर्ड जेंडर मतदाता 1,642 हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक बयान में कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य निर्बाध रूप से जारी रहेगा। यदि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूट जाता है, तो वह निर्वाचन आयोग के विशिष्ट टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकता है। कुल सर्विस इलेक्टर की संख्या 1,14,795 है। इस बार 16,13,721 नए मतदाताओं के नाम जुड़े हैं। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के बाद 1 जनवरी 2022 के संदर्भ में सतत अद्यतनीकरण कार्यक्रम की अवधि शुरू होती है। लगातार अपडेशन प्रोग्राम के तहत, यदि कोई अन्य पात्र है, तो मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पश्चिम बंगाल का कहना है कि चुनावी स्थिति एक निर्वाचक निम्नलिखित में से किसी भी माध्यम से निर्वाचक नामावली में विधानसभा क्षेत्र, मतदान केंद्र, उसके भाग और क्रमांक के विवरण की जांच कर सकता है।

**पुरुष मतदाता**
**3,78,00,351**

**महिला मतदाता**
**3,64,98,817**

**कुल मतदाता**
**7,43,00,810**

**शिकायत के साथ कर सकते हैं जांच**

-टोल-फ्री हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करें - 1950

-WB()EC()EPIC NO टाइप करें और 51969 पर भेजें- www.ceowestbengal.nic.in पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं।

## केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक के विमान की एमरजेंसी लैंडिंग

**इंदौर/कोलकाता:** इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर एक बड़ा हादसा टल गया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक को इंदौर लेकर आया विमान जब उन्हें छोड़ने के बाद वापस जा रहा था, तब उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद उसका इंजन खराब हो गया। पायलट ने सूचना एयरपोर्ट पर दी और विमान को वापस एयरपोर्ट लाकर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। कूचबिहार सांसद व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री प्रमाणिक दिल्ली से विशेष चार्टर विमान से इंदौर आए थे। उन्हें छोड़ने के बाद विमान को वापस दिल्ली लौटना था।



बड़ाबाजार क्षेत्र में एक बस में यात्रियों को मास्क लगाने के लिए जागरूक करते पुलिसकर्मी

# कोलकाता में रेसिडेंशियल की बिक्री में 62% की तेजी

### साल के दौरान 14,405 आवासीय यूनिट की रिकॉर्ड बिक्री

**कोलकाता :** महामारी और लॉकडाउन से प्रभावित वर्ष होने के बावजूद कोलकाता के बाजार ने साल 2021 के दौरान ऑफिस (कार्यालय) और आवासीय संपत्ति वर्गों के प्रदर्शन में मजबूती दिखाई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता आवासीय बाजार में कैलेंडर वर्ष 2021 के दौरान सालाना आधार पर 62% की तेजी आई और इस दौरान कुल 14,405 आवासीय यूनिट्स की बिक्री दर्ज की गई। नए लॉन्च में भी सालाना आधार पर 81% की तेजी रही और 2021 के दौरान 7,510 यूनिट की लॉन्चिंग की गई है। कैलेंडर वर्ष 2021 के दौरान कुल 0.8 मिलियन वर्ग फुट ऑफिस स्पेस का लेनदेन हुआ है। 2021 में ऑफिस स्पेस में नए 0.6 मिलियन वर्ग फुट का निर्माण पूरा किया गया।नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी प्रमुख अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट का 16वां संस्करण लॉन्च किया जो जुलाई-दिसंबर 2021 (एच2 2021) की अवधि के लिए आठ प्रमुख शहरों में आवासीय और कार्यालय बाजार के प्रदर्शन का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कोलकाता ने कैलेंडर ईयर 2021 के दौरान बिक्री में शानदार वृद्धि देखी, जिसका मुख्य कारण दूसरी छमाही में मजबूत प्रदर्शन था। नतीजतन, 2021 में पिछले पांच वर्षों में प्राथमिक आवासीय बाजार में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। कुल मिलाकर, अधिकतम बिक्री 2021 की दूसरी छमाही में हुई, जिसमें 9,290 आवास इकाइयां शामिल थीं। कोलकाता में 2021 की कुल प्राथमिक बाजार बिक्री का 64% अकेले एच2 2021 में हासिल किया गया था, क्योंकि संपत्ति पंजीकरण के लिए स्टांप शुल्क पर 2% सरकारी छूट ने आवासीय बाजार के कायाकल्प में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दक्षिण और उत्तर सबसे पसंदीदा माइक्रो मार्केट (सूक्ष्म बाजार) बने रहे, जिन्होंने 2021 की दूसरी छमाही में बिक्री में क्रमश: 36% और 27% का योगदान दिया। 2021 की दूसरी छमाही के दौरान कुल बाजार हिस्सेदारी में 64% की हिस्सेदारी के साथ (50 लाख रुपये की संपत्ति अग्रणी स्थान पर रही। शहर के दक्षिणी माइक्रो मार्केट, मसलन डोका और डायमंड हार्बर रोड ने घर खरीदारों को आकर्षित करना जारी रखा। उत्तर कोलकाता के परिधीय क्षेत्र, जैसे कि मध्यमग्राम और दमदम के पास के स्थान भी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑफिस सेक्टर में 2021 की दूसरी छमाही में कोलकाता में ऑफिस स्पेस लेनदेन 0.05 मिलियन वर्ग मीटर (0.5 मिलियन वर्गफूट) दर्ज किया गया। 2021 की दूसरी छमाही में शहर में मजबूत माँग की वापसी होती दिखी और इस वजह से 2021 की चौथी तिमाही में 2021 चारों तिमाहियों का उच्चतम ट्रांजैक्शन वॉल्यूम दर्ज किया गया। 2021 की तीसरी तिमाही के मुकाबले चौथी तिमाही में तिमाही आधार पर 234% की वृद्धि दर्ज की गई।

# कोरोना की रफ्तार चिंता का कारण बनी उम्मीदवारों के लिए

**आनंद मोहन झा**

**विधाननगर:** विधाननगर कॉरपोरेशन इलाके में 3 जनवरी तक 1 सप्ताह के भीतर 200 से अधिक लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं, जो चिंता का कारण बन गये हैं। इस बीच विधाननगर कॉरपोरेशन इलाके में 21 माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाये गये हैं। वहां के लोग बाहर ना निकलें एवं बाहर के लोग कंटेनमेंट जोन में

### डोर टू डोर के साथ ही ऑनलाइन प्रचार पर भी जोर

ना जाएं, इसलिए पुलिस द्वारा प्रचार भी किया जा रहा है, पर चुनाव का मौसम होने के कारण सभी उम्मीदवार घर-घर जाकर प्रचार करना चाहते हैं। राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी नई गाइडलाइंस के अनुसार उम्मीदवार सिर्फ 5 व्यक्ति को लेकर ही चुनाव प्रचार कर सकते हैं। कोई बड़ी सभा या जुलूस नहीं किया जाएगा। इस तरह का निर्देश दिया गया है, लेकिन कोरोना की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए हर उम्मीदवार चिंतित हैं कि किस तरह लोगों की जिंदगी बचे। विधाननगर नगर निगम 39 नंबर वार्ड के तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार राजेश चिड़ीमार ने



विधाननगर के उम्मीदवार डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाते हुए

वार्ड के दत्ता बाद इलाके में घर-घर जाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। इसके साथ प्रतिदिन वार्ड के लोगों से फोन एवं ऑनलाइन के माध्यम से चुनाव प्रचार वह कर कर रहे हैं। खासकर जिस ब्लॉक में कोरोना संक्रमण की मात्रा अधिक है, वहां पर इस तरह के प्रचार माध्यमों से लोगों से वे जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि सबसे पहले वोटरों की जिंदगी को ही प्राथमिकता दी जा रही है, इसलिए जिधर-जिधर कोरोना संक्रमण की मात्रा अधिक रहेगी, उस इलाके में ऑनलाइन के माध्यम से अथवा फोन कर लोगों से जुड़ेंगे।

उक्त वार्ड के भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार सौम्यदीप भट्टाचार्य ने बताया कि जो लोग कोविड संक्रमित हैं, चुनाव आयोग उन लोगों के लिए भी मतदान की व्यवस्था करे। साथ ही वे कोरोना संक्रमण वाले इलाके में लोगों से फोन अथवा ऑनलाइन के माध्यम से जुड़ेंगे एवं चुनाव प्रचार करेंगे।

# ईडी को दिल्ली तलब करने का अधिकार नहीं : अभिषेक बनर्जी ने हाई कोर्ट को बताया

**सन्मार्ग संवाददाता**

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद **अभिषेक बनर्जी** ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय के पास पश्चिम बंगाल में एक कथित कोयला घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में उन्हें दिल्ली में तलब करने का कोई अधिकार नहीं है। वरिष्ठ वकील **कपिल सिब्बल** के प्रतिनिधित्व वाले बनर्जी ने न्यायमूर्ति भटनागर से कहा कि एजेंसी को उनसे पूछताछ के लिए कोलकाता आना चाहिए। पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को रद्द करने की मांग करने वाले सांसद और उनकी पत्नी की याचिका पर उन्होंने अपनी बातें रखीं। सिब्बल ने तर्क दिया कि

### अगली सुनवायी 10 को

ईडी, जिसका कोलकाता में एक क्षेत्रीय कार्यालय है, किसी भी व्यक्ति को भारत में किसी भी स्थान पर नहीं बुला सकता है और इस बात पर जोर दिया कि यह कोलकाता की अदालतों के अधिकार क्षेत्र का मामला है। जांच के उद्देश्य से लोगों को कहीं भी बुलाने का कोई प्रावधान नहीं है। आप एक ऐसे व्यक्ति को कैसे कह सकते हैं, जो यह नहीं जानता कि वह आरोपी है या गवाह कि वह दिल्ली आकर सबूत दे। वरिष्ठ वकील ने कहा कि विभिन्न तारीखों पर पेश होने के लिए समन संसद सदस्य होने के कारण उनके दिल्ली स्थित आवंटित आवास में पहुंचा दिया गया था। न्यायाधीश ने मामले को आगे की सुनवायी के लिए 10 जनवरी को सूचीबद्ध किया।

# 4 नगर निगमों के चुनाव में सुरक्षा के तहत पुलिस पर ही भरोसा

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** राज्य के 4 नगर निगमों के लिए 22 जनवरी को वोटिंग होगी। राज्य चुनाव आयोग के सूत्रों की मानें तो चुनाव में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य पुलिस को ही आयोग देना चाहता है। मुख्य सचिव एच.के.द्विवेदी, गृह सचिव बी.पी.गोपालिका, राज्य पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय, एडीजी

**■ हर बूथ पर सशस्त्र पुलिस बल**

कानून व्यवस्था और पुलिस आयुक्तों ने बुधवार को चुनाव आयोग के साथ बैठक कर चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक के बाद आयोग ने बताया कि वे नगर निगम में चुनाव में सुरक्षा मुहैया कराने के लिए राज्य पुलिस पर निर्भर हैं। हर बूथ पर सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेगी। बूथ से सटे इलाके में भी सशस्त्र पुलिस रहेगी। बैठक का नेतृत्व राज्य चुनाव आयोग के चुनाव आयुक्त सौरव दास ने किया। बैठक वर्चुअल की गई।

बैठक के दौरान आयोग की ओर से राज्य सरकार को बताया गया कि वे राज्य पुलिस की मदद से 4 नगर निगमों का वोट दिलवाना चाहते हैं, इसके लिए जरूरी इंतजाम करने होंगे। अब सरकार को आयोग को 6 जनवरी तक सूचित करना है कि राज्य सरकार इसके लिए कितना पुलिस बल उपलब्ध करा सकती है। एक बार बलों का मुद्दा स्पष्ट हो जाने पर आयोग तय करेगा कि एक नगर निगम में कितने पुलिस बल होंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को चंदननगर, विधाननगर, आसनसोल और सिलीगुड़ी नगर निगम में मतदान होगा।

**राज्य पुलिस पर विश्वास :** राज्य चुनाव आयोग ने आगामी नगर निगम चुनावों में केंद्रीय बलों पर अभी फैसला नहीं किया है। आयोग के मुताबिक राज्य पुलिस के डीजी और एडीजी कानून-व्यवस्था रिपोर्ट देंगे तो ही इस बात पर निर्भर करेगा कि केंद्रीय बल की जरूरत है या नहीं। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, हर मतदान केंद्र पर सशस्त्र सुरक्षा बल रहेंगे।

# 1.5 करोड़ के सोने के साथ 3 तस्कर पकड़ाए

**सन्मार्ग संवाददाता**

**उत्तर 24 परगना :** बीएसएफ के जवानों ने 1.55 करोड़ के सोने के बिस्कुटों के साथ 3 तस्कर को पकड़ा है। तस्कर सोने के बिस्किटों को उत्तर 24 परगना जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश से भारत मे लाने की कोशिश कर रहे थे।

### बांग्लादेश से भारत मे लाने की कोशिश

तस्कर सोने के बिस्किटों को उत्तर 24 परगना जिले के सीमावर्ती क्षेत्र से तस्करी के माध्यम से बांग्लादेश से भारत मे लाने की कोशिश कर रहे थे।



जब्त किया गया डेढ़ करोड़ का सोना, साथ में पकड़े गये तस्कर

पहले मामले में आईसीपी पेट्रापोल ,179 वीं वाहिनी, सेक्टर कोलकाता के जवान ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास घात लगाया तथा आईसीपी के अंदर रेलवे क्रासिंग के पास एक अपाची बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को आते देखा जो कार्गो कॉम्प्लेक्स की तरफ से पेट्रापोल बाजार की तरफ जाने की कोशिश कर रहे थे। जवानों ने जब उन्हें रोक कर तलाशी ली तो तस्करों ने अचानक भागने की कोशिश की लेकिन मुस्तैद जवानों ने बिना कोई मौक़ा दिए दोनों तस्करों को पकड़ लिया। जब बीएसएफ के जवानों ने आधुनिक उपकरण (मेटल डिटेक्टर) की मदद से उसकी दोनों तस्करों की तलाशी ली तो उनके पास से 2.9 किलो सोने के (15 बिस्किट और 1 बार) के बिस्किट बरामद किये। अन्य घटना में सीमा चौंकी गोबर्धा, 153 वीं वाहिनी के जवानों ने एक संग्दिध व्यक्ति को देखा जो की साइकिल से बदुरिया मार्किट की तरफ जा रहा था। जवानों ने उस व्यक्ति का पीछा किया और उसे रुकने के लिए बोला परन्तु सीमा सुरक्षा बल के जवानों को देखते ही उसने सोने के 2 बिस्कुट रोड पर फेंक दिए और वहां से भागने लगा लेकिन जवानों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया। जब्त सोने के बिस्किट का वजन 232 ग्राम है। तीनों को जब्त सोने के बिस्कुटों के साथ आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए संबंधित कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है।

# 'सब कुछ खुल सकता है तो पार्लर क्यों नहीं ?'

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता :** अगर सब कुछ खुल सकता है तो फिर ब्यूटी पार्लर क्यों नहीं ? राज्य सरकार द्वारा हाल में कोविड को लेकर पाबंदियां जारी की गयी थीं। इसके तहत शॉपिंग मॉल, मार्केट कॉम्प्लेक्स आदि तो 50% क्षमता के साथ खोले जाने की बात कही गयी, लेकिन जिम, स्पा, पार्लर, सैलून, स्विमिंग पूल आदि पूरी तरह बंद कर दिये गये। ऐसे में ब्यूटी पार्लर वालों पर फिर एक बार गाज गिरी है और पार्लर वालों का कहना है कि जब सब कुछ खुल सकता है पार्लर में क्या समस्या है ? क्या पूरा कोरोना केवल पार्लरों में ही है ? इसे लेकर सैलून एण्ड स्पा वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य आज यानी गुरुवार को केएमसी के मेयर **फिरहाद हकीम** से मुलाकात करेंगे और अन्य चीजों की भांति ब्यूटी पार्लर खोलने की मांग की जाएगी। इस बारे में एसोसिएशन की सेक्रेटरी **अर्चना मिश्रा** ने कहा कि नियमों के तहत जो भी गाइडलाइन जारी होगी, उसका हम पालन करेंगे, लेकिन पूरी तरह लॉकडाउन के हम खिलाफ हैं। दूसरे राज्यों में भी वीकेंड कर्फ्यू है, शाम के बाद दुकानें बंद की जा रही हैं, लेकिन पूरी तरह लॉकडाउन कहीं नहीं हैं। ऐसे में किस आधार पर केवल स्पा, सैलून, जिम व पार्लर जैसी चीजें ही बंद की गयी हैं ? इसे लेकर हमने मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्रियों को भी चिट्ठी दी है। इसी तरह अपनी कुछ सदस्यों के साथ

**■ अब ब्यूटी पार्लर वालों ने की पार्लर खुलवाने की मांग**

भवानीपुर के एक ब्यूटी पार्लर की ओनर **संगीता कोन्नार** भवानीपुर थाने के सामने अपनी शिकायत लेकर पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब सब कुछ खुला रह सकता है तो ब्यूटी पार्लर में क्या समस्या है। आखिर क्यों पार्लर पर ही निशाना साधा जा रहा है। राज्य सरकार का ये रवैया हम जैसे लोगों के लिए बिल्कुल ठीक नहीं है। समस्या इतनी बढ़ जाती है कि अपने सदस्यों को वेतन भी देना मुश्किल हो जाता है। अन्य चीजों की तरह ब्यूटी पार्लर भी खोले जाने चाहिये।

मेट्रो : मेट्रो रेलवे का 'नो मास्क, नो मेट्रो' अभियान



## सरकारी एडेड कॉलेजों में कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा कमिशन

**कोलकाता :** सरकारी एडेड कॉलेजों में कर्मचारियों की नियुक्ति अब कमिशन द्वारा की जाएगी। इसे लेकर राज्य शिक्षा विभाग की ओर से निर्देशिका जारी की गयी है। इसमें बताया गया है कि अब तक इन कर्मचारियों की नियुक्ति स्कूल परिचालन कमेटी द्वारा की जाती थी। अब से कॉलेज सर्विस क मिशन के मार्फत ही इन कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। सिर्फ कॉलेजों में ही नहीं बल्कि शिक्षा कर्मियों की नियुक्ति हर जगह इसी कमिशन के जरिये होगी।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## बढ़ रहे मामले, सेफ होम तैयार रख रहा निगम

**कोलकाता:** महानगर में बेकाबू हो रहे कोविड को देखते हुए कोलकाता नगर निगम सेफ होम को तैयार रख रहा है। जैसे-जैसे पीड़ितों की संख्या बढ़ती जा रही है, सेफ होम को फिर से खोला जा रहा है। कोलकाता में 3 सेफ होम में बेड की संख्या 350 है। इनमें से सबसे बड़ा बाइपास से लगा सेफ होम है। यहां 200 बेड हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के दो अधिकारी पहले ही पूरे मामले का निरीक्षण कर चुके हैं। बेड का बुनियादी ढांचा, काम की गुणवत्ता, साफ-सफाई- इन सबकी जांच की गई। राज्य कार्यालय के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने भी दौरा किया। एक और सेफ होम कसबा के गीतांजलि स्टेडियम में है। यह सेफ होम बंद था। लेकिन जैसे-जैसे संक्रमण फिर से बढ़ा है, यह खुल गया है। गीतांजलि स्टेडियम में 100 बेड हैं। इसे पहले ही साफ कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य भवन की ओर से डॉक्टरों और नर्सों ने इस सेफ होम की कमान संभाली है। कोलकाता में तीसरा सेफ होम उत्तर कोलकाता में है।

## आनंदलोक अस्पताल के कर्णधार डीके सराफ की सेवा को सभी ने सराहा



- देव कुमार सराफ के जन्मदिन पर जरूरतमंदों की सेवा

**सन्मार्ग संवाददाता**

**कोलकाता:** भले ही शारीरिक रूप से बुजुर्ग हो गए हैं, लेकिन समाज सेवा की भावना में आज भी वह किसी युवा से कम नहीं हैं। इसलिए उनकी समाज सेवा की भावना को सलाम करते हुए आनंदलोक अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा देव कुमार सराफ का 82वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। आनंदलोक अस्पताल प्रांगण के सामने जहां उनके जन्मदिवस पर 8000 लोगों को मुफ्त बर्तन व खाद्य सामग्री प्रदान की गई, वहीं एक रक्तदान शिविर में करीब 80 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में विधाननगर के पूर्व मेयर व वर्तमान विधाननगर नगर निगम 31 नंबर वार्ड के तृणमूल प्रत्याशी सब्यसाची दत्त, उद्योगपति महेश गोयल, रमेश नागालिया, उमाशंकर खेमका सहित परिवार के लोग भी शामिल हुए। इसके साथ ही आनंदलोक अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा उन्हें फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया। देव कुमार सराफ ने केक काटकर जन्मदिन पालन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सब्यसाची दत्त ने कहा कि अस्पताल में स्वास्थ्य साथी कार्ड को लागू करने के लिए जो पहल करनी होगी वह करेंगे।

## बाजार ने दिखाया 1 रुपए के सिक्के को बाहर का रास्ता

- तो फिर किसी भी वस्तु की न्यूनतम कीमत दो रुपए होगी

**जितेन्द्र सिंह**

**कोलकाता :** एक रुपए के छोटे सिक्के की सूरत लोगों को रास नहीं आती है। अगर कोलकाता महानगर को छोड़ दे तो जिलों में लोग इसे लेते ही नहीं हैं। इतना ही नहीं अगर महानगर में किसी को एक रुपए के तीन-चार सिक्के एक साथ दे दें तो वह नाक भौं सिकोड़ने लगता है। अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या एक रुपए का सिक्का बाजार से बाहर हो जाएगा। यही हकीकत है, क्योंकि बाजार ने एक रुपए के सिक्के को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। अब यह बात दीगर है कि सरकारी स्तर पर यह प्रचलन में बना हुआ है। यह स्थिति सिक्के के मेटालिक वैल्यू (धातु मुल्य) और फेस वैल्यू (मुखौटा मूल्य) के बीच टकराव के कारण बनी है। अगर सिक्के का मेटालिक वैल्यू फेस वैल्यू से अधिक हो जाए तो वह बाजार से बाहर हो जाता है। मसलन एक रुपए के नये सिक्के का वजन 3 ग्राम 790 मिलीग्राम है, जबकि एक रुपए के पुराने सिक्के का वजन 6 ग्राम हुआ करता था। मजे की बात तो यह है कि एक जमाने में 25 पैसे के सिक्के का वजन तीन ग्राम हुआ करता था। मौजूदा दौर में एक रुपए के सिक्के का वजन पुराने जमाने के 25 पैसे के सिक्के के मुकाबले थोड़ा ही ज्यादा है। एक जमाना था जब बाजार में एक रुपए के सिक्के के साथ ही 50 और 25 पैसे के सिक्के भी प्रचलन में हुआ करते थे। पर धीरे-धीरे वे गायब हो गए। इसके लिए सरकार को कोई अधिसूचना नहीं जारी करनी पड़ती है। बाजार खुद ही फैसला करता है।

**अर्थनीतिविद अभिरूप सरकार** कहते हैं कि यह स्थिति मुद्रास्फीति के कारण बनती है। मुद्रास्फीति के कारण जब वस्तुओं की कीमत बढ़ने लगती है तो धातु भी महंगा हो जाता है। इस वजह से सिक्का अपना मूल्य खो बैठता है। अभिरूप सरकार कहते हैं कि पचास पैसे को ही लें, क्या बाजार में आज की तारीख में पचास पैसे में कोई चीज मिलती है।

# कोरोना पर प्राथमिक कदम ही उठा रही हैं बैरकपुर अंचल की पालिकाएं

### विधायक, पालिका प्रशासक के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी तक हैं कोरोना की चपेट में

**निधि गुप्ता**

**बैरकपुर :** कोलकाता महानगर के बाद उत्तर 24 परगना जिले में ही कोरोना संक्रमण के मामले सबसे अधिक हैं और रोजाना जिले में औसतन हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं, इस स्थिति में जिले का बैरकपुर अंचल भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं है। खुद बैरकपुर के विधायक **राज चक्रवर्ती**, बारानगर की पालिका प्रशासक **अपर्णा मौलिक** व पानीहाटी स्टेट जनरल अस्पताल के सुपर भी कोराना संक्रमित हो चुके हैं। वहीं देखा जा रहा है कि बैरकपुर, बारानगर, उत्तर दमदम, खड़दह को छोड़कर अंचल की ज्यादातर पालिकाओं ने अब तक कहीं भी माइक्रो कंटेनमेंट जोन या कंटेनमेंट जोन नहीं बनाया है और ना ही कहीं सेफ होम आदि की व्यवस्था ही की गयी है। बैरकपुर के महकमा शासक **अभ्र अधिकारी** ने कहा कि प्रशासन की ओर से पालिकाओं को पहले ही सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये जा चुके हैं। अस्पताल में फिलहाल मरीजों के लिए पर्याप्त बेड की व्यवस्था की गयी है और आगे की परिस्थितियों को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ायी भी जायेगी।

**क्या कहना है कोविड परिस्थितियों को लेकर पालिका प्रशासकों का :** भाटपाड़ा पालिका के प्रशासक **गोपाल राउत** ने कहा कि भाटपाड़ा पालिका क्षेत्र में फिलहाल किसी भी वार्ड में 5 से अधिक संक्रमित मरीज नहीं मिले हैं अत: यहां कंटेनमेंट जोन बनाने की स्थिति नहीं है मगर कोविड मरीजों को लेकर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी यहां विशेष नजर रख रहे हैं। गारुलिया पालिका के प्रशासक **रमेन दास** ने कहा कि गारुलिया में परिस्थितियां फिलहाल काबू में हैं मगर प्रत्येक वार्ड में सैनिटाइजेशन और कोविड गाइनलाइन को मानने के लिए माइकिंग कर लोगों को जागरूक करने, भीड़ इकट्ठा नहीं होने देने जैसे प्राथमिक उपाय किये जा रहे हैं। पानीहाटी पालिका के उप प्रशासक **सोमनाथ दे** ने कहा कि कोविड को लेकर कंटेंनमेंट जोन बनाकर हव्वा फैलाने का काम नहीं कर पालिका कोविड मरीजों के परिवारवालों के पास सीधे पहुंचकर उन्हें आवश्यक मदद दे रही है। साथ ही उस इलाके में माइकिंग कर लोगों को इसकी जानकारी देकर सचेत किया जा रहा है। टीटागढ़ पालिका प्रशासक मंडली के सदस्य **ओम प्रकाश साव** ने कहा कि टीटागढ़ के केवल एक वार्ड में कोविड संक्रमित मरीज पाया गया है अत: इसे ही गंभीरता से लेते हुए हमने उस इलाके में सैनिटाइजेशन करवाया है।

**क्या कहना है बैरकपुर के सीपी का :** बैरकपुर कमिश्नरेट के सीपी **मनोज वर्मा** ने कहा कि बैरकपुर अंचल में 17 कंटेनमेंट जोन की घोषणा की गयी है जहां पुलिस प्रशासन की विशेष नजरदारी है। वहीं नाका चेकिंग करते हुए पुलिस लोगों पर नजर रख रही है। साथ ही इस बात का ही पूरा ध्यान दिया जा रहा है कि कहीं भी भीड़भाड़ ज्यादा ना हो, लोग मास्क पहनकर ही चलें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में मरीजों के लिए क्या व्यवस्थाएं हैं, कहीं कोई धांधली ना हो इस पर भी पुलिस प्रशासन की कड़ी नजरदारी है।

**फेरी घाटों पर देखी जा रही है भारी लापरवाही :** सरकारी गाइड लाइन के अनुसार 50 प्रतिशत यात्रियों के साथ ही परिवहन सेवा दिये जाने की घोषणा के बावजूद बैरकपुर अंचल के फेरी घाटों पर इन गाइड लाइन का उल्लंघन साफ देखा जा रहा है। शतप्रतिशत यात्रियों को लेकर नौकाएं चलायी जा रही हैं और यहां तक कि मास्क को लेकर भी लोगों की बेपरवाही भी साफ देखी जा रही है।

### एक नजर बैरकपुर अंचल के माइक्रो कंटेन्मेंट जोन पर

**बारानगर :** बारानगर पालिका के वार्ड नंबर 3, 14,15,26, 27, 28 में कुल 6 माइक्रो कंटेन्मेंट जोन हैं।

**कमरहट्टी :** कमरहट्टी पालिका के वार्ड नंबर 21 के एक मकान को माइक्रो कंटेन्मेंट जोन घोषित किया गया है

**बैरकपुर ब्लॉक-2 :** पातुलिया शिव मंदिर में एक घर को माइक्रो कंटेन्मेंट जोन घोषित किया गया है

**पानीहाटी :** पानीहाटी पालिका के वार्ड नंबर 4, 14, 15,25,27, 30, 32,33 में कुल 8 माइक्रो कंटेन्मेंट जोन घोषित किये गये हैं।

**उत्तर दमदम :** उत्तर दमदम पालिका के वार्ड नंबर 13 और 19 में दो मकानों को माइक्रो कंटेन्मेंट जोन के रूप में घोषित कर नजरदारी की जा रही है।

## मेट्रो रेलवे का 'नो मास्क, नो मेट्रो' अभियान



**कोलकाता:** मेट्रो रेलवे लगातार मेट्रो परिसर में 'नो मास्क, नो मेट्रो' जागरूकता अभियान चला रही है। ऑन-ड्यूटी स्टेशन कर्मचारी, आरपीएफ कर्मचारी सभी मेट्रो उपयोगकर्ताओं से अनुरोध कर रहे हैं कि वे कोविड महामारी की तीसरी लहर के मद्देनजर ठीक से मास्क पहनें और अन्य सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। इस जानलेवा बीमारी के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए सभी मेट्रो स्टेशनों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित घोषणाएं भी की जा रही हैं। इस अभियान के एक भाग के रूप में, आरपीएफ कर्मचारियों ने रवींद्र सदन, कालीघाट, नेताजी, मास्टरदा सूर्य सेन, शहीद खुदीराम में ठीक से मास्क पहनने के बारे में जागरूकता कार्यक्रम की व्यवस्था की। ऑन-ड्यूटी आरपीएफ कर्मचारी बिना मास्क के पाए जाने पर किसी भी यात्री को मेट्रो में यात्रा करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। यात्रियों को इस घातक बीमारी के बारे में जागरूक करने और मास्क के सही उपयोग के महत्व का एहसास कराने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर पोस्टर और बैनर भी प्रदर्शित किए गए हैं।

## नॉर्थ बंगाल मेडिकल के प्रिंसिपल सहित कई डॉक्टर कोविड संक्रमित

**सिलीगुड़ी:** उत्तर बंग मेडिकल कालेज सह अस्पताल में बुधवार को दूसरे दिन भी 28 जूनियर डाक्टर, 07 नर्स और 02 स्वास्थ्य कर्मचारी कोरोना पॉजिटिव पाये गये। वहीं नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. इंद्रजीत साहा भी कोविड संक्रमित मिले हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय मल्लिक ने बताया कि एक दिन में 37 कोरोना प्रभावित मिले।

WEST BENGAL TRANSPORT CORPORATION LTD
(Formerly known as W.B.S.T.C. Ltd.)
CIN : U63090WB1989SGC046333
No. 167/Jt. MD/WBSTC
CORRIGENDUM
In tthis newspaper a "NOTICE INVITING E-TENDER" was published on dated 05.01.2022. Instead of Last Date and Time for Submission of tender documents is within 15.01.2022 it should be read as 18.01.2022. All other remain unchanged.
Jt. Managing Director, W.B.T.C. Ltd

ABRIDGED TENDER NOTICE
Tender Id: - 2021_MAD_359358 _1 Dated. 05.01.2022
Tender Ref. No:-03 of 2021-2022
Memo No-MED /SE (W) /416 / W-259/2021 Dated.05.01.2022
Name of work:- Construction of Three Storied Shelter for Urban Homeless Under National Urban Livelihood Mission within Bansberia Municipality . Last date of Bid submission date: - 31.01.2022
Details can be had in the official web site of e-tenders of Govt. of West Bengal https://wbtenders.gov.in
Sd/-
Superintending Engineer (West Circle)
Municipal Engineering Directorate

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़
ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा सं० :-RDSD/RAMGARH/24/2021-22
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :- DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2021-22 | रामगढ़ | रामगढ़ छत्तरमाण्डू के न्यू ऑफिसर्स कॉलोनी में Walkway & beatification of External Area का विकास कार्य। | 27116500.00 | 543000.00 | 10000.00 | (12) बारह माह |

2. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 10.01.2022
4. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 10.01.2022 से दिनांक 17.01.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 18.01.2022 अपराह्न 2.00 बजे को।
6. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय:- ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ दिनांक 19.01.2022 अपराह्न 2.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
8. ई-निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं०- 7250895727, 06553-261524
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* में देखा जा सकता है।
नोट :- 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से- (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
PR 261116 (Rural Work Department) 21-22 (D)

सी.एस.आई.आर. - केन्द्रीय कॉच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
196,राजा एस.सी. मल्लिक रोड, कोलकाता - 700032, वेबसाइट : www.cgcri.res.in
टेंडर संदर्भ सं. GCW/E/15/21-22(W)
टेंडर आईडी : 2022_CSIR_100490_1
कार्य का नाम : 15 टैगोर पार्क, कोलकाता में कार्यालय सहित पूरे सीएसआईआर स्टाफ क्वार्टर कॉम्प्लेक्स (एसआईआरपीए) में दिन-प्रतिदिन विद्युत मरम्मत, संशोधन और नवीनीकरण कार्य। बोली प्रस्तुत करने की अवधि : 06.01.2022 से 17.01.2022 तक।
वेबसाइट : https://etenders.gov.in/eprocure/app

TRAFFIC ADVISORY
Notice is hereby given for the information of public that Park Street Flyover will be closed from 22.00 hrs of 07-01-2022 to 06.00 hrs of 11-01-2022 in connection with the load test on Park Street Flyover, undertaken by the HRBC authority. During closure of the said flyover, movement of vehicular traffic, availing Park Street Flyover, will be regulated in the following manner:
- The Flyover bound traffic (South & North bound) will be debarred from availing Park Street Flyover.
- Both bound vehicles will avail J L Nehru Road for their journey towards North or South.
This will come into force from 22.00 hrs of 07-01-2022 and will continue up to 06.00 hrs of 11-01-2022. Published in the interest of public by HRBC and Kolkata Police.

West Bengal State Rural Development Agency
HOWRAH 2 DIVISION
HOWRAH ZILLA PARISHAD COMPOUND, 10, BIPLABI HAREN GHOSH SARANI, HOWRAH - 711101,
Tele-fax : (033) 26380291, e-mail : wb-how2@pmgsy.nic.in
ABRIDGED NOTICE
NIT No - 08 of 2021-22 dated 05-01-2022
Executive Engineer on behalf of WBSRDA Howrah Division - II invites percentage rate e-tender for 01 no special repair of BGSY work for maintenance upto 21.01.2022 at 15.30 Hours for NIT NO - 08. Details of which may be viewed in the website www.wbtenders.gov.in
Executive Engineer
WBSRDA Howrah Division

सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल बायोलॉजी
4,राजा एस.सी. मल्लिक रोड, जादवपुर, कोलकाता - 700032
संक्षिप्त निविदा सूचना
समर्थ ठेकेदारों / प्रतिष्ठानों से सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान, कोलकाता द्वारा सीएसआईआर आइआइसीबी जादवपुर एवं साल्ट लेक कैंपस के लिए निम्नलिखित सिविल एवं ए.सी. कार्य के लिए ऑनलाइन निविदाएं (ई-निविदाएं) आमंत्रित की जाती हैं :

| क्र. सं. | कार्य का नाम | ई-निविदा आइडी सं. | आनुमानित लागत (₹) |
|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न रुम (फेज-2) का मरम्मत तथा नवीकरण। | 2021_सीएसआईआर_99660_1 | 38.45 लाख |
| 2. | वोल्टास निर्मित विभिन्न मॉडल के स्प्लीट टाईप ए.सी. युनिट (ईन्वर्टर एवं नॉन-ईन्वर्टर) का व्यापक वार्षिक रखरखाव कार्य। | 2021_सीएसआईआर_99253_1 | 10,75,250/- |
| 3. | हिताचि, कैरियार या अन्य निर्मित विभिन्न मॉडल के स्प्लीट टाईप ए.सी. युनिट (ईन्वर्टर एवं नॉन-ईन्वर्टर) का व्यापक वार्षिक रखरखाव कार्य। | 2021_सीएसआईआर_99215_1 | 8,48,042/- |

टिप्पणी: सीपीपी में प्रकाशन की तारीख 3 जनवरी 2022 एवं 4 जनवरी 2022 समय अपराह्न 3.00 बजे। पात्रता मानदंड एवं अन्य जानकारी के बारे में आगे विवरण हेतु कृपया हमारे वेबसाइट www.iicb.res.in/tender.html/ एवं https://etenders. gov.in/eprocure/app का अवलोकन करें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, देवघर
शुद्धि-पत्र
PR 260799 (Road)21-22*D द्वारा प्रकाशित पथ प्रमण्डल, देवघर अन्तर्गत बाराटांड़ से जरमुण्डी पथ (MDR-223) (कुल लम्बाई 32.850 कि0मी0) का मजबूतीकरण कार्य के ई-निविदा प्रसंग संख्या-RCD/ DEOGHAR/1948/2021-22 के स्थान पर ई-निविदा प्रसंग संख्या-RCD/ DEOGHAR/ 1984/ 2021-22 पढ़ा जाय। निविदा की अन्य सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेगी।
कार्यपालक अभियंता,
PR.NO.261106 Road(21-22):D प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, देवघर।

ईएसआई-पीजीआईएमएसआर, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एंड ईएसआईसी हॉस्पिटल एंड ओडीसी (ईजेड),जोका, कोलकाता-700104
डीन, "ऑप्थाल्मोलॉजिकल इम्प्लान्ट्स, इंट्रा ओक्युलर लेंस (आई.ओ.एल.) की आपूर्ति करने हेतु दर ठेका के लिए www.eprocure.gov.in के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के जरिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करता है।"
बोलियों के दाखिल करने की अंतिम तारीख : 19.01.2022 के अप. 2.00 बजे एवं बोली का खोला जाना 20.01.2022 के अप. 2.30 बजे।
आगे विवरण हेतु इच्छुक बोलीदाता www.esic.nic.in, www.eprocure.gov.in देखें, आगे विज्ञप्ति/अद्यतन हेतु, यदि कोई है, मात्र वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
ह/-
डीन

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
3rd Floor, RRDA Building, Pragati Sadan,
Near Kutchery Road, RANCHI 834 002, JHARKHAND.
PH: +91 651 2243203,e-mail: juidcolimited@gmail.com /pdt.juidco@gmail.com, CIN: U45200JH2013SGC001752
NIT No. :- JUIDCO/FOB Nucl Mall/2942/438 Date: 04.01.2022
e-Procurement Notice, Notice Inviting Tender
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Construction of Foot Over Bridge near Nucleus Mall, Circular Road in Ranchi City |
| 2. | Mode of bid submission | Online Tender |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 388.226 Lakhs |
| 4. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs.10,000/- (Rupees Ten Thousand) only (Non-Refundable) Bid Security: Rs.3.90 Lakhs (Rupees Three Lakh Ninety Thousand Only) |
| 5. | Date & Time of publication of Tender on website | 06/01/2022 -Time 15.00 hours |
| 6. | Last Date & Time for Submission of pre bid queries | 12/01/2022- Time 17.00 hours |
| 7. | Date &Time for Pre-bid Meeting | 17/01/2022- Time 13.00 hours 04.2021at 15:00 Hrs. |
| 8. | Last Date & Time for Submission of Online Bids | 27/01/2022- Time 17.00 hours 4.2021 at 17:00 Hrs. |
| 9. | Last Date & Time of Submission of EMD and Tender fee (Hard Copies) | 28/01/2022-Time 17.00 hours |
| 10. | Date & Time of technical bid opening | 28/01/2022- Time 17.30 hours |
| 11. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, 3rd Floor, Pragati Sadan, Kutchery Road. Ranchi-834001. |
| 12. | Helpline no. | +91651- 2225878/ +91-9835165931/ +91-9097114840 |

Note: Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi
PR 261131 Urban Development and Housing(21-22)#D

रेल विद्युतीकरण, गुवाहाटी
क्रमांक-जी.डी.आर.ई.-ई.ल.-जी.एच.वाई.-टेण्डर-21-23 दिनांक-03.01.2022
ई-निविदा नोटिस
उप मुख्य विद्युत अभियंता-II, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, गुवाहाटी के लिए और भारत के राष्ट्रपति की तरफ से सिंगल पैकेट सिस्टम में ओपन ई-निविदा कार्य के लिए आमंत्रित किए जाते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा नंबर और दिनांक | जी.डी.आर.ई.-ई.ल.-जी.एच.वाई.-टेण्डर-21-23 दिनांक : 03.01.2022 |
| 2 | कार्य का नाम-ग्रुप-257 रेलवे विद्युतीकरण परियोजना के तहत, न्यू गुवाहाटी, रेलवे यार्ड में रेलवे विद्युतीकरण कार्य के निष्पादन के लिए एच.टी. और एल.टी. ओवरहेड लाइन का संशोधन कार्य हेतु (चरण-I)। | |
| 3 | निविदा किये जाने अनुभाग | विद्युत विभाग |
| 4 | बोली लगाने के प्रकार | सामान्य निविदा |
| 5 | निविदा के प्रकार | खुला |
| 6 | बोली प्रणाली | एक पैकेट |
| 7 | बोली लगाने की शैली | निविदा के लिए एकल दर |
| 8 | बोली लगाने वाली इकाई | ऊपर / नीचे / सममूल्य |
| 9 | निविदा मूल्य | ₹ 2,31,89,972.16 |
| 10 | बयाना की राशि जमा की जानी है | ₹ 2,66,000.00 |
| 11 | निविदा दस्तावेज की लागत | शून्य |
| 12 | ऑफर की वैधता | खोलने की तारीख से 45 दिन। |
| 13 | समापन की अवधि | पत्र स्वीकृत के मुद्दे से 03 महीने (90 दिन) |
| 14 | ई-निविदा के समापन की तिथि और समय | 25.01.2022 को 12:00 बजे |
| 15 | वेब साइट जहां निविदा सूचना और दस्तावेज का विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

ध्यान दें: क) निविदा के किसी भी परिवर्तन के लिए, कृपया इंटरनेट वेबसाइट / मूल निविदा सूचना के संशोधन के साथ देखें।
ख) रेलवे प्रशासन किसी भी कारण से डाउनलोडिंग सुविधा की किसी भी देरी / कठिनाई / दुर्गमता के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
ग) निविदा खोलने के बाद, किसी भी दस्तावेज / फर्म की तकनीकी और वित्तीय पात्रता और संविधान से संबंधित कोई भी दस्तावेज न तो किसी भी परिस्थिति में न तो पूछा जाएगा और न ही विचार किया जाएगा / माना जाएगा और इस संबंध में कोई दावा या प्रतिनिधित्व, निविदाकर्ता से नहीं होगा। हालांकि, रेलवे के पास प्रस्ताव के साथ निविदाकर्ता द्वारा पहले से प्रस्तुत दस्तावेजों पर कोई स्पष्टीकरण मांगने का अधिकार सुरक्षित है।
उप मुख्य विद्युत अभियंता-II / रे.बी.
गुवाहाटी, रेलवे विद्युतीकरण, गुवाहाटी,
भारत के राष्ट्रपति की तरफ से
पीआर/03/2022 (V) "ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ" www.ireps.gov.in

## दिमागी कसरत

### सुडोकू 5388

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | 2 | |
| 8 | 7 | | 5 | | 2 | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | 3 | | 8 |
| | | 5 | | | 9 | | | 4 |
| 4 | 1 | | | | | | 5 | 7 |
| 9 | | | 4 | | | 8 | | |
| 1 | | 4 | 7 | 9 | | 5 | | 2 |
| | | 3 | 2 | | 5 | | 8 | 6 |
| | 8 | | | | 6 | 7 | | |

9x9 के उपरोक्त खानों में एक से नौ तक के अंक ऐसे भरें ताकि हर कॉलम और उसके हर छोटे खाने में एक नम्बर ही आए। *(उत्तर अगले अंक में)*

### सुडोकू 5387 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 1 | 2 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 | 8 |

### क्रॉसवर्ड 8158 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | | बा | ह | र | | ल | ता | ड़ | ना |
| बा | द | ल | | वि | ज्ञा | प | न | | वि |
| द | | प | रे | वा | | क | | त | क |
| ला | ल | न | | र | च | ना | त्म | क | |
| | च | | बि | | ट | | | रा | ज |
| वि | क | रा | ल | | क | बू | त | र | |
| ना | ना | | ख | ल | ना | | नि | | स |
| य | | प | ना | ह | | त | क | ली | फ |
| क | पू | त | | मा | त | म | | क | र |

### क्रॉसवर्ड 8159

प्रो. भास्कर नन्दनवार



**बायें से दायें -** 2. अनुभव, 5. गिरफ्त, 7. नगर, 9. जान देने को उत्तेजित, 10. शादी, 11. रूबरू, 12. कलंकित, 13. एक इंद्रिय, 14. बोझ, 15. सुंदर, 17. संदेह, 19. शागिर्द, 20. छोर, 21. चरबी, 23. नौक घाट; वेगपूर्वक आघात, 24. निठल्ला, 26. उलटी, 28. केवल, 29. कार्यदिशा, 30. वर्षामेघ, 31. तीर।

**ऊपर से नीचे -** 1. सलाह, 2. सजीला, 3. जलीय अंश (फलों का), 4. सर्वकालीन, 5. थाली में खाना लगाना, 6. सोच-विचार, 8. वायु, 14. बरछा, 15. तरोताजा, 16. पारशी नववर्षारंभ, 18. कटि, 19. संकट की पूर्व सूचना, 20. मुद्रा; ठप्पा; प्रभाव, 22. सजावट की सामग्री, 23. रुपया-पैसा; मालमत्ता, 24. अत्यधिक, 25. दफनाना, 27. अक्ल; बुद्धि, 28. विष्ठा। *(उत्तर : अगले अंक में)*

**कार की भिड़न्त में 4 की मौत :** भीलवाड़ा जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 8 पर रायला थाना क्षेत्र में कार एवं ट्रक की जोरदार भिड़न्त में माता-पिता व बेटे सहित 4 लोगों की मौत हो गयी।

पटना
MAX: 21.0, MIN: 13.0
रांची
MAX: 24.0, MIN: 12.0
जयपुर
MAX: 18.0, MIN: 14.0
लखनऊ
MAX: 21.0, MIN: 14.0

# पाकुड़ में बस-ट्रक में भीषण टक्कर, 16 लोगों की मौत

**पाकुड़ :** जिले में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसे में 16 लोगों की मौत हो गयी जबकि 26 लोग घायल हो गए। घटना अमरापाड़ा थाना इलाके के पड़ेर कोला गांव के पास घटी है। यात्रियों से भरी एक बस और ट्रक में सीधी टक्कर हो गयी है। ट्रक में गैस सिलेंडर लदे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच गयी है। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया है। अमरापाड़ा थाना पुलिस मृतकों और घायलों की पहचान में जुटी हुई है। मरने वालों में महिलाएं भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह लिट्टीपाड़ा-अमड़ापाड़ा मुख्य सड़क पर पडेरकोला की समीप पगला बाबा कंपनी की बस और सिलेन्डर लदी ट्रक सामने से टकरा गयी। तेज रफ्तार से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने ही बस में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी दोनो गाड़ियों में काफी क्षति हो गयी है। टक्कर के बाद बस में सवार लोग सड़क पर आ गिरे। टक्कर का धमाका सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इस घटना में 16 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। घटनास्थल पर उपस्थित लोग चाह कर भी बस में फंसे लोगों की मदद नहीं कर सके। बाद में गैस कटर पहुंचने के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमड़ापाड़ा में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारियों की टीम भी मौके पर पहुंची।




**सीएम ने जताया दु:ख :** पाकुड़ में हुए सड़क दुर्घटना पर सीएम हेमंत सोरेन ने दु:ख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, पाकुड़ से लिट्टीपाड़ा-आमड़ापाड़ा सड़क दुर्घटना की हृदयविदारक खबर से मन अत्यंत व्यथित है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोक संतप्त परिवारों को दु:ख की घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## नीतीश के पिता की प्रतिमा स्थल पर हर साल होगा राजकीय समारोह

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पिता व स्वतंत्रता सेनानी कविराज राम लखन सिंह 'वैद्य' की प्रतिमा स्थल पर अब हर साल राजकीय समारोह होगा। यह समारोह हर साल 17 जनवरी के दिन होगा। बुधवार को आयोजित नीतीश कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा अन्य 5 एजेंडों पर मुहर लगी है। मालूम हो कि मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा स्वतंत्रता सेनानी स्व. कविराज राम लखन सिंह 'वैद्य', शहीद नाथून प्रसाद यादव, स्व. शीलभद्र याजी, स्व. मोगल सिंह और स्व. डुमर प्रसाद सिंह के सम्मान में नगर परिषद क्षेत्र बख्तियारपुर के अंतर्गत स्थापित प्रतिमा स्थल पर हर साल 17 जनवरी को राजकीय समारोह का आयोजन किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

## झारखंड में स्थगित हो सकती जेपीएससी मेंस परीक्षा

**रांची :** झारखंड में कोरोना का असर आगामी दिनों में होने वाली कई परीक्षाओं पर पड़ सकता है। कोरोना के कारण कई परीक्षाएं स्थगित हो सकती है। इसे लेकर संकेत भी मिल रहे हैं। कोरोना का सबसे पहला असरजेपीएससी मेंस की परीक्षा पर पड़ सकता है, जिसे 28 से 30 जनवरी 2022 तक 2 पालियो में आयोजित किया जाना है। झारखंड में 15 जनवरी 2022 तक सभी शैक्षणिक गतिविधि को बंद कर दिया गया है। इसके आगे भी बढ़ाए जाने की आशंका है।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## दुकान में घुसकर 2 सगे भाइयों की हत्या

**बोकारो :** झारखंड के बोकारो में डबल मर्डर की सनसनीखेज वारदात हुई है। चास मुफ्सील थाना क्षेत्र के बिजुलिया गांव में बदमाशों ने दुकान में घुसकर दो भाइयों की हत्या कर दी है। चास पुलिस उपाधीक्षक पुरुषोतम सिंह ने बुधवार को बताया कि बिजुलिया गांव में अरुण महथा (60) और फटिक घेवर (50) छोटी सी दुकान चलाते थे। दोनों भाई रात को अपने दुकान में सोए हुए थे। देर रात घातक हथियारों से दोनों भाइयों के सिर पर बदमाशों ने हमला कर हत्या कर दी।

# बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री समेत नीतीश मंत्रिमंडल के 5 मंत्री कोरोना संक्रमित

**पटना :** बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद और रेणु देवी समेत नीतीश मंत्रिमंडल के 5 सदस्य कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत उनके कैबिनेट के सभी मंत्रियों की मंगलवार कोरोना जांच कराई गई थी। दरअसल नीतीश कैबिनेट की बैठक होनी है। जांच रिपोर्ट आने पर दोनों उप मुख्यमंत्री के अलावा भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी और मद्य निषेध मंत्री सुनील कुमार के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई। नीतीश की अध्यक्षता में होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में सभी मंत्री शामिल होने वाले थे। इसलिए बैठक से पहले सभी मंत्रियों की कोरोना जांच कराई गई थी। जांच रिपोर्ट निगेटिव आने पर ही मंत्रियों को कैबिनेट की बैठक में शामिल होने की इजाजत थी। अब जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है वे ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

**कोरोना मृतकों के परिजनों को साढ़े चार लाख रुपये देगी बिहार सरकार:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में 6 एजेंडों पर मुहर लगी है। नीतीश कैबिनेट की बैठक में फैसला लिया गया है कि कोरोना मृतकों के परिजनों को आकस्मिकता निधि से चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

### सीएम आवास में 50 से ज्यादा कर्मचारी संक्रमित

बिहार में कोरोना की तीसरी लहर के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास में जांच शुरू की गई, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को छोड़कर पिछले 3 दिनों में जनता दरबार और मुख्यमंत्री आवास में 50 से अधिक लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। मालूम हो कि राज्य में कोरोना की चपेट में एक बार फिर आम से लेकर खास तक आ रहे हैं। इससे पहले दोनों उप मुख्यमंत्री और 5 मंत्रियों के संक्रमित होने के बाद अब मुख्यमंत्री आवास पर कोरोना विस्फोट हुआ है। यहां 50 से ज्यादा कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। हांलाकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी जांच की गई है, लेकिन उनकी रिपोर्ट निगेटिव आयी है। बता दें कि पहली और दूसरी लहर में भी मुख्यमंत्री आवास में कोरोना का संक्रमण बड़े पैमाने पर देखने को मिला था, मुख्यमंत्री के परिवार के सदस्य भी कोरोना संक्रमित हो गए थे।



## झारखंड में निवेश के नाम पर 1 अरब रुपये की ठगी

**गढ़वा :** झारखंड के गढ़वा में एक शेयर ब्रोकर ने साधारण लोगों से 100 करोड़ रुपये की ठगी की है। गढ़वा के शेयर ब्रोकर राजू सोनी करीब 200 निवेशकों के 100 करोड़ लेकर फरार हो गया है। ठग राजू ने शेयर मार्केट, कॉमोडिटी स्टॉक एक्सचेंज, म्यूचुअल फंड, गोल्ड मॉर्टगेज आदि के नाम पर लोगों से ठगी की है। पीड़ित उससे रुपये वापस मांग रहे हैं तो वह तरह तरह के बहाने बना रहा है। वहीं कुछ भुक्तभोगियों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## झारखंड में 9वीं कक्षा से ऊपर के छात्रों को मिलेगा लैपटॉप

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने मुलाकात की। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने 9वीं से ऊपर तक के बच्चों के लिए नि:शुल्क लैपटॉप मुहैया कराने का प्रस्ताव सीएम के सामने रखा। दरअसल, कोरोना की बढ़तह रफ्तार से लोग डर रहे हैं। रोकथाम के लिए कई सरकारी फैसले लिए गए हैं। शिक्षण संस्थानों को बंद रखने एवं ऑनलाइन क्लासेस को बेहतर ढंग से सुचारू करने का निर्देश भी अधिकारियों को दी गई है। ताकि बच्चों का पठन-पाठन सुचारू तरीके से चलता रहे। पिछले 2 वर्षों में कई महीने स्कूल कॉलेज बंद रहे। पठन-पाठन प्रभावित हो रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के ऑनलाइन क्लासेस सही तरीके से नहीं चल रहे हैं। इंटरनेट की कमी, मोबाइल ना होना, एक सबसे बड़ी वजह है। इसी बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड मंत्रालय में शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने मुलाकात की। इस दौरानशिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री को 9वीं से ऊपर तक के बच्चों को नि:शुल्क लैपटॉप मुहैया कराने का प्रस्ताव दिया।

## पूर्व डीजी नवदीप सिंह और उनकी पत्नी पर मुकदमा

**जयपुर :** संपत्ति विवाद में फार्म हाउस में गुंडों के साथ जबरन घुसकर धक्का-मुक्की करने के आरोप में पूर्व डीजी नवदीप सिंह और उनकी पत्नी परम नवदीप सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। फार्म हाउस पर मौजूद गार्ड प्रवीण के अनुसार घटना मंगलवार की है। आरोप है कि सामोद थाना इलाके के जाटावाली गांव में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे पूर्व डीजी नवदीप सिंह और उनकी पत्नी परम नवदीप सिंह हरियाणा के 20 से ज्यादा हथियारबंद बदमाशों के साथ फार्म हाउस में जबरन घुसे। बदमाशों ने फार्म हाउस के तारों को काटा और गेट को धक्का मारकर तोड़ दिया।

## आयकर छापों में मिले 100 करोड़ के ट्रांजेक्शन के दस्तावेज

**लखनऊ :** अखिलेश के करीबी माने जाने वाले एसीई के सीएमडी अजय चौधरी के ठिकानों पर दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही। आयकर सूत्रों का कहना है कि चौधरी के यहां अब तक की कार्रवाई में अनेक शैल कंपनियों की जानकारी सामने आई है। ये भी पता चला है कि इन्हीं कंपनियों के जरिए 100 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## जहां सलमान पर हिरण शिकार का आरोप, वहां बनेगा स्मारक

**जोधपुर :** जोधपुर के कांकाणी गांव में 23 वर्ष पूर्व बॉलीवुड के सुपरस्टर सलमान खान पर काले हिरण के शिकार का आरोप लगाया गया। अब उसी जगह पर मारे गए हिरणों के सम्मान में स्मारक बनेगा। रेस्क्यू सेंटर भी बनाया जाएगा। इसे लेकर पहले चरण का काम शुरू हो गया है। स्मारक के लिए पत्थर भी मंगवा लिए गए हैं। यह प्रोजेक्ट एक माह में पूरा करना है। इस पर करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च होंगे। इसके लिए विश्नोई समाज करीब 7 बीघा जमीन पर समाज के 200 लोग जुट कर तैयारी कर रहे हैं।

## साइकिलिस्ट शहनाज परवीन की सड़क हादसे में मौत

**झालावाड़ :** झालावाड़ में बुधवार को सड़क हादसे में महिला साइकिलिस्ट शहनाज परवीन की मौत हो गई। वे सुबह सिटी फोर लेन पर साइकिलिंग कर रही थीं। इस दौरान किसी अज्ञात गाड़ी ने उन्हें कुचल दिया। साथियों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे।

# चुनाव प्रचार पर कोरोना का पहरा, रद्द की जा रही हैं रैलियां-जनसभाएं

### 9 जनवरी को लखनऊ नहीं आएंगे पीएम मोदी, कांग्रेस का मैराथन भी स्थगित

**लखनऊ :** यूपी विधानसभा चुनाव सिर पर है। निर्वाचन आयोग कभी भी चुनाव के तारीखों की घोषणा कर सकता है। इसके मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियां रैलियों और जनसभाओं की मदद से जमकर प्रचार-प्रसार करने में जुटी है। लाखों की संख्या में लोग इकट्ठा हो रहे हैं। लेकिन कोरोना और ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच यह खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों का जमावड़ा बिगड़ती परिस्थितियों को और बद्तर बना देगा। इसे ध्यान में रखते हुए कई राजनेताओं ने फिलहाल चुनावी रैलियों और जनसभाओं को रद्द करने का फैसला लिया है। इसी के मद्देनजर लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 9 जनवरी को होने वाली पीएम मोदी की रैली रद्द कर दी गई है। पीएम मोदी की इस रैली के लिए भाजपा लाखों की संख्या में लोगों को जुटाने की तैयारी कर रही थी।

**भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान भी टाला गया....:** दूसरी तरफ, सीएम योगी की 6 जनवरी को नोएडा में होने वाली सभा को भी फिलहाकर दिया गया है। जन विश्वास रैली के बाद भाजपा 4 जनवरी से बड़े पैमाने पर लाभार्थी संपर्क अभियान की शुरुआत करने वाली थी। अभियान 4 से 8 जनवरी तक चलनी थी। लेकिन कोरोना के असर की वजह से फिलहाल, इसको भी टाल दिया गया है।

**कांग्रेस ने स्थगित किए अपने बड़े कार्यक्रम :** प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी के कार्यक्रमों के रद्द होने के अलावा कांग्रेस ने भी फिलहाल अगले 15 दिनों के लिए अपनी सभी बड़ी रैलियां और कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। यहां तक कि अपने 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' मैराथन को स्थगित कर दिया है। आने वाले दिनों में नोएडा, वाराणसी और राज्यों के कई अन्य जिलों में 7 से 8 मैराथन की योजना बनाई थी।

## यूपी पुलिस में अब बेटियों की भागीदारी ने तस्वीर बदल दी : योगी



लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस लाइन में आयोजित पासिंग आउट परेड की सलामी ली

**लखनऊ :** यूपी पुलिस को 2022 के शुरुआत में ही 15428 महिला-पुरुष आरक्षी (सिपाही) मिले हैं, जो बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग करेंगे। एक साथ प्रदेश में अलग-अलग जिलों में दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया। जिसमें लखनऊ में आयोजित दीक्षांत परेड की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सलामी ली। उन्होंने परेड की सलामी लेने के बाद पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र कहा कि 2017 के पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर राज्य में ही नहीं, देश-दुनिया में प्रश्न खड़े होते थे, लेकिन अब पुलिस में बेटियों की भागीदारी से तस्वीर बदल गयी है। मार्च 2017 में ही हमारी सरकार ने तय किया था कि हम प्रदेश में होने वाली भर्ती प्रकिया में 20 फीसदी महिलाओं और बेटियों को स्थान देंगे, पिछले साढ़े 4 साल में जो भी पुलिस भर्ती हुई, उसमें प्रदेश की बेटियों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की है। कानून व्यवस्था के मोर्चे पर जो प्रदेश 5 वर्ष पहले 'प्रश्न प्रदेश' बना हुआ था, आज वही राज्य 'उत्तर प्रदेश' बना गया है।

## एक परिवार के छह लोगों ने हिंदू-धर्म में की वापसी

**बागपत :** बागपत जनपद में खेकड़ा के गांव मुबारिकपुर में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने ईसाई धर्म अपनाने वाले परिवार की दोबारा हिंदू धर्म में वापसी कराई। यज्ञ और मंत्रोच्चारण के बीच परिवार के सदस्यों ने हिंदू धर्म को अंगीकार किया। जानकारी के मुताबिक, गांव मुबारिकपुर के एक परिवार के 6 लोगों ने कुछ माह पूर्व ईसाई धर्म अपना लिया था। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने परिवार के लोगों से संपर्क कर सनातन धर्म की महत्ता बताई और दोबारा हिंदू धर्म में वापसी के लिए तैयार किया। बुधवार को मंच की ओर से मुबारिकपुर गांव में यज्ञ का आयोजन किया गया।

## पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सपा नेता की गला रेत कर हत्या

**बलरामपुर :** जिले के तुलसीपुर में समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेता एवं तुलसीपुर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष फिरोज (35) की गला रेत कर हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव फैल गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मंगलवार की देर रात फिरोज चुनाव प्रचार कर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते पर घात लगाए बैठे बदमाशों ने तेज हथियार से उनका गला रेत दिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री एस पी यादव अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे और हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। फिरोज तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा के टिकट के प्रबल दावेदार थे।

## नितिन गडकरी ने शृंगवेरपुर में रखी राम वन गमन मार्ग की आधारशिला

**लखनऊ :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को प्रदेश वासियों को नववर्ष की बड़ी सौगात देते हुए शृंगवेरपुर धाम में अयोध्या से रामेश्वरम तक राम वन गमन मार्ग का शिलान्यास किया। मंत्री ने इस अवसर पर 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाली राम जानकी मार्ग की भी घोषणा की। साथ ही 5,169 करोड़ रुपये की लागत से 104 किलोमीटर लंबे चार राष्ट्रीय राजमार्गों का शिलान्यास किया और विभिन्न परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी।

## आयोग चुनावी रैलियों पर लगाये रोक : गहलोत

**जयपुर :** देशभर में तेजी से फैल रहे कोरोना और उसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की रफ्तार को ध्यान में रखते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग से कोरोना के चलते राजनीतिक पार्टियों की रैलियों पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिये बुधवार को यह बात रखी। गहलोत ने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों के कारण चुनाव टाले नहीं जा सकते परंतु कोविड की परिस्थितियों को देखते हुए चुनाव आयोग को राजनीतिक पार्टियों की रैलियों पर अविलंब रोक लगा देनी चाहिए। रैलियों की जगह प्रचार के दूसरे तरीकों का इस्तेमाल होना चाहिए।

**प्रचार के लिए आईटी एवं सोशल मीडिया को बनाए आधार**
गहलोत ने कहा, आज सूचना प्रौद्योगिकी का युग है इसलिए प्रचार भी आईटी एवं सोशल मीडिया आधारित होना चाहिए।



## कजाकिस्तान में तेल ने गिरा दी सरकार, इमरजेंसी लागू

**नूरसुल्तान:** कजाकिस्तान में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन की वजह से सरकार गिर गयी। कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री अस्कर ममिन ने बुधवार को राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव को इस्तीफा भेजा जिसे स्वीकार कर लिया गया। राष्ट्रपति ने अलीखान समाईलोव को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया है। देश में 5 जनवरी से 19 जनवरी तक इमरजेंसी लगा दी गयी है। प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज के साथ आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव ने सरकार का इस्तीफा स्वीकार किया।

कजाकिस्तान में इमरजेंसी के दौरान हथियार, गोला-बारूद और शराब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही आम लोगों से घर में ही रहने की अपील की गई है। राष्ट्रपति ने देश की फाइनेंसियल कैपिटल अल्माटी और मंगिस्टाऊ में भी रात 11 से सुबह 7 बजे तक कर्फ्यू का ऐलान किया है। सरकार को देश में तेल की कीमतों को रेगुलाइज करने का भी आदेश दिया गया है।

देश में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। मंगलवार को सरकार ने एलपीजी की कीमतों पर लगी सीमा हटाकर इसे कंपनियों के हवाले कर दिया था।

# भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की

### संरा की आतंकवाद निरोधी समिति के अध्यक्ष बने टीएस त्रिमूर्ति

**संयुक्त राष्ट्र:** संयुक्त राष्ट्र में मंगलवार को भारत ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। देश के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने 2022 के लिए सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधी समिति (सीटीसी) का अध्यक्ष पद ग्रहण किया। सीटीसी का गठन 9/11 की घटना के बाद 2001 में किया गया था। भारत हालांकि अभी 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है और उसके दो साल का कार्यकाल 31 दिसंबर 2022 को समाप्त होगा। भारत ने एक जनवरी को आंतकवाद निरोधी समिति के कार्यकारी निदेशालय द्वारापारित उस प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया था, जिसमें सदस्य देशों से आतंकी कृत्यों को उनके मोटिवेशन के आधार पर बांटने की प्रवृत्ति के खिलाफ एकजुट रहने की अपील की गयी थी और स्पष्ट किया गया था कि अगर ऐसा होता है तो इससे पूरी दुनिया 9/11 से पहले के काल में पहुंच जायेगी जब अधिकतर समय 'मेरे आतंकवादी' और 'तेरे आतंकवादी' की बेवजह की बहस में ही समय बर्बाद किया गया। प्रस्ताव के पक्ष में मतदान के दौरान भारत ने कहा कि सीटीसी के 2022 के अध्यक्ष के रूप में भारत आतंकवाद से निपटने में संगठन की भूमिका को मजबूती देने के लिए गंभीर प्रयास करेगा और यह भी सुनिश्चित करेगा कि आतंकवाद के खतरे के खिलाफ पूरी दुनिया की प्रतिक्रिया स्पष्ट, अविभाजित और प्रभावी हो।

## पाक में आग लगने से एक ही परिवार के 7 लोग जिन्दा जले

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के टोबा टेक सिंह जिले में स्थित एक दूर-दराज के गांव के एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गयी। यह घटना तब हुई जब सभी लोग सो रहे थे। मरने वालों में पांच लड़यां शामिल हैं।

## 'ऐतिहासिक' रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे ऑस्ट्रेलिया व जापान

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया और जापान रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए गुरुवार को एक 'ऐतिहासिक' समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। हालांकि इस समझौते से चीन नाराज हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा एक डिजिटल सम्मेलन में समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। यह समझौता 'ऑस्ट्रेलियन डिफेंस फोर्स' और 'जापानीज सेल्फ डिफेंस फोर्सेस' के बीच महत्वपूर्ण और जटिल व्यावहारिक संबंधों को मजबूत करेगा। ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका और ब्रिटेन के साथ ऑकस त्रिपक्षीय समझौता किया था।

## अगले हफ्ते मोदी से मिलेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री देउबा

**काठमांडू:** नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अपनी चार दिवसीय भारत यात्रा के तहत अगले सप्ताह वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के दौरान अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। मोदी 10 से 13 जनवरी तक गुजरात में शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। देउबा वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 9 जनवरी को भारत रवाना होंगे। जुलाई में सत्ता संभालने के बाद देउबा की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। देउबा की मोदी के साथ यह दूसरी मुलाकात होगी। इससे पहले नवंबर में ग्लासगो शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच संक्षिप्त मुलाकात हुई थी।



न्यूयॉर्क में कोरोना का टेस्ट कराता एक व्यक्ति

## चीन ने जमींदोज की 99 फुट ऊंची बुद्ध की मूर्ति, भिक्षुओं को जबरन दिखाया

**बीजिंग :** चीनी अधिकारियों ने एक 99 फुट ऊंची बुद्ध प्रतिमा को ध्वस्त कर दिया और बौद्ध भिक्षुओं को इसे देखने के लिए मजबूर किया। रेडियो फ्री एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक मूर्ति को लेकर कुछ आधिकारिक शिकायतें आई थीं जिसमें कहा गया था यह 'बहुत ऊंची' है। लिहाजा अधिकारियों ने ड्रैगो काउंटी स्थित प्रतिमा को नष्ट कर दिया। इसे तोड़ने में 9 दिनों का समय लगा जो 12 दिसंबर से शुरू हुए थे।

रेडियो फ्री एशिया ने सेटेलाइट तस्वीरों से इस ध्वस्तीकरण की पुष्टि की है। यह मूर्ति एक बड़े सफेद छाते के नीचे खड़ी थी जहां पर अब सिर्फ मलबे का ढेर मौजूद है। भारत में रहने वाले एक तिब्बती ने कहा कि यह बिल्कुल 1966-76 की सांस्कृतिक क्रांति जैसा है, जब चीनी सरकार ने तिब्बत में हर पुरानी चीज को नष्ट कर दिया था।

# कोरोना का कहर : हांगकांग ने भारत समेत आठ देशों से उड़ानों पर रोक लगायी

### एक विमान पर सवार करीब 2500 यात्रियों को जांच के लिए रोका




**हांगकांग:** कोविड-19 के ओमीक्रोन स्वरूप के बढ़ते मामलों के मद्देनजर हांगकांग ने बुधवार को भारत और सात अन्य देशों से उड़ानों पर दो सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस, फिलीपीन, ब्रिटेन और अमेरिका से यात्री उड़ानों पर दो सप्ताह का प्रतिबंध रविवार से प्रभावी होगा, जो 21 जनवरी तक लागू रहेगा। हांगकांग की नेता **कैरी लाम** ने घोषणा की है कि शुक्रवार से दो सप्ताह के लिए शाम 6 बजे के बाद रेस्तरां बंद कर दिये जायेंगे। इस अवधि में खेल के मैदान, बार और ब्यूटी सैलून भी बंद रहेंगे। हांगकांग महामारी की एक और 'लहर के कगार' पर पहुंच गया है। मंगलवार को 114 मरीजों के इस स्वरूप से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। इनमें ज्यादातर लोग दूसरे देशों से आये थे। हांगकांग में मंगलवार तक कोविड-19 के कुल 12,690 मामले आ चुके हैं और संक्रमण से 213 लोगों की मौत हुई है। इस बीच, हांगकांग ने एक विमान पर सवार करीब 2500 यात्रियों को जांच के लिए रोकने का फैसला किया। हांगकांग ने जहाज 'रॉयल कैरेबियन स्पेक्ट्रम' पर सवार करीब 2500 लोगों को कोरोना की जांच के लिए रोक रखा है। यात्रा पर निकले जहाज पर नौ यात्रियों के संक्रमित पाये जाने के बाद इसे वापस आने को कह दिया गया। यह जहाज बुधवार को हांगकांग लौट आया और यात्रियों को जांच का परिणाम आने तक जहाज पर ही रहने को कहा गया है।

## पोलैंड के राष्ट्रपति व ब्रिटेन में विपक्ष के नेता दोबारा संक्रमित

**वारसॉ**/लंदन**:** पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रजे डूडा दूसरी बार कोरोना से संक्रमित हो गये हैं।

एक सहयोगी ने बुधवार को बताया कि उनमें संक्रमण के गंभीर लक्षण नहीं हैं। डूडा डॉक्टरों की निगरानी में हैं। 49 वर्षीय डूडा ने कोरोना का टीका लगवाया है और उन्होंने पिछले महीने टीके की बूस्टर खुराक भी लगवायी थी। डूडा इससे पहले अक्टूबर 2020 में संक्रमित हुए थे। वहीं,ब्रिटेन में विपक्ष के नेता सर केर स्टार्मर (59) भी दूसरी बार कोरोना से संक्रमित हो गये हैं और अभी पृथक-वास में हैं। लेबर पार्टी के नेता स्टार्मर इस साल ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमंस' में प्रधानमंत्री के सवाल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के समक्ष उपस्थित नहीं रह सकेंगे। यह दूसरा मौका है, जब स्टार्मर कोरोना संक्रमित होने के चलते संसद के एक महत्वपूर्ण सत्र में शामिल नहीं हो पायेंगे।

## इज़राइल टीके की चौथी खुराक देने पर कर रहा है विचार

**तेल अवीव:** इज़राइल में कोरोना के नये स्वरूप ओमीक्रोन के बाद नये मामलों में इजाफे के बीच कोविड रोधी टीके की चौथी खुराक भी देने पर विचार किया जा रहा है। संक्रमण के नये मामलों ने सरकार को उलझा दिया है और सरकार चंद दिनों में ही नियम बदल रही है। इज़राइल के स्वास्थ्य मंत्रालय के शीर्ष जन स्वास्थ्य अधिकारी शेरॉन अलरॉय-प्रेइस ने इस हफ्ते कहा कि ओमीक्रोन की लहर पर कोई नियंत्रण नहीं है।

## करपात्रीजी के श्रीमुख से

### भगवान तो रससार सर्वस्व हैं।

।। सन्मार्ग एव सर्वत्र पूज्यते नापथ: क्वचित।।

# प्रधानमंत्री से इतनी नफरत?

राजनीति में मतभेद आम बात हैं, लेकिन ये मनभेद नहीं बनने चाहिए। किसी भी राज्य के चुनावी प्रचार अभियान के दौरान पार्टियों द्वारा एक-दूसरे पर तीखे हमले आम बात है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि व्यक्तिगत घृणा पाल ली जाए। किन्तु कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी और उनके समर्थक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कितनी 'नफरत' करते हैं, यह जगजाहिर है। लेकिन बुधवार को जो कांग्रेस के शासन वाले पंजाब में हुआ, वह सोचने पर मजबूर करता है कि ये कैसी राजनीति है, जिसमें देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा ही ताक पर रख दी गई? प्रधानमंत्री मोदी पंजाब के फिरोजपुर में हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास करने सड़क मार्ग से जा रहे थे। जब वे हुसैनीवाला से 30 किलोमीटर (पाकिस्तान सीमा से मात्र 25-30 किलोमीटर) दूर थे तो प्रदर्शनकारियों के कारण एक फ्लाईओवर पर उनका काफिला 20 मिनट तक फंसा रहा। गृह मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा में बड़ी चूक माना है। वहीं, भाजपा ने आरोप लगाया है कि यह कांग्रेस का षड्यंत्र है।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कई सवाल उठाती है, कांग्रेस सरकार पर भी और पंजाब पुलिस पर भी। प्रधानमंत्री का काफिला किस मार्ग से गुजरेगा, इसकी जानकारी केवल पुलिस को होती है। प्रधानमंत्री के काफिले के लिए पंजाब पुलिस महानिदेशक ने हरी झंडी दी थी। इसके बावजूद विरोध करने वालों को कैसे पता चला कि प्रधानमंत्री किस रास्ते से जाएंगे? यदि किसी तरह उन्हें पता चल भी गया तो पुलिस ने उन्हें रास्ता कैसे रोकने दिया? जिस तरह से जाम लगाकर 15-20 मिनट तक प्रधानमंत्री की गाड़ी को फ्लाईओवर पर रोके रखा गया, उस दौरान कोई भी घटना हो जाती तो कौन जिम्मेदार होता?

पंजाब को अस्थिर करने के षड्यंत्र लगातार रचे जा रहे हैं। इसमें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ तो है ही, खालिस्तानी आतंकी भी पंजाब को सुलगाने की कोशिश में जुटे हैं। पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू के पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान और वहां के सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा के साथ करीबी संबंध किसी से छिपे नहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह तो खुलेआम आरोप लगा चुके हैं कि सिद्धू जैसा आदमी पंजाब जैसे सीमाई प्रदेश के लिए बड़ा खतरा है। किसान आंदोलन में जिस तरह खालिस्तानी आंदोलन को हवा दी गई, उसके बाद गुरु ग्रंथ साहिब के अपमान की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिस तरह से पाकिस्तान से ड्रग्स और हथियार भेजे जा रहे हैं, ये सब संकेत हैं कि इसके पीछे बड़ी ताकतें हैं।

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री चन्नी ने फोन तक नहीं उठाया। यदि सच में ऐसा है तो भाजपा का आरोप लगाना सही ही है कि इसके पीछे कांग्रेस का षड्यंत्र है। कांग्रेस की मुखिया सोनिया गांधी और राहुल में जरा-सी भी नैतिकता है तो इस मामले में चन्नी से रिपोर्ट मांगनी चाहिए कि देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक आखिर कैसे हो गई? यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो आम धारणा वही बनेगी जो भाजपा आरोप लगा रही है। मोदी लोकप्रिय हैं, इस सच को कांग्रेस इस तरह की नफरत से झुठला नहीं पाएगी और ऐसी नफरत से उन्हें जो वोट मिलने हैं, वे भी हाथ से फिसल जाएंगे।

चन्नी का बचकाना बयान देखिए, कह रहे हैं - हमें पता नहीं था कि प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से जाएंगे। शायद उन्हें प्रोटोकॉल नाम की चीज का भी पता नहीं! ऐसे आदमी को किसी सीमाई प्रदेश का मुख्यमंत्री रहने का कोई अधिकार नहीं है, जो प्रधानमंत्री को सुरक्षित मार्ग पर उपलब्ध कराने में नाकाम है। राष्ट्रपति को ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए।

राजनीति अपनी जगह है, लेकिन प्रधानमंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति से इतनी घृणा कतई स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। वे देश के प्रधानमंत्री पहले हैं और किसी पार्टी के नेता बाद में।

### श्रीमद्वाल्मीकीयरामायणे

**पंचत्रिंश: सर्ग:**

हनुमानजी की उत्पत्ति, शैशवावस्था में इनका सूर्य, राहु और ऐरावत पर आक्रमण, इन्द्र के वज्र से इनकी मूर्छा, वायु के कोप से संसार के प्राणियों को कष्ट और उन्हें प्रसन्न करने के लिये देवताओं सहित ब्रह्माजी का उनके पास जाना

**उत्सृज्यार्कमिमं राम प्रधावन्तं प्लवंगमम्।**
**अवेक्ष्यैवं परावृत्तो मुखशेष: परांगमुख:।।41।।**

श्रीराम! सूर्य को छोड़कर अपनी ओर धावा करने वाले इन वानर हनुमान को देखते ही राहु जिसका मुखमात्र ही शेष था, पीछे की ओर मुड़कर भागा।।41।।

श्रीमुख से

### श्री शिवपुराण-माहात्म्य

**शिव पुराण**

**ऐहिक फल देने वाले कर्मों और उनकी विधि का वर्णन, शिव-पूजन की विधि, शान्ति-पुष्टि आदि विविध काम्य कर्मों में विभिन्न हवनीय पदार्थों के उपयोग का विधान**

किसी के द्वारा पूजित शिवलिंग को मनुष्य ग्रहण करे या न करे, यह उसकी इच्छा पर निर्भर है। यदि ले ले तो स्वयं नित्य उसकी पूजा करे अथवा उसकी प्रेरणा से दूसरा कोई पूजा करे। जो पुरुष इस कर्म का शास्त्रीय विधि के अनुसार ही निरंतर अनुष्ठान करता है, वह फल पाने से कभी वंचित नहीं रहता। इससे बढ़कर प्रशंसा की बात और क्या हो सकती है?

कोलकाता, 6 जनवरी, 2022 ई., राष्ट्रीय तिथि 16 पौष शके 1943, हिजरी 2 जमादी उस्मानी 1443, बंगला 21 पौष 1428, विक्रमीय संवत् 2078, पौष शुक्ल पक्ष चतुर्थी 4, गुरुवार घं. 12/29, धनिष्ठा नक्षत्र घं. 7/11, परं शतभिषा नक्षत्र घं. 30/21, सिद्ध योग घं. 15/25, भद्राकरण, दिनमान घटी 26/15, सूर्योदय घं. 6/17, सूर्यास्त घं. 17/06, चंद्रोदय घं. 9/25, चंद्र कुम्भ का। पंचक। भद्रा घं. 12/29 तक। वैनायकी श्री गणेश चतुर्थी व्रत।

**मेष** ॥ किसी मांगलिक प्रयास में प्रगति संभव है, कर्मक्षेत्र में कुछ नये नये सम्पर्क बन सकते हैं, आर्थिक सुविधा बनी रहेगी, परिवार में शांति रहेगी।

**वृष** ॥ किसी प्रसन्नतादायक समाचार की प्राप्ति संभव है, कर्मक्षेत्र अवसर प्रदान करने वाला सिद्ध हो सकता है, काम में ध्यान लगाएं, दिन सुखद रहेगा।

**मिथुन** ॥ किसी आत्मीय के सहयोग से चल रही समस्याओं का समाधान संभव है, राहत का अनुभव करेंगे, काम में ध्यान लगाएं, दिन सामान्य रहेगा।

**कर्क** ॥ कोई भी निर्णय सोच समझकर अपनों के राय परामर्श में लें, हड़बड़ी से बचें, चिंताकारक स्थिति बन सकती है, स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** ॥ अवसर प्रदान करने वाला दिन हो सकता है, पूरे उत्साह के साथ कर्मक्षेत्र से जुड़े रहें, मित्रों का सहयोग बना रहेगा, परिवार में सुख शांति रहेगी।

**कन्या** ॥ पूरी निष्ठा के साथ चल रहे प्रयासों को गति प्रदान करने की चेष्टा करें, सफलतादायक स्थिति बन सकती है, पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा।

**तुला** ॥ चल रही समस्याओं में सुधार थोड़े प्रयास से संभव है, अपनों के राय परामर्श में रहें, कर्मक्षेत्र में पूरा ध्यान केन्द्रित करें, मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक** ॥ आवेश एवं क्रोध पर नियंत्रण रखते हुए किसी भी वाद विवाद से बचें, दिन हैरानी भरा हो सकता है, अपनों के परामर्श में रहें, धैर्य रखें।

**धनु** ॥ सफलतादायक स्थिति बन सकती है, पूरे उत्साह के साथ चल रहे प्रयासों को गति प्रदान करें, आर्थिक अनुकूलता बनी रहेगी, मन में प्रसन्नता रहेगी।

**मकर** ॥ सहयोगियों के सहयोग के साथ कर्मक्षेत्र से जुड़े रहें, प्रयासों को गति प्रदान करें, आर्थिक प्रगति बनी रहेगी, परिवार में सुख शांति रहेगी।

**कुंभ** ॥ किसी सुखद समाचार की प्राप्ति संभव है, कर्मक्षेत्र में कुछ नये नये सम्पर्क बन सकते हैं, थोड़ा सा प्रयास आपको समस्यामुक्त कर सकता है, मन उत्साहित रहेगा।

राशिफल

**मीन** ॥ लेनदेन में सावधानी रखते हुए आर्थिक नियंत्रण बनाये रखने की चेष्टा करें, दिन हैरानी भरा हो सकता है, विवादों से बचें, अपनों के परामर्श में रहें।

**भाग्यांक** ॥ 3-4-7-0

**आज जिनका जन्मदिन है** ॥ अगले जन्मदिन तक बहुत संभलकर एवं लापरवाही का त्याग करते हुए कोई भी काम करना व्यापारिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद सिद्ध हो सकता है। कर्मक्षेत्र में कुछ प्रतिकूल परिस्थितियां कभी कभी आपको हैरान कर सकती है, लेकिन आप अपनी सूझबुझ से उन्हें अनुकूल बना पाने में सक्षम रहेंगे। निम्न कोटि के लोगों से जितना हो सके दूर रहें, व्यर्थ के वाद विवाद से बचें, उधार की नीति का त्याग करें। कानूनी मामलों में पूरी सतर्कता बरतें। परिवार में शांति बनाये रखने की चेष्टा करें। विद्यार्थी खेल-खेल में समय नष्ट न करें। कुछ व्यापारिक यात्राएं संभव हैं। स्नायु रोगी चिकित्सीय परामर्श में रहें।

**बाजार** ॥ सोना - चांदी, दलहन, रेशम, सरसों तेल, रिफाइंड तेल, वनस्पति घी, सुपाड़ी, कत्था, गर्म मसाले में सामान्य तेजी की संभावना है।

**- डॉ. मंगल त्रिपाठी**

## चौथा स्तम्भ

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**PW(Roads) Dte. TENDER NOTICE**
Executive Engineer, South 24 Parganas Highway Division, P.W. (Roads) Dte, invites online e-NIT No. 10 of 2021-2022. Tender Id: 2021_SH_358568_1, 2021_SH_358568_2. Bid Submission start date 07.01.2022. Bid Submission end date 21.01.2022. Details of NIT and tender documents may be downloaded from: https://wbtenders.gov.in Sd/- EE/S24PGSHWDIVN. P.W. (Roads) Dte. ICA-T217(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Tender Notice**
Quotation Vide ENIQ No.-08 of 2021-22 of EE/ KNIID has been invited by E.E., Kolkata North II Division, Housing Directorate. Tender id 2021_HSD_359026_1, 2, 3, 4 & 5. Bid Submission Closing dt. 28/01/2022 upto 3:00 P.M. for detailed information visit web site http://wbtenders.gov.in. Sd/- Executive Engineer, Kolkata North II Division/ HD ICA-T272(3)/2022

**Webel**
**WBEIDC Ltd.**
(A Government of West Bengal Undertaking)
Webel Bhavan, Block-EP&GP, Sector-V, Bidhannagar, Salt Lake, Kolkata 700 091.
**Notice Inviting EoI No.**
**07/Webel/IDM/21-22/44 dated. 04.01.2022**
*Expression of Interest for "Selection of agency for internal-external digital LED display signage works for the Webel Tower-I project at plot no. BN-4, Sector-V, Salt Lake".*
Value put to tender - Rs. 2.83 Cr.
Interested parties may go through website: https://wbtenders.gov.in
ICA-T277(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Superintendent, District Hospital, Nadia**
**ABRIDGED TENDER NOTICE**
Superintendent, District Hospital, Nadia invites sealed tender from eligible bidders/ suppliers having experience of similar type of works for providing "One Motor Cab's as Staff Car" for District Hospital, Nadia. Detailed tender information will be published in the portal www.wbhealth.gov.in and www.nadia.nic.in and notice board office of the undersigned. The last date for submitting tender papers is 21.01.2022 (except Sunday & holiday). Sd/- Superintendent, District Hospital, Nadia. ICA-T276(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**e-TENDER NOTICE**
Administrator, FSL, West Bengal invites sealed tender from the Manufacturers/ Authorized Distributors for supply of some Instruments (e-Nit No. ET-02/2021-22); Glass Apparatus (e-NIT No. ET-03/2021-22), Chemicals (e-NIT No. ET-04/2021-22) & Plastic Apparatus & small equipments (e-NIT No. ET-05/2021-22) for Regional Forensic Science Laboratory, Durgapur and Spectrophotometer [e-NIT No. 01/2021-22 (2nd Call)] for State Forensic Science Laboratory, Kolkata. Tender documents & other details are available at the website, www.wbtenders.gov.in w.e.f. 06.01.2022. Sd/- Administrator, Forensic Science Laboratory, W.B. ICA-T279(3)/2022

**OFFICE OF THE ZILLA PARISHAD, HOWRAH**
10, BIPLABI HAREN GHOSH SARANI, HOWRAH-1
**NIT no. 17 of 2021-22**
E-tenders are invited on behalf of Howrah Zilla Parishad from qualified contractors for different works for **NIT no. 17 (Sl. No. -1 to 2) of 2021-22.**
E-tender documents are available at State Government e-tender portal.
**www.wbtenders.gov.in**
Last date of submission of tender are **18/01/2022** upto **16.30 hrs.**
Sd/.
**District Engineer**
Howrah Zilla Parishad

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Tender Notice of I & CA Deptt**
Memo No. of NIT 6-ICA(E) dt 05/01/2022 and Tender ID 2022_ICAD_359491_1 e-Tender is hereby invited from intending bidders for **fabrication of proposed Independence Museum at Alipore Jail Hospital Building undertaken by HIDCO and implemented by Information and Cultural Affairs Department.** Bid submission closing date: 18/01/2022 at 1:30 pm. Other details may be available from the website: https://wbtenders.gov.in. Sd/- Director of Information, Information & Cultural Affairs Deptt., Govt. of West Bengal
ICA-T289(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.**
**PNB House (4th Floor), 18A, Brabourne Road, Kolkata-1**
[Tender Reference No WBPHED/SE/EC/NIeT-64/2021-22, Tender ID : 2021_PHED_358584_1, 2021_PHED_358584_2, 2021_PHED_358584_3]
**TENDER NOTICE**
e-Tenders in WBF 2911 are invited for the work:- "Laying of Distribution System including specials & valves, pipe supporting structure all complete and Providing FHTC including supplying, laying, fitting, fixing and Construction of RCC Over Head Reservoir, pipe connection at Dafarpota Zone-I, Betai Zone-II and Nazirpur District- Nadia, Block-...... Panchayet-......, Village-........ under Nadia Division, PHE Dte." **Bid Submission Closing Date (Online): 28.12.2021 at 12.00 pm."** Further details are available in the website:- http://wbtenders.gov.in/nicgep/app **Sd/- Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.** ICA-T242(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING TENDER**
Bid reference no. - WBMSCL/NIT-08/2022, Dated - 04/01/2022. West Bengal Medical Services Corporation Ltd. is inviting online bids for Civil work for Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 2 different Super Specialty Hospital in West Bengal - 2nd call. 1. Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 4th floor of Basirhat SSH building in the district of North 24 parganas (2nd call). 2. Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 3rd floor of Kalna SSH building in the district of Purba Bardhaman (2nd call). Bid reference no. - WBMSCL/NIT-09/2022, Dated-04/01/2022. West Bengal Medical Services Corporation Ltd. is inviting online bids for Civil work for Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 3 different Super Specialty Hospital in West Bengal-2nd call. 1. Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 3 rd floor of Falakata SSH building in the district of Alipurduar (2nd call). 2. Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 3rd floor of Raghunathpur SSH building in the district of Purulia (2nd call), 3. Repair and Renovation to establish proposed 24 bed Hybrid CCU at 5th floor of Nandigram SSH building in the district of Purba Medinipur (2nd call). Last date of submission of bid (online) - 13.01.2022 upto 03.00 P.M. The tender document can be downloaded from www.wbmsc.gov.in and www.wbtenders.gov.in on or after 06.01.2022 at 10.00 A.M. Clarification requests, if any may be sent to cpec@wbmsc.gov.in or info@wbmsc.gov.in Sd/- General Manager, WBMSCL. ICA-T282(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
e-Tender invited by the Executive Engineer, Howrah Division, P.H.E. Dte. Vide No:- WBPHED/EE/HD/NIeT_31/2021-2022 details of works shown in the NIeT. Bid submission End date:- 21/01/2022 at 14.00 at P.M. All details can be obtained from the website- https://wbtenders.gov.in Sd/- **Executive Engineer, Howrah Division, PHE Dte.** ICA-T245(3)2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**2nd CORRIGENDUM**
**NIeT No. 21/SE/WC of 2021-2022 and Tender ID No. : 2021_PHED_354302_3**
Due to insufficient numbers of bidders, Date & Time for Documents download end date, Bid proposal submission end date and Bid opening Date for Technical Proposal in the above referred NIeT have been extended. Details are available in Sd/- for **Superintending Engineer, Western Circle, PHE Dte.** ICA-T255(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
**N.I.T-11 of 2021-22 (Engg Sec)(HWC)(SC)**
The C.M.O.H., Purba Bardhaman invites Tender vide NIT NO-11 of 2021-22 (Engg Sec)(HWC)(SC) for "New construction of 23 nos SSK in Purba Bardhaman." Last Date of Dropping of Tender is 17.01.2022, 5:00 PM. Detail information may be obtained from the website: wbhealth.gov.in, purbabardhaman.nic.in or Office of the undersigned. Sd/- **C.M.O.H & Secretary DH&FWS, Purba Bardhaman.** ICA-T275(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**PWD TENDER NOTICE**
SE/KHC/PWD invites online NIeT for Finishing work of 5th Floor to 8th Floor of New OPD Building within the compound of IPGME&R-SSKM Hospital. **(Civil & Internal Electrical Work).** Estimated Amount: Rs. 7,03,29,952/-. EMD: Rs. 10.00.000/-. e-NIT No. WBPWD/SE/KHC/NIT-09/2021-2022. Tender ID:- 2022_WBPWD_359025_1. Bid Submission Start date (online): 10/01/2022 at 02.00 P.M. Bid Submission Closing date (online): 28/01/2022 at 02.00 P.M. Corrigendum if any will be published in website only. Details of N.I.T and tender documents may be downloaded from http://wbtenders.gov.in **Sd/- Superintending Engineer, P.W.Dte, Kolkata Health Circle.** ICA-T236(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.**
**PNB House (4th Floor), 18A, Brabourne Road, Kolkata-1**
**TENDER NOTICE**
[Tender Reference No WBPHED/SE/EC/NIeT-63/2021-22 Tender ID : 2021_PHED_358516_1, 2021_PHED_358516_2]
e-Tenders in WBF 2911 are invited for the work:- "Laying of Distribution System including specials & valves, pipe supporting structure all complete and Providing FHTC including supplying, laying, fitting, fixing at Badlangi Padmamala Zone-II and Kishorepur District-Nadia, Block-...... Panchayet-......, Village-........ under Nadia Division, PHE Dte." **Bid Submission Closing Date (Online): 28.12.2021 at 12.00 pm."** Further details are available in the website:- http://wbtenders.gov.in/nicgep/app **Sd/- Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.** ICA-T257(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING e-TENDER**
No. WBIW/SE/GCDC/NIT-02(e)/2021-2022. On behalf of the Governor, West Bengal. e-tender is invited by the Superintending Engineer, Greater Calcutta Drainage Circle, from the reliable, bonafide & resourceful contractors for the following work: Sl. No. 1) Re-excavation of Defunct Monikhali Khal and Parnashree Khal with bank protection work in the Districts of Kolkata and South 24 Parganas. Amount Put to tender: Rs. 2,09,56,817.00. All necessary details may be had from office of the SE/GCDC on all working days during office hours or in Govt. website www.wbiwd.gov.in or https://wbtenders.gov.in 1) Bid Submission start date: 06.01.2022 from 17.00 Hrs. 2) Bid Submission end date: 27.01.2022 till 16.00 Hrs. Sd/- Superintending Engineer, Greater Calcutta Drainage Circle, I & W Dte. ICA-T269(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.**
**PNB House (4th Floor), 18A, Brabourne Road, Kolkata-1**
[Tender Reference No WBPHED/SE/EC/NIeT-65/2021-22 Tender ID : 2021_PHED_358819_1, 2021_PHED_358819_2, 2021_PHED_358819_3, 2021_PHED_358819_4, 2021_PHED_358819_5]
**TENDER NOTICE**
e-Tenders in WBF 2911 are invited for the work:- "Providing Functional House Hold Tap Connection including supply PVC pipe, Saddle piece, Bid cock etc all complete including newly added pipeline at different w/s scheme District-Nadia, Block-...... Panchayet-......, Village-........ under Nadia Arsenic Division-II, PHE Dte." **Bid Submission Closing Date (Online): 31.12.2021 at 12.00 pm."** Further details are available in the website:- http://wbtenders.gov.in/nicgep/app **Sd/- Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.** ICA-T256(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
**NIeT No. 33/BD of 2021-22**
**(Vide Memo No. 2681/BD dt. 31.12.2021)**
Tender reference no. 2681_BD_NIeT_33_of_2021_22, (SL.No-1 to 5), Tender ID: 2021_PHED_358777_1, 2021_PHED_358777_2, 2021_PHED_358777_3, 2021_PHED_358777_4 & 2021_PHED_358777_5 ::: Tender Invited by the undersigned for -- Construction of boundary wall with brick structure ... under Hasnabad Sub-Division P.H.E. Dte.. :::. Closing date of submission of both Technical and Financial bid (online)=19.01.2022 Details of Tender document and its related corrigendum/ Addendum (if any) may be obtained from the office of the Executive Engineer, Barasat Division, P.H.E. Dte, Details of Tender document and its related corrigendum/ Addendum (if any) may be obtained from the office of the Executive Engineer, Barasat Division, P.H.E. Dte, on working days during office hours or in website - http://www.wbtenders.gov.in Sd/- Executive Engineer, Barasat Division, P.H.E. Dte. ICA-T246(3)/2022

**The West Bengal Power Development Corporation Limited**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Corporate Identity No. U40104WB1985SGC039154
Kolaghat Thermal Power Station
P.O. Mecheda, Dist. Purba Medinipur, Pin - 721137
**Notice Inviting E-Tender**
**Ref. No.: WBPDCL/ Tend-Adv/21-22/KTPS/CC-188** **Date: 03.01.2022**
**NIT No.: WBPDCL/KTPS/NIT/E2037/21-22**
E-tenders in prescribed format are invited by the General Manager, KTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies for **"Installation, Testing and Commissioning of New Lift at ECR Building through CAPEX-2021-22 under the scope of EM-IPH, KTPS". Tender Document Download Start Date: 05.01.2022 at 11:00 hrs. Bid Submission End Date: 31.01.2022 at 16:00 hrs. Contact Person:** Mr. P. Pal, Sr. Manager (Contract Cell), KTPS. **Tel. No.:** 8336907128. **E-mail:** p.pal@wbpdcl.co.in
For details please visit: **https://wbtenders.gov.in** ICA-T260(3)/2022

**The West Bengal Power Development Corporation Limited**
(A Govt. of West Bengal Enterprise)
Corporate Identity No. U40104WB1985SGC039154
Bandel Thermal Power Station
P.O. Tribeni, Dist. - Hooghly, Pin - 712503
**Notice Inviting E-Tender**
**Ref. No.: WBPDCL/Tend-Adv/21-22/BTPS/CC-179** **Date: 29.12.2021**
**NIT No.: WBPDCL/BTPS/NIT/E1995/21-22**
E-tenders in prescribed format are invited by the General Manager, BTPS, WBPDCL from eligible Agencies/Companies in 2 (two) Part bid system for **'Repairing of internal roads at different locations within BTPS Township'. Tender Document Download Start Date:** 07.01.2022 at 17:00 hrs. **Bid Submission End Date:** 07.02.2022 at 15.00 hrs. **Contact Person:** Mrs. Ranjana Bhaduri, DGM (M&C). **Tel. No.:** 033 26842023. **E-mail:** rbhaduri@wbpdcl.co.in
For details please visit: **https://wbtenders.gov.in** ICA-T258(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Tender Notice of I & CA Deptt**
Memo No. of NIT 5-ICA(E) dt 05/01/2022 and Tender ID 2022_ICAD_359508_1 e-Tender is hereby invited from intending bidders for **fabrication of 2600 sq.ft. (approx.) pavilion, construction of racks, sound, light, LED, Glow sign boards etc. at International Kolkata Book Fair to be held at Central Park Mela Ground, Salt Lake between 31st January to 13th February 2022.** Bid submission closing date: 18/01/2022 at 1:30 pm. Other details may be available from the website: https://wbtenders.gov.in. Sd/- Director of Information, Information & Cultural Affairs Deptt., Govt. of West Bengal
ICA-T288(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**PWD TENDER NOTICE**
The Executive Engineer-II, Kolkata South Health Electrical Division, PW Dte. invites eNIQ for "Electrical Installation Work, SITC Air-conditioning Machines and FDA system for setting up Microbiology & Biochemistry Unit and its adjoining areas at 1st floor of the X-Ray building in Chittaranjan Seva Sadan, Kolkata-Electrical Work" vide Tender ID - 2021_WBPWD_358874_1. Last date of submissions – 20.01.22 upto 06.00 PM. All documents can be seen / obtained from the websites https://wbtenders.gov.in / www.pwdwb.in and office Notice Board. Sd/- Executive Engineer-II, Kolkata South Health Electrical Division, PW Dte. ICA-T232(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST**
N.I.E.O.I No - WBIW/EE/MED/EOI- 04 of 2021-2022. Notice Inviting Expression of Interest is being invited by the undersigned from eligible Contractors/Agency for the works: "Supply, installation, testing and commissioning of new indoor 11KV/415 Volt Electrical Sub-station for Commercial Tax Building of Jalasampad Bhawan, Salt Lake, Kolkata-91 during the year 2021-22." EoI submission closing date: 17.01.2022 upto: 15.00 hrs. Other details will be available from the notice board of office of the undersigned on working days and also from website: www.wbiwd.gov.in Sd/- EE/MED, I&W Dte., Govt. of W.B. ICA-T270(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.**
**PNB House (4th Floor), 18A, Brabourne Road, Kolkata-1**
[Tender Reference No WBPHED/SE/EC/NIeQ-55/2021-22 Tender ID : 2021_PHED_351964_1]
**TENDER NOTICE**
e-Tenders in WBF 2912 are invited for the work:- "Survey, Design, Construction, Supply, Erection, Commissioning, Trial Run and Operation & Maintenance of surface water based 234 MLD ............ in North 24-Parganas under PHE Dte." Corrigendum-5 Uploaded" Last date of submission - 11.01.2022 at 12.00 p.m. Further details are available in the website:- http://wbtenders.gov.in/nicgep/app **Sd/- Superintending Engineer, Eastern Circle, PHE Dte.** ICA-T250(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT NO : 05/HQ-II/AD/2021-2022**
On behalf of the Governor of West Bengal, Tender is invited by the Assistant Engineer (HQ-II), Alipore Division, PHE Dte., 45, G.C. Avenue, 5th Floor, Kolkata 700013 for "Making of wall cabinet, table cabinet, almirah and supply of stainless armed chair, table glass with allied works at computer room of Office of the Executive Engineer, Alipore Division, PHE Dte." from Reputed, Bonafide, resourceful, experienced contractors, having experience in similar nature of work. Last date of application: 11.01.2022 upto 3.00 P.M. Last Date of submission of Tender: 17.01.2022 upto 12.00 Noon. For Detail, Please visit the website www.wbphed.gov.in or at this Office Notice Board. Corrigendum Notice(s) of this/these NIT(s) if any, will be published in the mentioned website & at this Office Notice Board only. Sd/- Assistant Engineer (HQ-II), Alipore Division, PHE Dte. ICA-T247(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**MIDNAPORE KHARAGPUR DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(A Statutory Authority of the Government of West Bengal)**
Sahid Kshudiram Zilla Parikalpana Bhavan (2nd Floor)
Zilla Parishad Complex, Paschim Medinipur – 721101
Phone No. 03222 – 261739,
e-Mail ID : mkdamidnapore@gmail.com
**TENDER NOTICE**
**NIT No. 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33 & 34 / MKDA/ 2021-22**
e-tendering is invited for Street Light, Renovation & Beautification Work, Passenger Shade & Construction Work is invited from bonafide and resourceful contractors having relevant credential for similar work. NIT & Tender Documents may be Viewing on and from 06-01-2022 at 18:00 Hours and Tender Documents downloaded and submitted on & from 07-01-2022 at 12:00 Hours. Closing of Downloading & Submission of the Bidding Documents on 15-01-2022 at 12:00 Hours. Details of NIT & Tender Documents may be downloaded and submitted from www.wbtenders.gov.in Sd/- Executive Officer, MKDA & ADM, Paschim Medinipur. ICA-T263(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
**TENDER ID - 2021_PHED_358707**
On behalf of the Governor of West Bengal, eTender is invited in WBF 2911 by the Executive Engineer, Berhampore Division-I, P.H.E. Dte., from bonafide, resourceful, experienced contractors, having experience in similar nature of work "Additional Laying works at village Dasturpara (Village code-315484) to facilitate Functional Household Tap Connection (FHTC) works in connection to Jal Jeevan Mission & Jal Swapna and others works under different Water Supply Scheme under Berhampore Division-I, PHE Dte. In the District of Murshidabad." **Online Tender: i) Electronic Notice Inviting Tender No. WBPHED/EE/BD-I/NIeT-27 of 2021-2022.** Last date of Bid proposal submission (Online):- **19/01/2022 upto 03.00 P.M.** Date of opening for Technical Proposal (Online):- **21/01/2022 at 03.00 P.M.** For details, please visit the website: www.wbphed.gov.in Sd/- Executive Engineer, Berhampore Division-I, PHE DTE. ICA-T243(3)/2022

**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**TENDER NOTICE**
**N.I.T. NO.:- WBPWD/SS/EE/ASND/ NIT_05/2021-2022**
E.E., Asansol Divn., Social Sector, P.W. Dte. Asansol invites e-tender for the works detail published in the website https://wbtenders.gov.in Ref:- e-tender ID No. 2022_WBPWD_359022_1 & 2022_WBPWD_359022_2. Document download/sale start date (online) 03.01.2022 from 06.30 PM. Bid submission end date 21.01.2022 upto 4.00 PM. Ph. No. (0341)-2251-240. Sd/- Executive Engineer, Asansol Divn., Social Sector, PWDte. ICA-T238(3)/2022

**WB HIDCO**
**e-Tender notice No.71 of 2021-2022**
e-tender is invited for the work of "Construction of 250M outdoor cycle Velodrome beside football stadium in AA-IIE at New Town, Kolkata." in the manner as described in the detailed e-tender notice available on websites:- wbtenders.gov.in and wbhidcoltd.com & in e-tender portal. Pre Bid Meeting at Conference Hall of Hidco Bhaban on 13.01.2022 at 4.00 P.M. Last date of Bid submission on 29.01.2022 upto 2.00 P.M. Details may also be available in the websitewww.wbhidcoltd.com.
-Sd-
Addl. General Manager
(Engg)-III WB HIDCO

### Government Of Jharkhand Urban Development Department
### OFFICE OF THE NAGAR PARISHAD MADHUPUR
**Very very urgent Notice Inviting Tender**
**E-Tender Reference no-UDD/MMC/06/2021-22** Date :- ......................

| Sl. No | Name of work | BOQ Amount cost (Rs.) | Earnest Money or Bid security (Rs.) | Cost of tender paper (Rs.) | Class of contractor eligibility | Time of Completion | Name of the concerned office |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Office Building in Madhupur Nagar Parishad, Campus, District-Deoghar | Rs. 21964934.54 | Rs. 439300 | Rs. 10000 /- (Non Refundable) | Class-I and Class-II only | 18 Months | Executive Officer Nagar Parishad Madhupur |

| Sl. No. | 1 | 2 |
|---|---|---|
| 1. | Tender Inviting Office Name | MADHUPUR NAGAR PARISHAD |
| 2. | Date of Publication of Tender in newspaper | 07.01.2022 (Friday) |
| 3. | Date/Time for receiving of Bid online | 08.01.2022 to 20.01.2022 (10 :00 am to 6:00 pm) |
| 4. | Date & Time of Bid Opening | 22.01.2022 after 2:00 pm |
| 5. | Last Date of receiving hard copy of Earnest money & Cost of Tender Paper | 21.01.2022 up to 2:00 pm |
| 7. | Only E-Tender will be accepted further details can be seen on Website- | http://jharkhandtender.gov.in |

**Note:-Helpline no- 7368005128**

Executive officer,
Nagar Parishad Madhupur .

**PR 261051 Deoghar(21-22)D**

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/16/2021-22

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भरनो प्रखण्ड के मारासिल्ली पंचायत में ग्राम खरतंगा से कमलपुर को जोड़ने वाले पारस/कंश नदी पर पुल निर्माण। | 32795100.00 | 656000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –17.01.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.01.2022 से दिनांक 27.01.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 27.01.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ० एफ० पी० भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –28.01.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

**PR 261067 Rural Development(21-22)#D**

### झारखण्ड सरकार
### ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
### 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:- **100/RI/2021-22/RWD/BOKARO** दिनांक :- **05.01.2022**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ BOKARO/ 05/2021-22 | एन०एच०–32 से टुपरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं– 5.000 कि०मी०) | 1,95,08,429.00 | एक करोड़ पचनानवे लाख आठ हजार चार सौ उनतीस रू० मात्र | 12 माह | द्वितीय |
| 2. | RWD/ BOKARO/ 07/2021-22 | अलकुशा पंचायत के धनडाबर हाजरा टोला हरि मंदिर होते हुए वेदांता इलेक्ट्रोस्टील फोरलेन रोड भाया सिमूलटांड़ बिन्दु रजवार के घर तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.400 कि०मी०) | 1,16,83,603.00 | एक करोड़ सोलह लाख तेरासी हजार छः सौ तीन रू० मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 10.01.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 19.01.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, बोकारो में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि:– 20.01.2022 पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 21.01.2022 पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, बोकारो के पक्ष में एवं बोकारो में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

**PR 261117 Rural Work Department(21-22)#D**

### झारखण्ड सरकार
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

**ई-प्रोक्योरमेंट अल्प कालीन निविदा सूचना**

**PR No.259155 का द्वितीय आमंत्रण**

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/13/2021-22** दिनांक : **03.01.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम – Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, 64 Mtr. Long & 3.50 Mtr. Wide Gangway 5.10 MLD capacity Conventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir – 5 nos., Staff Quarter, Compound wall, Infiltration Gallery, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection-7527 nos., Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Railway Crossing, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Arkosa and Adjoining villages Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division **Lohardaga** on turnkey basis." | |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 4862.33 लाख रूपये |
| 3 | अग्रधन की राशि | 48.63 लाख रूपये |
| 4 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 0.10 लाख रूपये |
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 30 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.01.2022, 02:00 बजे अपराह्न से |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 09.01.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.01.2022, 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | बैंक गारंटी एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 20.01.2022, 02:00 बजे अपराह्न तक 1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय 2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय 3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची का कार्यालय |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की तिथि एवं समय | 22.01.2022, 11:30 बजे पूर्वाह्न से |
| 11 | निविदा के वित्तीय बीडों को खोलने की तिथि | बाद में सूचित किया जाएगा। |
| 12 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी एवं कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा |
| 13 | प्राक्योरमेंट कार्यालय का संपर्क नं0 | 06526–224026 |
| 14 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 9431516030 |

नोट: वैसे सम्वेदक जो पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में समुचित श्रेणी में निबंधित नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते हैं, परन्तु कार्यावंटन के 60 दिनों के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता में समुचित श्रेणी में निबंधन करवा लेना अनिवार्य होगा। ऐसी स्थिति में उन्हें विभागीय पत्रांक 678(CDO) दिनांक 20.10.2012 के अनुसार इस आशय का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा कि राज्यान्तर्गत किसी भी थाने में उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला दर्ज नहीं है और वे निविदा के अन्य सभी शर्तों को पूरा करते हैं। प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 261056 (Lohardaga) 21-22 (D)

स्वत्वाधिकारी सन्मार्ग प्रा.लि. के लिए सायन मुखर्जी द्वारा सन्मार्ग भवन, 160/बी, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700007 से प्रकाशित तथा सन्मार्ग प्रेस 160बी, चित्तरंजन एवेन्यू कोलकाता-700007, सरस्वती प्रिंट फैक्टरी प्रा. लि., 789, चौभागा वेस्ट, कोलकाता 700105 एवं साउथ बंगाल प्रिंट फैक्टरी प्रा.लि. गांव-बाम, जोतराम, बर्दवान-713101 से मुद्रित। संपादक : राजेश नैन (पीआरबी एक्ट तथा अन्य एप्लीकेबल एक्ट्स के तहत प्रकाशित सामग्री के लिए उत्तरदायी), स्थानीय सम्पादक : सुरेन्द्र प्रसाद सिंह (विमान शुल्क 3.50 रुपये) RNI NO 2506/57 : फोन : 71015000 । ईमेल : editorial@sanmarg.in. प्रेरक संपादक : स्व. रामअवतार गुप्त। प्रकाशन से उत्पन्न सभी विवाद कोलकाता न्यायालय के अधीन। अनाधिकृत रूप से सन्मार्ग के प्रति की पीडीएफ बनाना और साझा करना कानूनन दण्डनीय अपराध है।

## केंद्रीय बल कर्मियों व परिजनों को 35 लाख हेल्थ कार्ड दिये : राय

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों एवं उनके परिवारों को 35 लाख आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किये हैं और अब वे देश में 24 हजार पैनल में शामिल अस्पतालों में कैशलेस माध्यम से उपचार करा सकते हैं।



नित्यानंद राय ने सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में प्रत्येक बल से कर्मियों को अंतिम 10 कार्ड प्रदान करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत व्यय की कोई सीमा नहीं होगी। कर्मी बिना किसी समस्या के इसका उपयोग करें और किसी तरह की शिकायत के मामलों के बारे में गृह मंत्रालय को सूचित किया जाए।

## टेलीग्राम चैनल 'ब्लॉक', हिंदू महिलाओं को निशाना बना रहे थे : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** हिंदू महिलाओं को कथित तौर पर निशाना बनाने वाले एक टेलीग्राम चैनल को ब्लॉक कर दिया गया है, और सरकार मामले में आगे की कार्रवाई के लिए राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है।

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को अपने ट्वीट में यह जानकारी देते हुइ कहा कि चैनल को बंद कर दिया गया है। भारत सरकार कार्रवाई के लिए राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। संदेश सेवा 'टेलीग्राम' पर एक खास चैनल को सोशल मीडिया पर कुछ उपयोक्ताओं द्वारा चिन्हित किया गया जिन्होंने बताया कि यह हिंदू महिलाओं को निशाना बना रहा था, उनकी तस्वीरें साझा करने के साथ ही उन्हें अपशब्द कह रहा था। हाल में कम से कम 100 प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों को एक ऐप पर नीलामी के लिए अपलोड किये जाने का मामला सामने आने से बड़े पैमाने पर गुस्सा भड़क गया था।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## मालदीव से द्विपक्षीय सहयोग के फायदे दिख रहे हैं : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद से टेलीफोन पर बात की और कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति के महत्व को समझते हैं तथा इसके परस्पर फायदे नजर आ रहे हैं।उन्होंने नववर्ष के मौके पर मालदीव सरकार और वहां के लोगों को शुभकामनाएं भी दी।

## वैष्णो देवी यात्रा सामयिक रोकी गयी

**जम्मू :** भारी बारिश को देखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गयी है। अब गुरुवार को मौसम का आकलन करने के बाद इसे सुचारु किया जाएगा। इससे पहले माता वैष्णो देवी भवन मार्ग में भूस्खलन के बाद मार्ग को बंद कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार, लगातार बारिश के कारण माता वैष्णो देवी के बैटरी कार मार्ग पर पंछी हेलीपैड के समीप शाम चार बजे के करीब भूस्खलन हुआ।

## मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट पर सुनवाई 16 फरवरी को

**नैनीताल :** लगभग 13,000 करोड़ की लागत से बनने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे का निर्माण फिलहाल खटाई में पड़ सकता है। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में बुधवार को कोई अंतरिम आदेश पारित करने से फिलहाल मना कर दिया है। अब इस मामले में 16 फरवरी को सुनवाई होगी।

दरअसल केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की ओर से दिल्ली से सहारनपुर होते हुए देहरादून के लिए एक नये एक्सप्रेस-वे का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 210 किमी वाले इस ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण देश की महत्वपूर्ण भारत माला परियोजना के तहत किया जाना प्रस्तावित है।

### पांच दिनों में चार और एक महीने में आठ पाकिस्तानी आतंकवादियों को देश के जवानों ने मार गिराये

# मुठभेड़ में पाकिस्तानी सहित तीन आतंकी ढेर

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू :** सुरक्षाबलों ने कश्मीर में एक पाकिस्तानी आतंकवादी समेत तीन और आतंकियों को ढेर कर दिया है। पांच दिनों में चार पाकिस्तानी आतंकियों को मारा जा चुका है, जबकि एक महीने में मारे गये कुल 29 आतंकवादियों में 8 पाकिस्तानी आतंकी शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा जिला स्थित चांदगाम इलाके में बुधवार सुबह से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने इलाके में छिपे तीनों आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गये तीनों आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से संबंधित थे। सुरक्षाबलों का कहना है कि तीनों आतंकियों को मारने से पहले उन्हें आत्मसमर्पण करने का कई बार मौका दिया गया परंतु हर बार उन्होंने उनकी अपील का जवाब गोलियों से दिया। एक के बाद एक तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। मारे गये आतंकियों के प्रति आईजीपी विजय कुमार ने दावा किया है कि वे जैश ए मुहम्मद से जुड़े थे। मुठभेड़ स्थल से काफी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने इलाके में और आतंकियों की मौजूदगी की आशंका के चलते सर्च ऑपरेशन चला रखा है। मालूम हो कि दिसंबर के महीने से अब तक 8 पाकिस्तानी समेत 29 आतंकवादी सुरक्षाबलों के हाथों मुठभेड़ में मारे गये हैं। पिछले पांच दिनों में घाटी में आठ आतंकियों का काम तमाम किया गया है, जिनमें चार पाकिस्तानी हैं। बुधवार को पुलवामा में हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए आईजीपी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से 2 एम-4 कारबाइन, एक एके-47 व उसकी मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद बरामद हुए हैं। तीनों आतंकियों के शवों को सुरक्षाबलों ने अपने कब्जे में ले लिया है। मंगलवार को भी कुलगाम में आतंकियों से सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान दो आतंकवादी ढेर हुए थे और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया। इससे पहले मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। दोनों स्थानीय आतंकी लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य बताए जा रहे हैं। फिलहाल इनके नामों के बारे में जानकारी नहीं मिली है। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर रेंज) कुमार ने बुधवार को जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों के मारे जाने को एक बड़ी सफलता बताया। कुमार ने ट्वीट किया, 'एक पाकिस्तानी समेत जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादी मारे गये। दो एम-4 कार्बाइन और एक एके सीरीज राइफल सहित आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। हमारे लिए एक बड़ी सफलता।'



पुलवामा में मुठभेड़ स्थल के पास तैनात सुरक्षा बल के जवान

## घने बादलों में फंसने से हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटना

नयी दिल्ली : देश के पहले प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत का हेलिकॉप्टर पिछले महीने अचानक घने बादलों में फंसने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और किसी तकनीकी गड़बड़ी या तोड़ फोड़ के कारण यह हादसा नहीं हुआ।

इस दुर्घटना की जांच के लिए गठित कोर्ट ऑफ इंक्वायरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बुधवार को सौंपी रिपोर्ट में यह बात कही है। गत 8 दिसम्बर को कन्नूर के निकट हुई इस दुर्घटना में जनरल रावत, उनकी पत्नी और 12 सैनिकों की मौत हो गयी थी। दुर्घटना की जांच के लिए तीनों सेनाओं के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने रिपोर्ट में हादसे के कारणों के साथ अति विशिष्ट व्यक्तियों की हेलिकॉप्टर यात्रा के संबंध में महत्वपूर्ण सिफारिशें दी हैं। एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता वाली टीम ने रक्षा मंत्री को दुर्घटना के कारणों का खाका भी सौंपा। इस मौके पर वायुसेना प्रमुख विवेक राम चौधरी और रक्षा सचिव अजय कुमार भी मौजूद थे। रिपोर्ट में जिक्र है कि हेलिकॉप्टर के घने बादलों में फंसने से 'कंट्रोल्ड फ्लाइट इंटू टेरेन' स्थिति बन गयीथी, जिसमें पायलट को कुछ नहीं दिखता और हालात बेकाबू हो जाते हैं।

## देश में कोरोना के 58,097 नये मामले, 'ओमिक्रॉन' के कुल 2,135 मामले

# दिल्ली में कोरोना की तीसरी लहर आ चुकी है : मंत्री

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना की तीसरी लहर आ गयी है। शहर में बुधवार की देर रात तक 10 हजार नये मामले सामने आ सकते हैं और संक्रमण दर 10 प्रतिशत पर पहुंच सकती है।

मंत्री ने यह भी कहा कि अब सभी संक्रमितों के नमूनों का जीनोम अनुक्रमण मुमकिन नहीं है, केवल 300 से 400 नमूनों का ही जीनोम अनुक्रमण किया जा रहा है।

**कोरोना के 58,097 नये मामले**

भारत में अभी तक कोरोना वायरस के नये स्वरूप 'ओमिक्रॉन' के 2,135 मामले सामने आए हैं, जिनमें से 828 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं या अन्य स्थानों पर चले गये हैं। ये मामले 24 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में सामने आए। वहीं, देश में बुधवार को ओमिक्रॉन से पहली मौत राजस्थान के उदयपुर में दर्ज की गयी। इस संक्रमित की मौत पिछले हफ्ते हुई थी। उसके स्वाब के नमूनों में ओमिक्रान की मौजूदगी की पुष्टि हुई है जबकि, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक 653 मामले सामने आए, इसके बाद दिल्ली में 464, केरल में 185, राजस्थान में 174, गुजरात में 154 और तमिलनाडु में 121 मामले सामने आए। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोरोना के 58,097 नये मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,50,18,358 हो गयी है। करीब 199 दिन बाद इतने अधिक दैनिक मामले सामने आए हैं। देश में 534 और संक्रमितों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 4,82,551 हो गयी है। वहीं, उपचाराधीन मरीजों की संख्या करीब 81 दिन बाद दो लाख के पार चली गयी। देश में अभी 2,14,004 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है। पिछले 24 घंटों में कोरोना के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 42,174 की वृद्धि दर्ज की गयी है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोरोना रोधी टीकों की 147.72 करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। वहीं, गोवा से मुंबई तट पर पहुंचे कॉर्डेलिया क्रूज पोत पर सवार 1,827 यात्रियों में से 143 यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए हैं और ये मामले पूर्व में संक्रमित 66 यात्रियों के अलावा हैं।

### कोरोना संक्रमितों के लिए नये दिशा-निर्देश

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड पीड़ितों के इलाज की प्रक्रिया को संशोधित दिशा-निर्देशों में कहा कि कोविड संक्रमण के हल्के और मध्यम लक्षण वाले मरीजों को परीक्षण कराने की तिथि से सात दिन तक चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में 'होम आईसोलेशन' में रहना चाहिए और यदि अंतिम तीन दिन लगातार बुखार नहीं है तो आईसोलेशन की अवधि समाप्त हो जायेगी। इसके लिए मरीज के फिर परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं होगी।



अहमदाबाद में स्वास्थ्यकर्मी छात्रा को कोरोना रोधी टीका लगाती हुई

# प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक 'साजिश', कांग्रेस के 'खूनी इरादे' नाकाम रहे : भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की घटना को 'साजिश' करार देते हुए दावा किया है कि कांग्रेस के 'खूनी इरादे' नाकाम रहे।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली पंजाब की कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि राज्य की पुलिस ने क्या जानबूझकर प्रधानमंत्री के सुरक्षा दस्ते को झूठा आश्वासन दिया, कैसे प्रदर्शनकारी उनके काफिले तक पहुंचे और जब सुरक्षाकर्मियों ने मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क साधने की कोशिश की तो क्यों कोई संवाद नहीं किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में मौजूद भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज एक ऐसी घटना हुई है जो कि भारत के इतिहास में अभूतपूर्व है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिये बगैर कहा कि हम सभी जानते हैं कि चाहे राष्ट्र का विकास हो, राष्ट्र का हित हो या राष्ट्रीय सुरक्षा। सभी को अपनी निजी राजनीति की तराजू पर तौलते-तौलते आज वे इस सीमा तक आ गये कि सरकार के रूप में अपना सांविधानिक दायित्व, राजनीतिक दल की मर्यादा और मानव जीवन का मूल्य तीनों को तार-तार कर दिया।

### पंजाब में लगे राष्ट्रपति शासन : अमरिंदर

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक की घटना के बाद राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का आह्वान किया। सिंह ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रही है।

### प्रधानमंत्री की रैली रद्द की गयी क्योंकि वहां भीड़ नहीं थी : कांग्रेस

**पीएम की सुरक्षा के पूरे प्रबंध थे**

नयी दिल्ली : कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए सुरक्षा के पूरे प्रबंध किये गये थे लेकिन भीड़ नहीं होने की वजह से उनकी रैली रद्द की गयी।

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा पर पलटवार करते हुए यह भी कहा कि आरोप-प्रत्यारोप करने के बजाय भाजपा और प्रधानमंत्री को अपने 'किसान विरोधी रुख' पर आत्ममंथन करना चाहिए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि सड़क मार्ग का उपयोग करना प्रधानमंत्री के पहले से तय कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था। सुरजेवाला ने ट्वीट किया कि प्रधानमंत्री की रैली में 10,000 सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये थे, एसपीजी एवं दूसरी एजेंसियों के साथ तालमेल करते हुए सुरक्षा के पूरे प्रबंध किये गये थे, हरियाणा, राजस्थान से आने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं की सभी बसों के लिए भी रूट बनाया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हुसैनीवाला तक सड़क मार्ग से जाने का फैसला किया। किसान मजदूर संघर्ष समिति प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर विरोध कर रही थी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनके साथ दो दौर की बात भी की थी।

### ऑनलाइन 'सॉल्वर' गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

**रूस से कराते थे हैकिंग**

नयी दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने ऑनलाइन परीक्षा 'हैकिंग/सॉल्विंग' गिरोह का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अभियुक्तों में से एक राज तेवतिया की गिरफ्तारी पर हरियाणा में एक लाख रुपये का इनाम है और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह विभिन्न परीक्षा पोर्टलों तक पहुंच बनाने के लिए रूसी हैकरों का भी इस्तेमाल करता था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभियुक्त 'रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर' डाउनलोड करते थे, जो सुरक्षा उपायों और प्रॉक्टर की पकड़ में नहीं आ पाता था। उन्होंने कहा कि कुल 15 लैपटॉप और नौ मोबाइल फोन जब्त किये गए हैं। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इसमें और लोगों के शामिल होने की आशंका है।

# हजारों बच्चों की मां सिंधुताई पंचतत्व में विलीन

**पुणे (महाराष्ट्र) :** डेढ़ हजार से अधिक अनाथ बच्चों की मां, 150 बहुओं और 300 दामादों वाली प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता सिंधुताई सपकाल का बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ महाराष्ट्र के पुणे में अंतिम संस्कार किया गया।

पद्मश्री से सम्मानित, प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता और 'हजारों अनाथ बच्चों की मां' के तौर पर पहचानी जाने वाली सिंधुताई सपकाल का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थीं। सिंधुताई को महानुभाव संप्रदाय की परम्पराओं के अनुरूप ठोसर पगा कब्रिस्तान में दफनाया गया। विभिन्न क्षेत्रों की कई गण्यमान्य हस्तियों, पुणे जिला प्रशासन तथा पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सिंधुताई को अंतिम विदाई दी। सिंधुताई काफी गरीबी में पली-बढ़ीं और कई परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ा था। उन्होंने अपने जीवन में कई अनाथ बच्चों के लिए कई संस्थानों की स्थापना की। उन्होंने 1,500 से अधिक अनाथ बच्चों की परवरिश की। सिंधुताई को पिछले साल पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। इसके अलावा उन्हें 750 से अधिक अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। पुणे के नवीपेठ इलाकों में सिंधुताई को 'माई' के नाम से लोग पुकारते थे। उनकी अंत्येष्टि के वक्त यहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। सामाजिक क्षेत्र में उनके किये गये योगदान को देखते हुए पूरे देश में उनके निधन पर शोक व्यक्त किया गया है। उनके निधन पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गहन शोक व्यक्त किया है।



सिंधुताई सपकाल को पुणे में अंतिम विदाई देते लोग



सिंधुताई सपकाल को पद्मश्री पुरस्कार नवाजते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद (फाइल फोटो)

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएम की सुरक्षा में गंभीर...

**मार्ग की जानकारी किसने दी? :** प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उन्हें मोदी के रास्ते की जानकारी पहले ही मिल गई थी और उसके बाद लाउडस्पीकर लगाकर लोगों को जमा किया गया। सवाल है कि यह जानकारी केवल पुलिस को थी तो प्रदर्शनकारियों को किसने बताया?

**सुरक्षा बंदोबस्त पर सवालिया निशान :** वीवीआईपी सुरक्षा के जानकार लोगों के अनुसार बठिंडा से इस सुरक्षा चूक से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि मोदी हेलिकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग से जा रहे थे। ऐन मौके पर बदले इस कार्यक्रम की जानकारी केवल पंजाब पुलिस को थी तो फिर उनका रास्ता कैसे रोका गया। दूसरे प्रधानमंत्री के काफिले के रासते पर खड़े प्रदर्शनकारियों को राज्य की पुलिस ने समय रहते हटाया क्यों नहीं गया और अगर प्रदर्शनकारियों अगर हटने को तैयार नहीं थे तो प्रधानमंत्री का रूट क्यों नहीं बदला गया।

**चन्नी ना साथ में आए, ना फोन उठाया :** कार्यक्रम के अनुसार पंजाब के सीएम चन्नी को प्रधानमंत्री का स्वागत करना था और शिलान्यास कार्यक्रमों में साथ रहना था। बुधवार सुबह उन्होंने अचानक अपना कार्यक्रम बदल दिया। **भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा** ने पंजाब की चरणजीत सिंह चन्नी सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि जिस वक्त प्रधानमंत्री का काफिला फंसा हुआ था उस वक्त राज्य के मुख्यमंत्री ने फोन तक नहीं उठाया। मुख्यमंत्री ने फोन पर बात करने या इस मामले का समाधान करने से इनकार कर दिया।

**काफिले को नहीं थी अतिरिक्त सुरक्षा :** गृह मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए सड़क से गुजरते वक्त अतिरिक्त सुरक्षा होनी चाहिए थी लेकिन यहां ऐसा कोई बंदोबस्त नहीं किया गया था। इसकी वजह से उनको बठिंडा लौटना पड़ा। गृह मंत्रालय ने पंजाब सरकार को कहा गया है कि इस मामले में जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाये।

**भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों के बीच नोंकझोंक :** किसान मजदूर संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की बसों और वाहनों को तरन तारन, फरीदकोट, हरिके पत्तन सहित अनेक स्थानों पर रोक दिया। अनेक वाहनों को उन्होंने वापिस भेज दिया। इस दौरान भाजपा और किसान संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच नोंकझोंक भी हुई जिससे टकराव जैसी स्थिति बनती नजर आयी। एजेंसियां

## सूर्य से एलर्जी है या नमस्कार से, यह तो इनकी कुंद बुद्धि जाने : नकवी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा मुस्लिम बच्चों से सूर्य नमस्कार के कार्यक्रमों से दूर रहने की अपील किये जाने के बाद बुधवार को इस संगठन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'फर्जी फतवा की फैक्टरी की एक और फुलझड़ी' है।



मुख्तार अब्बास नकवी ने बोर्ड की अपील से जुड़ी खबरें साझा करते हुए ट्वीट किया, 'फर्जी फतवा फैक्टरी की एक और फुलझड़ी... इन्हें सूर्य से एलर्जी है या नमस्कार से, यह तो इनकी कुंद बुद्धि जाने? पर सूर्य और नमस्कार दोनों ऊर्जा देते हैं, यह दुनिया भर को पता है।' ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मंगलवार को कहा था कि सूर्य नमस्कार के कार्यक्रमों में मुस्लिम समुदाय के बच्चों को शामिल नहीं होना चाहिए, क्योंकि सूर्य की उपासना करना इस्लाम धर्म के मुताबिक सही नहीं है। पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने यह भी कहा था कि सरकार को इससे जुड़ा 'दिशानिर्देश' वापस लेकर देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का सम्मान करना चाहिए। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्रालय ने 16 दिसंबर, 2021 के अपने एक पत्र के माध्यम से कहा है कि 'आजादी का अमृत महोत्सव' के बैनर तले 'राष्ट्रीय योगासन खेल परिसंघ' ने फैसला किया है कि एक जनवरी से सात फरवरी, 2022 तक 75 करोड़ सूर्य नमस्कार की परियोजना चलाई जाएगी। इसमें यह भी कहा गया है कि 26 जनवरी, 2022 को सूर्य नमस्कार पर संगीत कार्यक्रम की योजना भी है।

## 60,000 करोड़ रुपये के पर्ल्स समूह घोटाले में पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नयी दिल्ली :** सीबीआई ने 60,000 करोड़ रुपये के पोंजी घोटाले के सिलसिले में 24 लोगों के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। यह पोंजी योजना कथित तौर पर पर्ल्स समूह द्वारा चलाई जा रही थी। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यहां विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किये गये आरोपपत्र में केंद्रीय एजेंसी ने तीन कंपनियों, पर्ल्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड, एआरएसएस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स लिमिडेड और जैन इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड को भी नामजद किया है। पूरक आरोपपत्र में 11 अभियुक्त कारोबारियों को नामजद किया गया है जिन्हें 22 दिसंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि पर्ल्स ग्रुप ने देशभर के 5.5 करोड़ निवेशकों से अवैध रूप से 60,000 करोड़ एकत्र किए थे।

## 'जवान गैरजरूरी यात्रा करने से बचें'

**नयी दिल्ली (दिल्ली ब्यूरो) :** सेना मुख्यालय ने देश में फिर तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के मद्देनजर अपने अफसरों और जवानों को गैरजरूरी यात्रा से बचने की सलाह देते हुए अपने सभी स्टेशनों और छावनियों से कहा है कि महामारी की रोकथाम के लिए टेस्टिंग, क्वारंटाइन, कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और निगरानी पर जोर दें।

स्टेशन और छावनियों के लिए जारी एडवायजरी में सेना मुख्यालय ने यह जिक्र करते हुए कि सेना में दिसंबर के आखिरी सप्ताह में कोरोना पॉजिविटी रेट 2.34 प्रतिशत रहा है, कहा है कि जिन जगहों पर पॉजिटिविटी रेट 5 से 10 प्रतिशत तक है वहां पर दफ्तरों में कर्मियों की उपस्थिति घटाने, कोर्सेस और ट्रेनिंग कम की जाये। सेना मुख्यालय के अधिकारियों के अनुसार सैनिकों को पॉजिटिविटी रेट के आधार पर स्टेशन और हेडक्वार्टर्स में कदम उठाने को कहा गया है। उदाहरण के तौर पर जिन स्टेशनों पर पॉजिटिविटी रेट 1 से 2 प्रतिशत है वहां पर आकस्मिक और लंबी छुट्टी से लौटने वाले सभी सैनिकों और अधिकारियों की अनिवार्य कोविड टेस्टिंग करने को कहा गया है। इसके अलावा सेना से जुड़े सभी सामाजिक समारोहों को रोक दिया गया है। साथ ही सभी बैठकें अब ऑनलाइन मोड के जरिये की जायेंगी। मुख्यालय ने सभी स्टेशन में आइसोलेशन व क्वारंटाइन की सुविधाएं बनाने को भी कहा है।



गंगोत्तरी में भारी बर्फबारी के बाद वहां की स्थिति

## विश्व पुस्तक मेला -2022 स्थगित

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) ने कहा कि दिल्ली के प्रगति मैदान में आगामी 8-16 जनवरी तक आयोजित होने वाले 30वें विश्व पुस्तक मेले, 2022 को कोरोना महामारी के संदर्भ में दिल्ली प्रशासन के नये निर्देशों के तहत स्थगित किया जा रहा है। पुस्तक मेले की नयी तिथियों की घोषणा जल्द की जाएगी।

## देश में साथ साथ हो बाघ और जल संसाधनों का संरक्षण : यादव

**नयी दिल्ली (दिल्ली ब्यूरो) :** केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघ अभयारण्यों को जल संसाधनों की सुरक्षा एवं संरक्षण की दृष्टि से अहम करार देते हुए देश के सभी बाघ अभयारण्यों को वैश्विक मानकों के तहत विकसित करने के लिए 6 विशेषज्ञ समितियों के गठन की पेशकश की है।यादव ने यहां बाघ संरक्षण प्राधिकरण की 19वीं बैठक में बाघों के संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत के 14 बाघ अभ्यारणय वैश्विक रूप से विकसित कंजर्वेशन एश्योर्ड टाइगर स्टेंडर्ड के तहत मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक दशक में बाघों के सरंक्षण के लिए भारत सरकार बहुआयामी भावी नीति पर काम कर रही है। देश में अभी 51 बाघ अभयारण्य हैं और इनका दायरा बढ़ाने की दिशा में प्रयास जारी हैं। यादव ने इस सिलसिले में विभिन्न अभ्यारण्यों का मुआयना करके बेहतर नीतियां बनाने पर भी जोर दिया। बैठक में चीता सरंक्षण कार्य योजना भी प्रस्तुत की गयी। अगले पांच साल में विभिन्न अभयारण्यों में चीतों की संख्या पचास करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। चीता देश में लुप्त प्रजाति हो गया है। इसके साथ ही एक जल एटलस भी जारी की गयी जिसमें बाघ अभ्यारणयों में जल संसाधनों का ब्योरा दिया गया है।

## सिविल सेवा मुख्य परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से होगी

**नयी दिल्ली :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बुधवार को कहा कि सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2021 अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार से होगी। आयोग ने कोविड-19 के प्रसार पर काबू के लिए सरकारों द्वारा लगाये जा रहे प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए राज्यों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि उम्मीदवारों और परीक्षा अधिकारियों को उनकी आवाजाही में कोई असुविधा न हो, खासकर निषिद्ध क्षेत्र से आने वाले लोगों को। यदि आवश्यक हो तो उम्मीदवारों के ई-प्रवेश पत्रों और परीक्षा अधिकारियों के पहचान पत्रों का उपयोग आवाजाही पास के रूप में किया जा सकता है। आयोग ने एक बयान में कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से उत्पन्न मौजूदा स्थिति की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद आयोग ने सिविल सेवा (मुख्य) परीक्षा, 2021 को कार्यक्रम के अनुसार यानी 7, 8, 9, 15 और 16 जनवरी, 2022 को आयोजित करने का निर्णय लिया है।

" जिसके पास स्वास्थ्य नहीं तो उसके पास कुछ भी नहीं है। "

# सन्मार्ग संजीवनी

## 70% टीकाकरण से रुकेगा ओमिक्रॉन

हेल्थ प्वाइंट



कोविड-19 का ओमिक्रॉन वैरियण्ट तेजी से दुनिया को अपनी चपेट में ले रहा है, जिसके मद्देनज़र, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सभी देशों में 70 प्रतिशत आबादी के लिये, जीवनरक्षक कोरोनावायरस टीकों का वितरण यथाशीघ्र सुनिश्चित किये जाने का आग्रह किया है। उसका कहना है कि 70 प्रतिशत जनसंख्या के टीकाकरण के बाद ही ओमिक्रॉन रुकेगा।

डायबीटीज है तो ब्लड ग्लूकोमीटर से ब्लड शुगर जांचते रहें। सब्जियां, प्रोटीन शामिल करें और आहार में कार्बोहाइड्रेट और वसा कम करें। मीठा, तैलीय खाद्य पदार्थ और कुकीज़, चिप्स, चॉकलेट और सोडा का सेवन बिल्कुल बंद या कम करें।



## ज्ञान विज्ञान अनुसंधान

### लाइफ स्टाइल बदलें, कैंसर से बचें



फ्रांस की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च आन कैंसर के निर्देशक डाक्टर पॉल क्लीहर्स के अनुसार भारत में कैंसर रोग के मुख्य कारण हैं शारीरिक अस्वच्छता, तम्बाकू सेवन और असंतुलित भोजन। उनका कहना है कि जीवन शैली और खान पान के मामले में सतर्कता बरतकर इस खतरनाक रोग से बचा जा सकता है। डॉ. पॉल का कहना है कि विकसित देशों में स्त्रियों में मुख्यत: स्तन कैंसर और पुरूषों में फेफड़ों का कैंसर पाया जाता है जिसका कारण है अनियमित जीवन शैली, मादक पदार्थों का अत्यधिक सेवन और मानसिक तनाव जबकि भारत जैसे विकासशील देशों में महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा और पुरूषों में मुंह और फेफड़े का कैंसर होता है जिसके मुख्य कारण हैं शरीर की अच्छी तरह सफाई का न होना, तम्बाकू व धूम्रपान सेवन, खाने में संतुलित भोजन, हरी सब्जियां तथा सलाद न खाना।

उनका कहना है कि दाल, सब्जी व रोटी जैसा सामान्य भारतीय भोजन करके व प्रसन्नचित्त रहकर इस रोग से बचा जा सकता है। उन्होंने कैंसर से बचाव के लिए नियमित व्यायाम करने और मानसिक तनाव, तम्बाकू, शराब और मोटापे से बचने की सलाह भी दी है। ■

### कम खाने से बढ़ती है उम्र



अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया है कि भोजन में कमी करके दीर्घायु पाई जा सकती है। उन्होंने कुछ जानवरों पर प्रयोग करके पाया कि इन जानवरों को दी जाने वाली कैलोरी की मात्र में 30 प्रतिशत कमी करके उनकी आयु में 30 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। विशेषज्ञों को आशा है कि वे इसके द्वारा मनुष्य के जीवन में 30 प्रतिशत की वृद्धि कर पाएंगे। वे इस अनुसंधान द्वारा ऐसे आहार की खोज कर रहे हैं जो पोषण तो पूरा दे पर कैलोरी कम दे। ■

### मोटापा बढ़ाता है कैंसर का खतरा



अब तक मोटापे को हृदय रोग, मधुमेह और कई अन्य बीमारियों के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है किन्तु अब शोधकर्ताओं ने पाया है कि मोटापा कैंसर रोग के लिए भी जिम्मेदार हो सकता है क्योंकि यह हमारे शरीर में कुछ ऐसे रसायन पैदा करता है जिनसे कई प्रकार के कैंसर पैदा होने में सहायता मिलती है। शोधकर्ताओं के अनुसार इस प्रकार के कैंसर होने की संभावना सर्वाधिक है जिनका संबंध सेक्स हार्मोन एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन से हो जैसे ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर। मोटापे से कोलोन कैंसर होने का खतरा भी बढ़ जाता है क्योंकि बड़े फैट सेल अधिक इंसुलिन बनाते हैं। शोध से यह एक अच्छा समाचार मिला है कि शरीर के वज़न में 5 प्रतिशत की कमी से भी इन कैंसरों से काफी बचाव संभव हैं। ■

### मधुमेह से बचाती है पूरी नींद



शिकागो मेडिकल सेन्टर में शोधकर्ताओं ने एक शोध के दौरान यह पाया कि गहरी नींद की कमी शरीर में शर्करा की मात्र नियंत्रित रखने की क्षमता कम कर देती है। यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर इसरा तसाली के अनुसार नींद बाधित होने से शरीर में स्थित रक्त में शर्करा की मात्र नियंत्रित रखने की क्षमता 25 फीसदी कम हो जाती है। शोधकर्ताओं के अनुसार अधिकांश मधुमेही पूरी नींद न लेने के कारण अधिक अस्वस्थता को महसूस करने लगते हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नींद का पूरी न होना मधुमेह के खतरे को बढ़ा देता है। ■

### धूम्रपान से कम हो सकती है याददाश्त



जो लोग अधिक धूम्रपान करते हैं, वे अब संभल जाए। उन्हें कैंसर का खतरा तो है ही, उनकी याददाश्त भी कम हो सकती है। फ्रांस के राष्ट्रीय चिकित्सा संस्थान के शोधनकर्ताओं ने 35 से 55 साल की उम्र के 10,308 सरकारी कर्मचारियों पर यह अध्ययन किया। शोध में पाया गया कि इनमें से अधिकतर लोगों की उम्र बढ़ने के साथ स्मरण शक्ति कम हो गई। न केवल स्मरण शक्ति बल्कि उनकी तर्क करने की शक्ति में भी कमी आई।

■ (स्वास्थ्य दर्पण)

# क्या आपके दांतों में भी कीड़ा लगा है?

स्वस्थ चमकते दांत सभी को भाते हैं पर आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पूरे विश्व में 90 प्रतिशत लोगों के दांतों में कीड़ा लगा होता है। हम में से प्राय: सभी दांत के दर्द को झेल चुके होते हैं। दांत का दर्द जानलेवा न होते हुए भी जान निकाल लेता है।

दांतों में कीड़ा लगना एक असंक्रामक रोग है। वैज्ञानिकों के अनुसार देश की उन्नति और समृद्धि ही इस मर्ज के बढ़ने का मुख्य कारण है। आप कहेंगे, अरे वाह, यदि हमारा देश उन्नति कर रहा है तो देशवासियों के दांत में कीड़ा क्यों लग रहा है पर यह कटु सत्य है। इसका कारण है हमारा आधुनिक खान-पान, बने-बनाए टॉफी, चाकलेट, केक का सेवन, तरह-तरह के टिन या डिब्बे वाले भोजन, रासायनिक पदार्थों से बने खाने का सेवन, कार्बोहाइडेऊट का अधिक सेवन, ताजे रेशेदार और सख्त भोज्य पदार्थों का भोजन में अभाव। ये कारण हैं जो हमारे दांतों में कीड़ा लगने के लिए पर्याप्त हैं।

इस कीड़ा लगने को वैज्ञानिक भाषा में 'केरिज' कहा जाता है। इसमें दांत सडऩे लगता है और धीरे-धीरे जड़ तक जब यह बीमारी बढ़ जाती है तो दांत गिर जाता है या दर्द के कारण उसे उखड़वाना पड़ता है।



**जब हम भोजन करते हैं तो हमारे दांतों पर एक मुलायम परत सी जम जाती है जो जीवाणुग्रस्त होती है। ये सूक्ष्म जीवाणु एक तेजाब उत्पन्न करते हैं जो दांतों और मसूड़ों पर बुरा प्रभाव डालते हैं। गणनानुसार एक मिलीग्राम परत में 800 लाख जीवाणु होते हैं। यह कीटाणु से भरी परत जब दांतों पर जमी रहती है तो इसी से विभिन्न प्रकार की दांतों की बीमारियां जन्म लेती हैं।**

जब हम भोजन करते हैं तो हमारे दांतों पर एक मुलायम परत सी जम जाती है जो जीवाणुग्रस्त होती है। ये सूक्ष्म जीवाणु एक तेजाब उत्पन्न करते हैं जो दांतों और मसूड़ों पर बुरा प्रभाव डालते हैं। गणनानुसार एक मिलीग्राम परत में 800 लाख जीवाणु होते हैं। यह कीटाणु से भरी परत जब दांतों पर जमी रहती है तो इसी से विभिन्न प्रकार की दांतों की बीमारियां जन्म लेती हैं।

## दांतों की नियमित सफाई करें



वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि महंगे पेस्ट व मंजन का अधिक प्रयोग ही दांतों की सुरक्षा नहीं करता। पेस्ट या मंजन सस्ता हो या महंगा, मुंह को ताजगी देता है, अत: ध्यान रखें कि ढेर-सा पेस्ट या मंजन प्रयोग न करें और अच्छे किस्म के ब्रश का सही तरीके से प्रयोग करना सीखें। बचपन से ही माता-पिता को बच्चों को सिखाना चाहिए कि नियमित खाना या नाश्ता या कुछ भी खाने के बाद दांतों को सिर्फ ब्रश से ही ठीक से साफ करें। सुबह व रात को सोने से पहले थोड़ा-सा पेस्ट या मंजन लगाकर दांतों की नियमित सफाई करें तो आपके दांतों में कभी कीड़ा नहीं लगेगा।

शोधों से पता चला है कि ब्रश का आकार-प्रकार, उसकी लंबाई-चौड़ाई, उसमें लगे बालों की बनावट व क्वालिटी बहुत महत्पूर्ण होती है। अच्छे ब्रश को 2 सेमी. लंबा होना चाहिए तथा बाहर की ओर से सतह बहुत अधिक चौड़ी व लंबी नहीं होनी चाहिए।

वैज्ञानिकों का मत है कि जितनी चौड़ी सतह ब्रश की होगी, उतनी उसकी सफाई की क्षमता कम होगी। बहुत मुलायम ब्रश भी बेकार होता है और अत्यंत कड़ा ब्रश मसूड़ों को नुकसान पहुंचाता है। ब्रश थोड़ा कड़ा होना चाहिए और बाल बहुत पास-पास नहीं होने चाहिए। बाल दूर होने से मसूड़ों की ठीक से मालिश हो जाती है और दांतों के बीच छिपे अन्न कण सरलता से निकल जाते हैं। ■

दांतों की बीमारियों से पाचन शक्ति क्षीण हो जाती है और त्वचा की बीमारियां भी हो जाती हैं। इससे बाल भी झडऩे लगते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार यदि दांतों की ठीक से देखभाल व सफाई की जाए तो दो-तीन पीढिय़ों बाद इस रोग से पूरी तरह छुटकारा पाया जा सकता है। इस बीमारी का इलाज ही है दांतों की ठीक से नियमित सफाई।

कुछ मान्यताएं या धारणाएं हम स्वयं ही अपने मन में पाल लेते हैं क्योंकि बचपन से उन्हें सुनते आए हैं। अब भला मंजन या पेस्ट लगाए बिना कभी कोई दांतों को ब्रश करता है क्या पर संभवत: हम यह नहीं जानते कि पेस्ट व मंजन का दांतों की सफाई से कोई सीधा संबंध नहीं होता। मंजन या पेस्ट मुंह को सुगंधित करते हैं, ताजगी देते हैं पर चमक या सफाई से उनका कोई संबंध नहीं होता।

पेस्ट और मंजन महंगे भी आते हैं, शीघ्र ही समाप्त हो जाते हैं जबकि ब्रश सस्ते भी आते हैं और दो-तीन माह तो बेहद सरलता से प्रयोग किए जा सकते हैं। पुराने समय में दांत कम खराब होते थे क्योंकि तब गांवों में मंजन कोई नहीं जानता था। नीम या बबूल की दातुन ही सबसे अच्छा ब्रश का काम करती है। इससे मुंह की बदबू व गंदगी लार के साथ निकल जाती है और ब्रश का भाग दांतों की सफाई करता है।

### विभिन्न रंगों के दो ब्रश रखें

एक और बात ध्यान में रखने की है कि जो सूक्ष्म जीवाणु दांतों में रहते हैं,ब्रश करते समय ब्रश में लग जाते हैं और ब्रश जब तक गीला रहता है उसमें पनपते रहते हैं परंतु सूखते ही ये जीवाणु मर जाते हैं। ब्रश को पूरी तरह सूखने में 10-12 घंटे का समय लगता है, अत: सुबह प्रयोग किया हुआ ब्रश शाम को प्रयोग न करें। इसलिए विभिन्न रंगों के दो ब्रश अवश्य रखें ताकि एक से आप सुबह दांत साफ करें व दूसरे से रात को। बार-बार गीले ब्रश से दांतों की सफाई के साथ-साथ जीवाणु मुंह में पुन: प्रवेश करते रहते हैं जो ठीक नहीं है।

इस प्रकार जरा-सी सावधानी व सूझबूझ से आप व आपके घर के अन्य सदस्य अपने दांतों की देखभाल करें तो आपके दांतों में कभी कीड़ा नहीं लगेगा और आप नकली दांत व टूटे दांतों की समस्या से आसानी से बच सकेंगे।

■ **सीतेश कुमार द्विवेदी**

# बुढ़ापा भी रोकता है विटामिन ई

आपको केवल भोजन से शरीर की जरूरत के अनुसार विटामिन ई मिल ही नहीं सकता। गिरिदार फलों में अधिक विटामिन ई होता है लेकिन यदि आप मूंगफली, बादाम, इत्यादि लेते भी हैं तो भी विटामिन ई आपको उतनी मात्र में नहीं मिलता जितनी आपके शरीर को जरूरत है। आपको लगभग 100 यूनिट मात्रा में विटामिन ई नित्य चाहिए। यह आपको चार प्याले मूंगफली या फिर ढाई किलो पालक में मिलेगा- अब आप इतना तो खा नहीं सकते- इसलिए आपको विटामिन 'ई' की गोलियों से ही इसे पूरा करना होगा।

विटामिन ई सर्दी, जुकाम और फ्लू से भी बचाता है। खांसी रोकने के लिये भी यह लाभदायक है। यह बीमारी से लडऩे की ताकत पैदा करता है। लगभग 20,000 सिगरेट पीनेवाले लोगों पर एक खोज की गयी। जो लोग 50-65 साल की उम्र के थे, उन्हें बड़ी मात्रा में विटामिन ई की गोलियां दी गयी। एक या दो महीनों में ही उनकी सेहत पर बहुत अच्छा असर पड़ा।

यदि आप इस विटामिन का सेवन विटामिन 'सी' के साथ करते हैं तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। सनबर्न हो जाने पर भी यदि आप विटामिन ई युक्त क्रीम लगायें तो बहुत लाभ होता है। यह क्र ीम चेहरे के दाग धब्बे मिटाती है और झुर्रियां भी दूर करती है।




यह सब फायदे देखते हुए आपको सही मात्र में विटामिन 'ई' जरूर लेना चाहिए। विटामिन 'ई' एक अनमोल विटामिन माना जाता है। यह अनेक प्रकार से लाभ करता है। यह इतना चमत्कारी है कि इसके इस्तेमाल से दिल के दौरे, कैंसर और सर्दी जुकाम इत्यादि से आपको लाजवाब फायदा होता है। इसके अनेक उपयोगों पर कई प्रकार की खोज करने पर इसके और उनके लाभ सामने आए हैं।

अमरीका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजिंग ने बूढ़े व्यक्तियों पर एक खोज की। यह खोज 65 साल से ऊपर उम्र के लोगों पर की गयी। इस खोज ने साबित किया कि जो लोग 45-50 साल की उम्र से विटामिन ई ले रहे थे उनकी सेहत बहुत अच्छी थी। केवल यही नहीं, जिनको दिल की बीमारी थी, उनको भी दिल के दौरे का खतरा कम हो गया।

विटामिन ई अर्थोरोक्लोरोसिस, जो दिल का दौरा पैदा करता है, उससे भी मुक्ति दिलाता है। यह सिगरेट व तम्बाकू लेने वाले लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है। यह जोड़ों के दर्दों में भी आराम देता है। अलजाइमर और पागलपन के दौरों जैसी खतरनाक बीमारियों को भी यह रोकता है।

केवल बीमारी के लिये ही हम सब को विटामिन ई की जरूरत नहीं पड़ती। यदि आप पौष्टिक आहार ले रहे हैं और आपका खानपान भी अच्छा है, तब भी आपको विटामिन ई की जरूरत पड़ती है। हृदयरोग, थायरायड और गठिया-ग्रस्त रोगियों को यह विटामिन डॉक्टर से पूछ कर लेना चाहिए।

सबसे बढिय़ा बात जो विटामिन ई के सेवन की है वह यह है कि बुढ़ापे के साथ जो समस्यायें आती हैं यह उन्हें रोकता है। यही कारण है कि इसे आज के युग का चमत्कारी विटामिन माना जाता है।

■ **अम्बिका** (स्वास्थ्य दर्पण)

# हंसो हरदम, खुशी हो या गम



भौतिकता की अंधदौड़ में मनुष्य अपना बहुत कुछ खोता चला जा रहा है, जिनमें हंसी सबसे मूल्यवान है। आधुनिक जीवनशैली ने हमें तनाव, निराशा व कुंठा से भर दिया है और हंसने-हंसाने का अवसर लगातार कम होता चला जा रहा है। इससे कई बीमारियां व जटिलतायें पैदा हो रही हैं जिसके निपटारे के लिये 'लाफिंग क्लब' व 'लाफिंग थेरेपी' इत्यादि की जरूरत महसूस की जा रही है। वैज्ञानिकों, डॉक्टरों, दार्शनिकों व समाजशास्त्रियों ने भी हंसी को मनुष्य के जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताया है।

### यहां प्रस्तुत हैं हंसी की हकीकत

- हंसना हमारे मनुष्य होने का प्रमाण है क्योंकि सिर्फ मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो खुलकर हंस सकता है।
- हंसना एक मुफ्त में मिलने वाला टॉनिक है इससे हमारा मन व शरीर दोनों स्वस्थ होते हैं।
- हंसना एक व्यायाम है इससे सीने व पेट का स्नायु मजबूत होता है और शरीर के लिये लाभदायक एन्डोर्फिन नामक हार्मोंस भी सक्रि य होता है।
- हंसने से चेहरे व शरीर की मांसपेशियां क्रि याशील होती हैं। इससे तनाव, ऊब, अवसाद तथा सिरदर्द व पीठ दर्द में आराम मिलता है।
- हंसने से त्वचा के बंद छिद्र खुलते हैं जिससे शरीर में मौजूद विषैले द्रवों के बाहर निकलने में आसानी होती है।
- हंसने से रक्त संचार ठीक होता है और खून बढ़ता है। इससे अनिद्रा नहीं होती और लंबी आयु की प्राप्ति होती है।
- हंसना पौरूषहीनता, ब्लडप्रेशर व कैंसर इत्यादि गंभीर बीमारियों में भी लाभदायक है।
- दार्शनिक ओशो का कहना है कि 'हंसी चेतना का सर्वोच्च शिखर है।'
- हंसते हुये बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध जापानी संत होतेई का कहना है- 'तुम नाहक ही रो रहे हो। तुम्हारा रोना बिलकुल निजी है। पूरा अस्तित्व हंस रहा है। चांद-तारे, फूल-पक्षी सभी हंस रहे हैं। खोलो आंख, हंस लो। मेरा कोई और संदेश नहीं है।'
- हंसी से आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। एक हंसोड़ अभिनेता का कहना है कि 'हंसना दो लोगों के बीच का न्यूनतम अंतर है।'
- तो हो जाइए तैयार हंसने-हंसाने के लिये। इससे आप स्वस्थ रहेंगे, दूसरों के जीवन में भी खुशी आयेगी और आपसी रिश्ता भी मजबूत होगा। अत: हमेशा हंसते, मुस्कुराते रहें और याद रखें 'हंसो हरदम, खुशी हो या गम।'

■ **सुधांशु शेखर** (स्वास्थ्य दर्पण)

# अपनी सेहत का ध्यान स्वयं रखें

- नकसीर में खून आता हो तो पके हुए केले को मिश्री के साथ कुछ दिनों तक सेवन करने से नकसीर से खून निकलना बंद हो जाता है।
- नासूर में पुनर्नवा की जड़ को पानी में पीसकर लगाने से आराम मिलता हैं।
- नीम के पत्तों के क्वाथ से दिन में दो-चार बार धोने से नासूर नष्ट हो जाते हैं।
- नासूर रोग पर शहद या घी में नीम के पत्तों को पीसकर टिकिया बनाकर बांधने से ठीक हो जाता है।
- नेत्रों का सौंदर्य अधिक बढ़ाने के लिए नेत्रों का व्यायाम करना अति आवश्यक होता है। बिना सिर को घुमाये गर्दन सीधी रखकर अपनी आंखों की पुतलियों को दाहिने से बायें और बायें से दाहिने, जहां तक घुमा सकें, घुमाना चाहिए। इसके लिए कोई विशेष नियम अथवा समय नहीं है। आप जब चाहें उक्त व्यायाम को करें। जहां तक हो सके प्रतिदिन इनको करें। उक्त विधि व्यायाम से नेत्र सुन्दर और स्वस्थ हो जाते हैं।
- कान में हो रहे सामान्य दर्द को दूर करने के लिए तुलसी के पत्तों के रस कपूर में मिलाकर गुनगुना करके कुछ बूंदें डालने से लाभ होता है।
- कान में बहुत तेज दर्द होता हो तो मूली का रस निकालकर सरसों के तेल में मिलाकर गुनगुना करके कान में डालते ही दर्द से राहत मिल जाती है।
- सिर दर्द होने पर अदरक को पीसकर माथे पर लेप करने से भयंकर सिर दर्द की पीड़ा शांत हो जाती है।
- सिर में लगातार दर्द बना रहता हो तो तुलसी के रस की कुछ बूंदें नाक में डालने से लाभ होता है।
- सिर दर्द का रोग पुराना हो तो तुलसी के 25 पत्ते, 10 काली मिर्च और 10 लहसुन की कलियां मिलाकर इन सबको एक साथ पीसकर, रस निकालकर थोड़ी-थोड़ी देर बाद जोर से सूंघने से सिर दर्द में आराम मिल जाता है।
- चक्कर आने पर तुलसी के रस में चीनी मिलाकर सेवन करने से चक्कर ठीक हो जाते हैं।
- मस्तक के जिस भाग में दर्द होता हो, उसके दूसरी ओर के नथुने में चार बूंदें नींबू के रस की डाल लेने से आधा सीसी सिर दर्द का रोग दूर हो जाता है।
- सिरदर्द होने पर जायफल घिसकर उसका लेप माथे पर लगाने से सिरदर्द दूर हो जाता है।
- बाल झड़ (गिर) रहे हों और सफेद हो रहे हैं तो आप अपने दोनों हाथों की दसों उंगलियों के नाखूनों को आपस में प्रतिदिन दस से पन्द्रह मिनट तक घिसने से लाभ मिलता है।

■ **डॉ. इन्दीवर मिश्र**(स्वास्थ्य दर्पण)

## अपनी सेहत, अपने हाथ



# कम खाइए, फिट रहिए

संतुलित आहार लेना हर इंसान के लिए उतना ही आवश्यक है जितना जीने के लिए सांस का लेना जरूरी है परन्तु कैलोरीज को खर्च करना भी उतना ही आवश्यक है। शरीर को प्रतिदिन कितनी कैलोरीज की आवश्यकता है, यह हर इंसान के बेसल मेटाबोलिक रेट पर निर्भर करता है।

यदि आप अपने आप को मेनटेन करना चाहते हैं तो कुछ बातों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें।

रेशेदार भोजन आपका पेट कम करने में सहायक होता है, इसलिए अपने भोजन में इसको शामिल करें जैसे सलाद, कुछ फल और सूप आदि।

- दिन में तीन बड़े आहार और दो छोटे आहार अपने भोजन का हिस्सा बनायें। आहार लेते समय भोजन की मात्र पर विशेष ध्यान दें। थोड़े समय में अंतर पर थोड़ी मात्र लिया आहार आपकी भूख को शांत रखने में सहायक होगा।
- अपनी प्लेट में भोजन जरूरत से कम डालें और उसे चबा कर आराम से खायें। अधिक भूख लगने पर बिल्कुल थोड़ा सा भोजन और लें।
- गरिष्ठ भोजन खाते समय उसकी मात्र की सीमा को पहले से तय कर लें क्योंकि अधिक तला और मीठा भोजन आपके शरीर में जम जायेगा।
- यदि पहले से निश्चित हो कि पार्टी में जाना है तो घर से सलाद, फल या सूप का सेवन अवश्य करके जायें जिससे पार्टी पर आप अपने पर नियंत्रण रख सकें।

दिन में 10 से 12 गिलास जल पीएं।

तनावपूर्ण वातावरण में भोजन करने से कतराएं। स्वयं भी भोजन के समय तनावमुक्त रहने की कोशिश करें।

- परिवार के साथ इकट्ठे बैठकर ही भोजन करें।
- फास्ट फूड अधिक कैलोरी देते हैं, इसलिए इसे अपने भोजन में शामिल न करें।
- अपने आप को खुश रखें और आस पास का वातावरण भी हल्का बनाए रखें जिससे तनाव नहीं बढ़ेगा।
- शरीर को संतुलित भोजन के साथ उचित आराम भी अवश्य दें। अपनी कैपेसिटी से ज्यादा काम न करें। ऐसा करने से आपकी सेहत पर असर होगा।
- शरीर की चुस्ती और स्फूर्ति के लिए प्रतिदिन सुबह, शाम घूमें और हल्का व्यायाम अवश्य करें।
- पुरुषों को अधिक कैलोरीज की आवश्यकता होती है और स्त्रियों को उनसे कम, इसलिए महिलाओं को पुरुषों का खाने में मुकाबला नहीं करना चाहिए।
- अपने प्रतिदिन के भोजन में अंकुरित सलाद को स्थान दें ।
- भोजन में तब्दीली बनाए रखें नहीं तो आप जल्दी ही अपने भोजन से बोर हो जायेंगे।
- बासी भोजन न खायें। कोशिश करें कि थोड़ा खाना पकायें जो एक या दो बार में खत्म हो जाये क्योंकि बासी भोजन अपना महत्व और पौष्टिकता खो देते हैं।
- जब परिवार के साथ इकट्ठे बैठकर भोजन किया जाता है तो बातों-बातों में आवश्यकता से अधिक खा लिया जाता है इसलिए अधिक खाने पर नियंत्रण रखें।
- टी. वी. देखते समय स्नैक्स के रूप में लोग कुछ न कुछ खाते रहते हैं और टी. वी. देखने की मस्ती में पता ही नहीं चलता कि कब नमकीन या वैफर्स का पैकेट खत्म हो जाता है। इसलिए टी. वी. देखते वक्त ऐसे खाने पीने की आदत मत डालिए।

■ **नीतू गुप्ता** (स्वास्थ्य दर्पण)

# संजीवनी



नवीनतम शोधों से पता चला है कि जो व्यक्ति खर्राटे लेते हैं, वे लोग खर्राटे न लेने वाले व्यक्तियों की तुलना में कम बुद्धिमान होते हैं। अमेरिका में हुए एक शोध से पता चला है कि खर्राटे लेने से मस्तिष्क में कुछ सेल्स नष्ट होते हैं क्योंकि इस आदत के कारण शरीर को पर्याप्त आक्सीजन नहीं मिल पाती। शोध में यह भी पाया गया कि खर्राटे लेने वाले व्यक्ति बुद्धिमता में भी कम होते हैं। उनका विजुअल कोऑर्डिनेशन भी अच्छा नहीं होता।

## महानगर

## रूमेटोइड अर्थराइटिस (आरए) में फिजियोथेरेपी

**रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है? रूमेटोइड अर्थराइटिस (आरए) या रूमेटोइड गठिया** पुरानी सूजन की ऐसी अवस्था है जो 1-2% वयस्क आबादी को प्रभावित करती है। यह पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक आम है। यह आमतौर पर 25 से 40 साल की उम्र के बीच दिखाई देता है। यह दर्द, विकलांगता और कार्य न कर पाने का कारण बनता है। यह ऑटोइम्यून गठिया का सबसे आम प्रकार है। यह शरीर की दोषपूर्ण प्रतिरक्षा प्रणाली से शुरू होता है। इसके सामान्य लक्षणों में शामिल हैं :

- एक से अधिक जोड़ों में अत्यधिक दर्द।
- एक से अधिक जोड़ों में अकड़न।
- शरीर के दोनों तरफ (बाएं और दाएं) एक से अधिक जोड़ों में नरमाई और सूजन/जलन।
- जोड़ के आसपास की मांसपेशियों का नुकसान
- वजन घटना।
- हल्का बुखार/ हल्की सूजन
- सामान्य थकावट और एनर्जी घटी हुई महसूस होना।

**कई तरह से उपचार का दृष्टिकोण**

- दवा - रुमेटोलॉजिस्ट द्वारा सुझाई गई
- फिजियोथेरेपी
- अपर्याप्त दर्द नियंत्रण के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण

**फिजियोथेरेपी कैसे मदद करती है?**

- दर्द घटाती है
- सूजन कम करती है
- जोड़ को खराब होने से बचाती है
- सामान्य दैनिक गतिविधियों का रखरखाव
- जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करती है

बीमारी के कोर्स को दो तरह से बांट सकते हैं। पहला, जब जोड़ या जोड़ों में बेहद दर्द और सूजन हो, तब तीव्र अवस्था (एक्यूट फेज) और दूसरा, जीर्ण अवस्था (क्रोनिक फेज), जब जोड़ों का दर्द कम हो जाता है लेकिन जोड़ सख्त हो जाता है या जोड़ों का हिलना-डुलना

**भड़कने वाली अवधि में फिजियोथेरेपी उपचार**

जितना हो सके आराम करें
पट्टी करना (जोड़ों को आरामदायक स्थिति में रखते हुए)
**शीत उपचार :** सूजन वाले गर्म जोड़ों के तापमान को उसी तरह से कम करना, जैसे हम बुखार के दौरान तापमान घटाने के लिए कोल्ड कम्प्रेस लेते हैं
दर्द को नियंत्रित करने के लिए TENS (ट्रांसक्यूटेनियस इलेक्ट्रिकल नर्व स्टिमुलेशन) / अल्ट्रासाउंड करना
जोड़ को चलता हुआ रखने और जोड़ के आसपास की मांसपेशियों को लचीला बनाए रखने के लिए हल्की हलचल

**जीर्ण अवस्था के दौरान फिजियोथेरेपी उपचार**

- जोड़ों की गतिशीलता हासिल करने और मांसपेशियों की ताकत में सुधार करने के लिए व्यायाम
- दर्द से राहत और आराम के लिए गर्म पैक, शॉर्ट-वेव डायथर्मी जैसे हीटिंग तौर-तरीकों का उपयोग
- नियमित रूप से व्यायाम करके सामान्य फिटनेस में सुधार करना - पानी में व्यायाम, पानी में चलना, तैराकी, साइकिल चलाना सहायता करता है



**डॉ. शबनम अग्रवाल**
पीएचडी
चीफ फिजियोथेरेपिस्ट (बेल व्यू क्लीनिक)
डायरेक्टर एजुकेशन- नोपानी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस

### गंभीर रोग है रूमेटोइड अर्थराइटिस

रूमेटोइड अर्थराइटिस कोई हल्की बीमारी नहीं है क्योंकि यह किसी व्यक्ति को उसके पूरे जीवन भर प्रभावित करती है। कुछ के लिए यह बेहद गंभीर है और हो सकता है दूसरों के लिए ऐसा न भी हो। हिलने-डुलने या व्यायाम की कमी और दवा के प्रति लापरवाही बरतने से विकृति हो सकती है। जो भी हो, रोगियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी दवा नियमित रूप से लें, नियमित रूप से व्यायाम करें, सामान्य फिटनेस बनाए रखें और सक्रिय रहें। ■

## व्यायाम दूर करता है डिप्रेशन



विशेषज्ञों के अनुसार डिप्रेशन में व्यायाम भी उतना ही लाभप्रद होता है जितनी दवाइयां। नोर्थ केरोलीना में दरहम में ड्यूक यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ डॉ स्टीव हरमन ने 50 की उम्र से अधिक 156 डिप्रेशन के रोगियों पर एक अध्ययन किया। इस शोध में उन्होंने इन रोगियों को तीन समूहों में बांटा। एक समूह ने सप्ताह में तीन बार नियमित व्यायाम किया। एक समूह को डिप्रेशन दूर करने की दवाइयां दी गई और एक ग्रुप ने दवाइयां भी लीं और नियमित व्यायाम भी किया। चार मास के पश्चात अध्ययन करने पर तीनों समूहों के रोगियों में सुधार आया परन्तु 6 महीने के पश्चात् इन रोगियों के अध्ययन के फलस्वरूप पाया गया कि जिस समूह ने नियमित व्यायाम किया, उन्होंने डिप्रेशन रोग से पूर्णत: मुक्ति पा ली, अन्य समूहों की तुलना में। ■

## कैल्शियम की अधिक मात्रा पथरी बनाती है




खान-पान की गलत शैली से एक और रोग 'गुर्दे में पथरी' के रोगी भी अधिक हो रहे हैं। इस पथरी के बनने के कारण हैं-मिट्टी, प्रदूषण, पानी की कम मात्र का सेवन और पसीने के रूप में शरीर से पानी का कम निकलना। विशेषज्ञों के अनुसार पथरी से बचाव के लिए जरूरी है अधिक से अधिक पानी पीना। गुर्दे में पथरी का कारण भोजन में कैल्शियम की अधिक मात्र है। साफ्ट ड्रिंक्स का अधिक सेवन और दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन भी गुर्दे में पथरी का कारण बन सकता है। ■

**पाठकों से!**
**'संजीवनी' में प्रकाशित रचनाएं अनुभवी और कुशल लेखकों द्वारा लिखी जाती हैं। फिर भी इन रचनाओं और लेख को पढ़कर कोई भी उपचार करने, औषधि का सेवन करने अथवा किसी तरह का व्यायाम/ योगासन करने से पहले योग्य चिकित्सकों अथवा विशेषज्ञों से अवश्य परामर्श ले लें। — सम्पादक**

# औषधीय गुणों से भरपूर है पीपल

मोरासी परिवार का पीपल एक पवित्र व धार्मिक वृक्ष है। इसका वनस्पतिक नाम फीकुस रेलिजिओसा लिनिअस है। मंदिरों, धर्मशालाओं, बावड़ियों तथा रास्ते के किनारों पर यह आमतौर पर उगाया जाता है। पीपल एक विशाल आकार का मानसूनी वृक्ष है। इसकी पत्तियां ।दयाकार होती हैं। इसका तना ललाई लिए हुए सफेद व चिकना होता है। इसके फल छोटे गोल तथा छोटी शाखाओं पर लगते हैं। इसकी छाल भूरे रंग की होती है तथा तने एवं शाखाओं को गोदने पर इससे सफेद गाढ़ा दूध निकलता है।

पीपल धार्मिक रूप से ही नहीं, औषधीय रूप से भी बहुत उपयोगी वृक्ष है। अनेक छोटी बड़ी बीमारियों के इलाज में पीपल बहुत उपयोगी होता है। पीपल के पांच पत्तों को दूध में उबालकर चीनी, खांड डालकर दिन में दो बार सुबह-शाम पीने से जुकाम, खांसी और दमा में बहुत आराम होता है। इसके सूखे पत्ते का चूर्ण भी खासा उपयोगी होता है। इस चूर्ण को जख्मों पर छिड़कने से फायदा होता है।

पीपल के अंकुरों को मिलाकर पतली खिचड़ी बनाकर खाने से दस्तों में आराम मिलता है। यदि रोगी को पीले रंग के दस्त जलन के साथ हो रहे हों तो इसके कोमल पत्तों का साग रोगी को खिलाना चाहिए।

पेचिश, रक्तन्नव, गुदा का बाहर निकलना तथा बुखार में पीपल के अंकुरों को दूध में पकाकर इसका एनिमा देना बहुत लाभकारी होता है। पीपल के फल भी बहुत उपयोगी होते हैं। इसके सूखे फलों का चूर्ण पानी के साथ चाटने से दमा में बहुत आराम मिलता है। खांसी होने पर इसी चूर्ण को शहद के साथ चाटना चाहिए। दो माह तक लगातार नियमित रूप से इस चूर्ण का सेवन करने से गर्भ ठहरने की संभावना बढ़ जाती हे। पीपल की छाल के काढ़े से कुल्ला करने से दांत दर्द में आराम मिलता है और मसूड़े मजबूत होते हैं। जख्मों को छाल के काढ़े से धोने से वे जल्दी भरते हैं। जख्मों पर यदि चमड़ी न आ रही हो तो बारीक चूर्ण बुरकाना चाहिए। हड्डी टूटने पर छाल को बारीक पीसकर बांधने से लाभ मिलता है। छाल को पीसकर लेप करने से रक्त-पित्त विकार शांत होता है।

कान में दर्द के उपचार के लिए पीपल के कोमल पत्ते पीसकर उसे तिल के तेल में हल्की आंच पर पका लें। फिर इसे ठंडा कंर लें और हल्का सा गुनगुना होने पर कान में डालने से आराम मिलता है।

पैरों की एडिय़ां फटने या त्वचा के फटने पर उसमें पीपल का दूध लगाना चाहिए। पीपल के फल, जड़ की छाल और कॉपलों को दूध में पकाकर छान लें। इससे शहद या चीनी मिलाकर पीने से पुरुषत्व शक्ति बढ़ती है। पीपल की जड़ के काढ़े में नमक और गुड़ मिलकार पीने से तीव्र कुक्षि शूल में शीघ्र लाभ होता है। पीपल की सूखी छाल को जलाकर जल में बुझा लें। इस जल के सेवन से उल्टी तथा प्यास शांत हो जाती हे। शुक्राणु क्षीण होने की स्थिति में पीपल की छाल के काढ़े में दूध पकाकर पी लें। यदि मूत्र नीले रंग का आता है तो रोगी को पीपल की जड़ की छाल का काढ़ा दें। प्रमेह विकारों में पीपल के 6 ग्राम बीज घोंट लें। इसमें शहद मिलाकर छाछ के साथ इसका सेवन करें। गनोरिया में भी पीपल की छाल बहुत उपयोगी है। विभिन्न यौन विकारों में पीपल के काढ़े से योनि प्रक्षालन को श्रेष्ठ माना गया है। मूल तथा प्रजनन सहति से पैत्तिक विकारों में पीपल की छाल के काढ़े में शहद मिलाकर सेवन करने से तुरंत लाभ मिलता है। ■

**चेतन चौहान** (स्वास्थ्य दर्पण)



## पेट्स से उपचार

पालतू जानवर मनुष्य के लिए न केवल उपयोगी होते हैं अपितु पालतू जानवरों का स्पर्श और साहचर्य भी उपचारक होता है। पालतू जानवर कई मायनों में अच्छे मित्र या सहायक सिद्ध होते हैं क्योंकि ये प्रतिवाद नहीं करते। इनके कारण मनुष्य अधिकाधिक शांति का अनुभव करता है। क्रोध और उत्तेजना से बचा रहता है।

मानवीय संबंध कहीं न कहीं स्वार्थों से जुड़े होते हैं लेकिन मनुष्य और जीव जंतुओं का संबंध बिना किसी शर्त और बिना स्वार्थ के होता है। ये संबंध मनुष्य में अच्छे गुणों का विकास करने में सक्षम हैं। मनुष्य जितना अधिक अच्छे गुणों से युक्त होगा, जितना अधिक सकारात्मक भावों से ओतप्रोत होगा, उतना ही अधिक स्वस्थ और रोगमुक्त होगा। पेट्स से उपचार का आधार वास्तव में उनका सीधा-सच्चा प्यार है। उनका भोलापन मन मोह लेता है। उनकी स्वामीभक्ति, आत्मविश्वास और भावनात्मक स्थिरता प्रदान करती है। यदि हम विश्व साहित्य का अवलोकन करें तो पाते हैं कि अधिकांश साहित्य जहां मनुष्य के छल-कपट, धोखाधड़ी और बेईमानी, अत्याचार तथा बेवफाई से भरा है, वहीं जानवरों की वफादारी, प्यार और सहयोग के प्रसंग ही मिलेंगे। नन्हे जीव-जंतुओं से लेकर विशालकाय हाथी तक सभी मनुष्य के सहयोगी और वफादार रहे हैं। स्वामिभक्त घोड़ों और कुत्तों की मिसालों से साहित्य भरा पड़ा है।

पशु-पक्षी संवेदनशील भी कम नहीं होते। वे मनुष्य की अपेक्षा कहीं अधिक संवेदनशील होते हैं। मित्र-शत्रु को पहचानने की उनमें अद्भुत क्षमता होती है। मनुष्य जब उन्हें अपनाता है, उनकी देख-भाल करता है अथवा उन्हें कष्ट नहीं पहुँचाता तो वे भी मनुष्य को स्नेह प्रदान करने में पीछे नहीं रहते और यह मनुष्य के आध्यात्मिक विकास में सबसे



अधिक सहायक होता है। मित्र के सामने वे बेख़ौफ़ होकर पूरी तरह से समर्पित होते हैं तो शत्रु से सावधान भी।

पशु-पक्षियों की इसी संवेदनशीलता के कारण उनके सान्निध्य में मनुष्य के भावनात्मक संतुलन को दृढ़ता मिलती है। इससे मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा रहता है और तनाव या भावनात्मक असंतुलन की अवस्था में शीघ्र संभल जाता है तथा रोग होने पर शीघ्र रोगमुक्त भी हो जाता है। **सीताराम गुप्ता**(स्वास्थ्य दर्पण) ■

## फिलपांव : कारण एवं उपचार

श्लीपद, **फायलेरिया**, फिलपांव आदि के नामों से जाना जाने वाला यह रोग सामान्यत: दूषित जलवायु से उत्पन्न होने के कारण कफ वात प्रधान होता है। इस रोग में किसी भी मांसल हिस्से में खासकर कमर तथा पांव में सूजन हो जाती है, साथ ही बुखार भी हो जाता है।

आयुर्वेद के अनुसार श्लीपद, वातज, पित्तज एवं कफज तीनों प्रकार के होते हैं। वातज श्लीपद में प्रभावित त्वचा काली, रूखी और फटी-सी हो जाती है। बुखार तेज हो जाता है। पित्तज श्लीपद में त्वचा नरम और पीली हो जाती है तथा उसमें जलन भी होती है। कफज श्लीपद में त्वचा चिकनी, सफेद, पीली और भारी हो जाती है। जिस श्लीपद की त्वचा सर्प की बांबी के समान बढ़ी हुई और जिस पर कांटे उगे होते हैं, वे असाध्य माने जाते हैं।

पाश्चात्य मतानुसार श्लीपद रोग की उत्पत्ति एक प्रकार के कृमि द्वारा होती है। भारत में 'बुचरेरिया' एवं 'बैक्रोफ्टी' श्लीपद कृमि पाए जाते हैं।

इस रोग का प्रसार एनोफिल्स व पैटिगैस जाति के मादा मच्छरों से होता है। रोगी व्यक्तियों को काटने के दस-बीस दिन बाद यह मच्छर, संक्रामक हो उठते हैं और जिन-जिन को काटते हैं उन सब के शरीर में कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। कीटाणु शरीर में संतानोत्पत्ति करते हैं और रक्तवाहिनियों का अवरोध कर रोग उत्पन्न करते हैं। मर जाने पर इनके शरीर पथरी का रूप धर लेते हैं।

इस रोग का आक्रमण युवकों पर अधिक होता है।शुरू से आधी रात के समय जाड़ा देकर बुखार आता है जो पांच दिनों के बाद पसीना देकर उतर जाता है। मान्यता है कि इस बुखार का आक्रमण अधिकतर एकादशी, पूर्णिमा व अमावस्या के दिनों में ही अधिक होता है। ऋतु की इन तिथियों में शीत का प्रकोप कुछ बढ़ जाता है जिससे यह बीमारी प्रभावित होती है। बुखार के साथ ही पैरों में तथा अन्य अंगों में भी सूजन बढऩे लग जाती है। कुछ दिनों के बाद त्वचा स्थायी रूप से मोटी हो जाती है।

केला, दही, अत्यंत ठंडा पानी, सुराही का पानी, नारियल का पानी, इमली, मटर, उड़द, चना, मैदा, बासी वस्तु, मांस, मछली, कटहल आदि का प्रयोग बीमारी को बढ़ा देता है। रोगी को पुराना चावल, गेहूं, मूंग, अरहर, नेनुआ, परवल, शाक, सूखे मेवे तथा गरम दूध और जल का सेवन करना चाहिए।

आरम्भिक अवस्था में उपचार न कराने से मृत्यु तक हो सकती है। आयुर्वेद में कुछ अचूक औषधियां हैं जिनका कुछ दिनों तक सेवन करने से यह रोग समाप्त हो जाता है। निम्नांकित औषधियां सेवनीय हैं-

- सूजन स्थान पर शोध शार्दूल तेल की दिन में दो बार मालिश करें।
- पंच सकार चूर्ण एक से 2 चम्मच की मात्र में सप्ताह में 2-3 बार तक भोजन के बाद रात में गर्म पानी के साथ सेवन करने से कब्ज दूर होकर श्लीपद शांत होता है।
- नित्यानंद रस प्रात: सायं एक-एक गोली की मात्रा में जल या गोमूत्र के साथ लेना हितकर होता है। गोमूत्र के साथ काफी प्रभावकारी होता है। औषधियां आसानी से मिल जाती हैं।

**आनंद अनंत** (स्वास्थ्य दर्पण) ■

## जब फटने लगें आपके होंठ

शीत ऋतु के आगमन के साथ ही अनेक त्वचा रोगों का भी आगमन हो जाता है। अन्य रोगों के साथ ही होंठ फटने की समस्या भी आम होने लगती है। कई मर्तबा होंठ इतने अधिक फट जाते हैं कि उनमें दरारें पड़ जाती हैं जिनसे खून रिसना आरंभ हो जाता है। ऐसी स्थिति में खाने-पीने में भी अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कटे-फटे होंठ चेहरे की सुंदरता पर भी ग्रहण लगा डालते हैं।



शरीर में विटामिन 'ए' तथा विटामिन 'बी' की कमी के कारण मुख्य रूप से होंठ फटने लगते हैं। प्राकृतिक आपदाओं अर्थात् अधिक सर्दी या अधिक बर्फ या पाला गिरने के कारणों से भी होंठ फटने लगते हैं। ठण्डी तेज हवाओं के असर से भी होंठों में दरारें पड़ जाती हैं तथा उनसे खून रिसना प्रारंभ हो जाता है। अत्यधिक क्रीम, लिपस्टिक लगाने के कारण से भी होंठों में दरारें पड़ जाती हैं। रात में पान खाकर सोने से भी होंठ फट जाते हैं। अत्यधिक मात्रा में तली-गली वस्तुओं को खाने व गरम-गरम भोजन करने से भी होंठ फटते हैं। निरन्तर धूम्रपान करने वालों के होंठ भी सर्दियों में फट जाया करते हैं। अगर सर्दियों में होंठ न फटें और आप चटपटे व्यंजनों का आनन्द उठा सकें, इसके लिए निम्नांकित उपाय बेहतर साबित होंगे।

- सोयाबीन एवं विभिन्न दालों का सेवन करते रहने से होंठ फटने से बचते हैं तथा होंठों पर एक अलग ताजगी बनी रहती है।
- रात में सोने से पहले दो चम्मच कैस्टर ऑयल में दो चम्मच बोरिक वैसलिन मिलाकर होंठों पर मलते रहने से होंठ फट नहीं पाते हैं।
- ग्लिसरीन में बराबर मात्रा में गुलाबजल मिलाकर होंठों पर मलते रहने से होंठ नहीं फटते हैं।
- खाने में अधिक हरी सब्जियां, मौसम के मुताबिक कुछ फल, दूध, शहद आदि लेते रहने से भी विटामिन 'ए', 'बी' के कारण होंठ फटते नहीं हैं।
- पांच ग्राम बेसन, तीन ग्राम हल्दी व दस ग्राम गुलाबजल को मिलाकर, अच्छी तरह से फेंट कर मलहम की तरह बना लें। रात को सोने से पहले इस लेप को होंठों पर मल लेने से होंठ नहीं फटते।
- फटे होंठों पर ताजा लाल गुलाब की पत्तियों का रस रगड़ते रहने से होंठ नहीं फटते।
- शहद की चार-पांच बूंदों को लेकर उसमें दो-तीन बूंद गरम जल मिलाकर होंठों पर मलते रहने से होंठ नहीं फटते। अगर फट गये हों तो उसे ठीक करने में भी यह बहुत लाभदायक होता है।
- गर्म दूध की मलाई का लेप करने से भी कटे-फटे होंठ गुलाब की ताजी पंखुडिय़ों की तरह खिल उठते हैं।
- रूई के फाहे में जैतून के तेल को भिगोकर हल्के हाथों से होंठों पर मलते रहने से होंठ खुरदरे होने से बचते हैं तथा फटते नहीं हैं।
- तीस मि. ली. शहद में एक छोटा चम्मच ग्लिसरीन एवं जौ का पाउडर मिलाकर हाथ पैरों के साथ ही होंठ पर लगाते रहने से वे फटते नहीं हैं। साथ ही मुलायम व चमकीले भी हो जाते हैं।
- गाजर एवं टमाटर के रस को बराबर मात्र में मिलाकर उसे गर्म कर लें। जब वह ठंडा हो जाये तो फटे हुए होंठों पर हल्के हाथों से लगा दें। दो दिनों में ही होंठ मुलायम हो जाते हैं।
- सरसों का तेल, हल्दी पाउडर, एवं कपूर मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को रात को सोने से पहले होंठों पर अच्छी तरह लगाते रहने पर होंठ फटते नहीं हैं।
- सर्दियों में रात को मुंह ढककर सोने से होंठ तथा चेहरा फटते नहीं हैं। मुंह ढककर सोने की आदत डाल लें।

**पूनम दिनकर** (स्वास्थ्य दर्पण) ■

## खजूर खाएं और स्वस्थ रहें

मीठी मीठी गूदेदार खजूर सर्दियों में खाने का अपना ही आनंद होता है। मिडिल ईस्ट के लोगों के भोजन का विशेष हिस्सा होता है खजूर। खजूर शरीर को इंस्टेंट एनर्जी देता है। खजूर में फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम बहुत से पोषक तत्व होते हैं। खजूर को खाने के बाद स्वीट डिश के रूप में भी खाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त इसे अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है।



- खजूर जल्दी पचता है इसीलिए ऊर्जा भी तुरंत देता है।
- दूध में खजूर को उबाल कर बच्चों को देने से उनका मानसिक और शारीरिक विकास होता है क्योंकि इसमें कई पोषक तत्व हैं।
- खजूर आंतों की समस्या से भी बचाता है क्योंकि इसमें निकोटाइनिक तत्व होता है।
- खजूर में आयरन प्रचुर मात्रा में होने के कारण इसे अनीमिया रोगी खा सकते हैं। नियमित सेवन से लाभ मिलता है।
- पोटेशियम की काफी मात्रा होने के कारण इसे डायरिया रोगियों को भी दिया जा सकता है जिससे डायरिया नियंत्रित रहता है।
- खजूर में शुगर, फैट व प्रोटीन होने के कारण पतले लोगों को लाभ होता है। वजन बढ़ाने में सहायता होती है।
- शरीर को फाइबर की आवश्कता है जो खजूर खाकर पूरी की जा सकती है।
- शोधकर्ताओं के अनुसार कमजोर दिल वालों के लिए खजूर लाभदायक है। वे खजूर को रात भर पानी में भिगोकर ले सकते हैं।
- एब्डोमिनल कैंसर से भी खजूर बचाकर रखता है।
- इन सर्दियों में खजूर खायें और स्वस्थ रहें। डायबिटिक रोगी खजूर का सेवन बिना डाक्टर की सलाह के न करें।

**सुनीता गाबा**(स्वास्थ्य दर्पण) ■

## स्वास्थ्य व सौंदर्यवर्धक तिल

हमारे देश में संक्रांति पर्व (14 जनवरी) पर तिल के लड्डू खाने और तिल का उबटन लगाकर स्नान करने की परंपरा चली आ रही है। मकर संक्रांति आते ही शीत अत्यधिक बढ़ जाती है। अत: इस काल में तिल और तिल से बने पदार्थों का सेवन शरीर को स्निग्धता प्रदान करता है।

तिल को अत्यंत पवित्र माना गया है, इसलिए इसे 'तिल संक्रांति' भी कहते हैं। तिल सस्ता व सुलभ होने के अलावा प्रोटीन, विटामिन, लौह, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, फॉस्फोरस आदि पोषक तत्वों से युक्त होता है। तिल स्वास्थ्य व सौंदर्यवर्धक, रोगनाशक और पौष्टिक होता है।

### तिल के गुण

तिल रस में तीखे, कड़वे, मधुर और कसैले होते हैं। छ: रसों में से चार रस तिल में हैं। तिल विपाक में तीखे, स्वादिष्ट, चिकने, गर्म, कफ-पित्त कारक, बलदायक, केशों के लिए हितकारी, स्पर्श में शीतल, त्वचा के लिए लाभदायक, स्तनों में दूध बढ़ाने वाले, घाव भरने वाले, बुद्धिप्रद, दांतों के लिए हितकारी, मूत्र कम करने वाले, ग्राही, वातनाशक तथा अग्नि को प्रदीप्त करने वाले हैं। काला तिल सर्वश्रेष्ठ और वीर्यवर्धक होता है। औषधि निर्माण में काले तिल का प्रयोग करना उत्तम होता है।

### औषधीय प्रयोग

**बवासीर :-** दो चम्मच काले तिल पानी के साथ पीसकर थोड़े मक्खन में मिलाकर प्रतिदिन प्रात: चाटने से बवासीर में आराम मिलता है।

**बहुमूत्र :-** गुड़ के साथ बनाए तिल के लड्डू या गजक पट्टी का सेवन बहुमूत्र रोग में लाभदायक है। यह मूत्र को कम करता है।

### त्वचा की खुश्की

तिल पीसकर बनाया गया उबटन शरीर पर लगा कर मलने से जहां त्वचा का मैल छूटता है, वहीं त्वचा की खुश्की खत्म होकर उसमें कोमलता आती है और शीत के प्रकोप से भी रक्षा होती है।

### आधासीसी

तिल और बायबिडंग दूध में पीसकर सिर पर लेप करने से आधासीसी में आराम मिलता है।

### कील-मुंहासे

तिल की पुरानी खली गौमूत्र में पीसकर कील मुंहासों पर लेप करने से लाभ होता है।

### कान दर्द

तिल के तेल में लहसुन की कली डालकर गर्मकर, उसकी बूंदें कान में डालने से कान दर्द व कान का शूल मिटता है।

### मजबूत दांत

तिल की एक चम्मच मात्र खूब चबा-चबाकर खाने से दांत मजबूत और सुंदर होते हैं, कब्ज का नाश होता है, बालों और आंखों को लाभ होता है। शरीर की त्वचा उज्ज्वल होती है।

### कब्ज

प्रतिदिन थोड़े तिल खूब चबा-चबाकर खाने से इसके रेशे, छिलके और तंतु आंतों का परिमार्जन कर कब्ज हटाते हैं तथा शरीर को पुष्ट व स्वस्थ बनाते हैं।

### मालिश के लाभ

तिल के तेल की पूरे शरीर पर मालिश करने से जहां शरीर की त्वचा चिकनी और हड्डी के जोड़ लोचदार होते हैं, वहीं शरीर में कुपित वात एवं पित्त का भी शमन होता है।

### ध्यान रहे

तिल और गुड़ एक साथ लेने से कफ और पित्त करते हैं तथा मल बढ़ाते हैं अत: कृमि, त्वचा रोग, जुकाम, नेत्र रोग, मधुमेह, रक्त विकार, आदि के रोगी इसका सेवन न करें।

**उमेश कु. साहू**(स्वास्थ्य दर्पण) ■






फीचर संपादक : ओम प्रकाश मिश्र, फोन : 71015038, ईमेल : feature@sanmarg.in

Regd. No. - KOL RMS/ 061/ 2019-2021



**रिफंड : आयकर विभाग ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 1.50 लाख करोड़ रुपये का कर रिफंड जारी किया है।**

सोना 46200 (22 कै)
सोना 48700 (24 कै)
सोना 46900 (हॉल.)
चांदी 61850 (हाजि.)

# 9.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ी संपत्ति




**मुंबई:** शेयर बाजारों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। शेयर बाजारों में पिछले चार कारोबारी सत्र से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये बढ़ी है। इस तेजी के साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9,30,419.3 करोड़ रुपये बढ़कर 2,72,44,894.96 करोड़ रुपये पहुंच गया। बाजार में शुरुआत में उतार-चढ़ा रहा। हालांकि, बाद में इसमें तेजी आयी और अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 367.22 अंक यानी 0.61 प्रतिशत मजबूत होकर 60,223.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, सूचकांक 17 नवंबर, 2021 को 60,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 120 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,925.25 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 5.09 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में बजाज फिनसर्व रही। बजाज फाइनेंस, कोटक बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, मारुति और आईसीआईसीआई बैंक भी लाभ में रहे। गिरावट वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, विप्रो, पावरग्रिड और डॉ। रेड्डीज शामिल हैं। इनमें 2.87 प्रतिशत तक की गिरावट आयी। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 18 लाभ में रहे।

**क्या रहा कारण:** कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लिवाली जारी रहने से तेजी को समर्थन मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों पर अंकुश लगाने के लिये बड़ी पाबंदियों से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। बैंक शेयरों का प्रदर्शन बेहतर रहा। इसका कारण यह है निजी क्षेत्र के कुछ बैंकों का कारोबार तीसरी तिमाही में दहाई अंक में बढ़ा है।'

**वैश्विक बाजार:** एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा, जबकि जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत फिसलकर 79.99 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 20 पैसे मजबूत होकर 74.38 पर बंद हुई।

## तीन महीने के निचले स्तर पर रहीं सेवा क्षेत्र की गतिविधियां

**नय दिल्ली:** भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां दिसंबर 2021 में तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयीं। व्यावसायिक गतिविधियों और बिक्री में धीमी गति से वृद्धि तथा कोरोना वायरस की नयी लहर की आशंका से व्यापारिक धारणाएं प्रभावित हुई हैं। इसके कारण सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में नरमी आई है। इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर में 58.1 पर था, जो दिसंबर में 55.5 के तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सर्वेक्षण के अनुसार लगातार पांचवें महीने सेवा क्षेत्र में उत्पादन में वृद्धि देखी गई। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर के अंक का मतलब विस्तार होता है जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। आईएचएस मार्किट में सहायक निदेशक-अर्थशास्त्र पोलिएन्ना डि लीमा ने कहा, 'सेवा प्रदाताओं के लिए 2021 एक और कठिन वर्ष था और दिसंबर में इसमें थो6ी और नरमी दर्ज की गई।' सेवा और विनिर्माण क्षेत्र का सामूहिक उत्पादन या सामूहिक पीएमआई उत्पादन सूचकांक दिसंबर में घटकर 56.4 हो गया, जो नवंबर में 59.2 था। हालांकि यह इसके दीर्घकालिक औसत 53.9 से अब भी अधिक है। माल उत्पादकों और सेवा प्रदाताओं के रोजगार में बढ़ी गिरावट देखी गई। समग्र स्तर पर चार महीने में पहली बार नौकरियों में कमी आई है।

## सालाना 44.78 अरब यूनिट बिजली की बचत हुई

काम की बात

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार के ऊर्जा-दक्षता और सस्ते एलईडी वितरण कार्यक्रम उजाला के सात वर्ष पूरे हो गए है। बिजली मंत्रालय का दावा है कि इससे वार्षिक 44.78 अरब यूनिट बिजली की बचत हुई है। उजाला के तहत देश भर में 36.78 करोड़ एलईडी प्रकाश उपकरण वितरित किए गए है। मंत्रालय ने कहा, 'उजाला कार्यक्रम ने प्रति वर्ष 4,777.80 करोड़ यूनिट ( किलोवॉट/घंटा) ऊर्जा की बचत और कार्बन डाइआक्साइड (सीओ2 ) उत्सर्जन में 3.86 करोड़ टन की कमी संभव हो सकी है।'

**क्या हुआ लाभ:** उजाला की अहम उपलब्धियों से स्वदेशी प्रकाश उद्योग को गति मिलेगी, नियमित थोक खरीद के जरिये निर्माताओं को लागत-लाभ मिलेगा। केंद्र का यह भी कहना है कि सभी राज्यों ने उजाला को सहर्ष लागू किया और इससे घरों के वार्षिक बिजली बिल कम आने लगे हैं। अहमदाबाद स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) इस कार्यक्रम की सफलता का अध्ययन कर रहा है तथा इसे हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पाठक्रम में भी इसे शामिल करने पर विचार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद, मोदी ने पांच जनवरी, 2015 को उन्नत ज्योति बाय एफर्डेबल लेड्स फॉर ऑल (उजाला्रुसबके लिये सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) का शुभारंभ किया था।

## सेबी अधिकारियों की नियुक्ति करेगा

**नयी दिल्ली:** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने कर्मचारियों की संख्या में बढ़ोतरी के लिए एक बड़ा नियुक्ति अभियान शुरू किया है। नियामक ने 120 से वरिष्ठ कार्यकारी स्तर के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। इन अधिकारियों की नियुक्ति से नियामक को अपनी भूमिका बेहतर तरीके से निभाने में मदद मिलेगी।

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

## कोयला उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली:** देश का कुल कोयला उत्पादन दिसंबर, 2021 में 2019 की समान अवधि की तुलना में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 7.47 करोड़ टन से अधिक रहा है। गत दिसंबर में कुल कोयला उत्पादन में कोल इंडिया लि. का हिस्सा 6.02 करोड़ टन रहा। इस माह में कोल इंडिया के उत्पादन में 3.79 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कोयला मंत्रालय ने कहा कि देश का कुल कोयला उत्पादन दिसंबर, 2021 में 2019 के समान महीने की तुलना में 6.74 प्रतिशत बढ़कर 7.47 करोड़ टन पर पहुंच गया। 2021-22 के के आंकड़ों की तुलना 2019-20 से की गई है, क्योंकि 2020-21 का साल कोविड-19 की वजह से पाबंदियों के चलते वाणिज्यिक गतिविधियों के अनुकूल नहीं रहा।

## अमेजन-फ्यूचर विवाद पर सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र में सुनवाई पर रोक

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने अमेजन-फ्यूचर विवाद पर सिंगापुर मध्यस्थता केंद्र में जारी सुनवाई पर रोक लगा दी। फ्यूचर समूह के रिलायंस के साथ 24,500 करोड़ रुपये के सौदे पर अमेजन की आपत्ति पर मध्यस्थता सुनवाई चल रही थी। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने इस मध्यस्थता सुनवाई को निरस्त करने की मांग वाली फ्यूचर समूह की याचिकाएं खारिज करने के एकल पीठ के आदेश पर भी रोक लगा दी। इस आदेश के खिलाफ फ्यूचर समूह ने खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा, ''प्रथम दृष्टया यह मामला फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरए) और फ्यूचर कूपंस प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) के पक्ष में दिखता है और अगर स्थगन आदेश नहीं दिया गया, तो उन्हें नुकसान होगा।'' इसके साथ ही पीठ ने मध्यस्थता अधिकरण में जारी प्रक्रिया को अगली सुनवाई तक स्थगित करने और एकल पीठ के चार जनवरी के आदेश पर भी रोक लगाने का आदेश दिया। इस मामले की अगली सुनवाई एक फरवरी को होगी।

## जरूरी आपूर्ति पर नजर रखेगा नियंत्रण कक्ष

**नयी दिल्ली:** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने वस्तुओं और जरूरी सामान के परिवहन और उनकी आपूर्ति से पर नजर रखने के लिए नियंत्रण कक्ष बनाया है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच प्रतिबंधों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। सभी उद्योग मंडलों को भेजे पत्र में विभाग ने कहा कि नियंत्रण कक्ष के जरिये संबंधित पक्षों की तरफ से उठाये जाने वाले मुद्दों को संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के समक्ष रखा जाएगा। 'कोविड संक्रमण के बढ़ते मामलों को काबू में लाने के लिये उठाये गये कदमों को संज्ञान लिया गया है।'

## वीडियोकॉन के अधिग्रहण पर 'रोक'

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने अरबपति उद्योगपति अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाली ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज की वीडियोकॉन समूह के अधिग्रहण के लिए सफल बोली को रद्द कर दिया है। कुछ ऋणदाताओं की याचिका पर दिवाला अपीलीय अदालत ने यह फैसला सुनाया है। इन ऋणदाताओं का कहना था कि वीडियोकॉन समूह के अधिग्रहण के लिए जो पेशकश की गई है उससे उन्हें भारी-भरकम 62,000 करोड़ रुपये की राशि का नुकसान होगा। एनसीएलएटी ने ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज की बोली को अनुमति देने के आदेश को खारिज कर दिया। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने यह आदेश दिया था। एनसीएलएटी ने वीडियोकॉन को कर्ज देने वाले ऋणदाताओं या बैंकों से कहा है कि वे इसकी बिक्री की प्रक्रिया नए सिरे से शुरू करें। एनसीएलएटी की जरत कुमार जैन और अशोक कुमार मिश्रा की दो सदस्यीय पीठ ने अपने आदेश में कहा कि वीडियोकॉन समूह की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया गया।

## जौहरियों को आईआईबीएस के जरिये सोने के आयात की अनुमति

**नयी दिल्ली:** सरकार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) द्वारा अधिसूचित पात्र जौहरियों को इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) के माध्यम से निर्दिष्ट रूप में सोने का आयात करने की अनुमति दी जाएगी। इससे पहले रिजर्व बैंक (बैंकों के मामले में) और विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा अधिसूचित नामित एजेंसियों को इस तरह के आयात की अनुमति थी। डीजीएफटी ने एक अधिसूचना में कहा, ''आरबीआई द्वारा अधिसूचित नामित एजेंसियों (बैंकों के मामले में) और डीजीएफटी द्वारा अधिसूचित नामित एजेंसियों के अलावा, आईएफएससीए द्वारा अधिसूचित पात्र सर्राफा करोबारियों को इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज के माध्यम से विशिष्ट आईटीसी (एचएस) कोड के तहत सोना आयात करने की अनुमति होगी।''

## शाओमी को 653 करोड़ के आयात शुल्क चोरी का नोटिस

**नयी दिल्ली:** चीन की फोन विनिर्माता कंपनी शाओमी की भारतीय इकाई को आयात शुल्क की कथित चोरी को लेकर 653 करोड़ रुपये का नोटिस जारी किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि शाओमी इंडिया को उसके परिसरों में तलाशी के दौरान बरामद दस्तावेजों के आधार पर नोटिस जारी किया गया है। शाओमी इंडिया ने कहा, "हम नोटिस की वसमीक्षा कर रहे हैं।" डीआरआई ने जांच के दौरान पाया था कि शाओमी इंडिया और उसके अनुबंध वाली विनिर्माता कंपनियां द्वारा आयात किए गए माल के निर्धारित मूल्य में रॉयल्टी की राशि शामिल नहीं थी, जो सीमा शुल्क कानून का उल्लंघन है। लेनदेन मूल्य में 'रॉयल्टी और लाइसेंस शुल्क' नहीं जोड़कर शाओमी इंडिया सीमा शुल्क से बच रहा था। 'डीआरआई की जांच पूरी होने के बाद शाओमी टको सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत शुल्क की मांग और वसूली को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं।'

## केयर्न एनर्जी ने सभी मुकदमे वापस लिए

**नयी दिल्ली:** केयर्न एनर्जी ने भारत सरकार के खिलाफ विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अदालतों में दायर सभी मुकदमे वापस ले लिए हैं। इसके साथ ही पिछली तारीख से कराधान प्रावधान के तहत उससे वसूले गए करीब 7,900 करोड़ रुपये का कर लौटाने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार ने गत अगस्त में पारित नए कानून में पिछली तारीख से कर वसूलने के प्रावधान को निरस्त कर दिया था। संबंधित कंपनियों से कहा गया था कि वे विभिन्न अदालतों में दायर मुकदमे वापस ले लेती है, तो उन्हें इस के तहत वसूली गई राशि लौटा दी जाएगी।

## वाहनों की खुदरा बिक्री घटी

**नयी दिल्ली:** वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष दिसंबर में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में 11 प्रतिशत की कमी रही। सेमीकंडक्टर की कमी का संकट अब भी बना हुआ है। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले महीने 10.91 प्रतिशत कम होकर 2,44,639 इकाई पर आ गई जो दिसंबर 2020 में 2,74,605 इकाई थी। फाडा के अध्यक्ष विनकेश गुलाटी ने कहा कि दिसंबर के महीने में आमतौर पर अधिक बिक्री होती है क्योंकि विनिर्माता वर्ष बदलने के मद्देनजर वाहनों की बिक्री के लिए काफी छूट देते हैं।



**फुटबॉल : यूरोपीय चैम्पियनशिप में फिनलैंड के खिलाफ मैच में दिल का दौरा पड़ने से बाहर हुए डेनमार्क के क्रिस्टियन एरिक्सन विश्व कप के जरिये फुटबॉल के मैदान पर वापसी करना चाहते हैं।**



# टीम इंडिया की जीत में बाधा बने एल्गार

### भारत को जीत के लिए 8 विकेट की दरकार, दक्षिण अफ्रीका 122 रन पीछे




**जोहानिसबर्ग :** दक्षिण अफ्रीका ने 240 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन बुधवार को यहां दो विकेट पर 118 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका अब लक्ष्य से 122 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय कप्तान डीन एल्गर 46 रन और रॉसी वान डर डुसेन 11 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले भारत ने अपनी दूसरी पारी में 266 रन बनाये थे। एडेन मार्करम 31 और कीगन पीटरसन 28 रन बनाकर आउट हुए। भारत के लिये शार्दूल ठाकुर और रविचंद्रन अश्विन ने 1-1 विकेट लिया है। इससे पहले टीम इंडिया दूसरी पारी में 266 पर ऑलआउट हुई। अजिंक्य रहाणे ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाये। चेतेश्वर पुजारा ने 53 और हनुमा विहारी ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी और मार्को जेन्सन ने 3-3 विकेट लिये।

**लय में लौटे पुजारा-रहाणे :** तीसरे दिन की शुरुआत भारत के लिए बढ़िया रही थी। चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे ने लगभग 75 मिनट बैटिंग कर टीम इंडिया को मैच में बनाये रखा लेकिन, इसके बाद 29 रन बनाने में भारत ने चार विकेट खो दिए। खराब फॉर्म के कारण आलोचकों के निशाने पर चल रहे पुजारा और रहाणे ने अर्धशतक जमाये और तीसरे विकेट के लिये 23.2 ओवर में 111 रन की साझेदारी की। शार्दूल ठाकुर ने 28 और रविचंद्रन अश्विन ने 16 रन बनाये।

**फिर फेल हुए पंत :** रहाणे और पुजारा को आउट करने के बाद अगले ही ओवर में रबाडा ने ऋषभ पंत को शून्य पर आउट कर पवेलियन भेजा। आर अश्विन भी कुछ कमाल नहीं दिखा सके और 16 रन बनाकर लुंगी एनगिडी की गेंद पर आउट हुए।

### बुमराह को आया गुस्सा, तो जड़ा लंबा छक्का

54वें ओवर की चौथी गेंद पर जसप्रीत बुमराह और मार्को जेन्सन के बीच नोकझोंक देखने को मिली। जेन्सन की गेंद पर बुमराह पुल शॉट खेलना चाहते थे, हालांकि शॉट नहीं खेल सके। गेंद बुमराह के सीने पर जाकर लगी। तभी जेन्सन और बुमराह के बीच तीखी नोकझोंक हुई। जसप्रीत बुमहार काफी गुस्से में नजर आ रहे थे। जेन्सन ने आंखें दिखाईं तो बुमराह ने गुस्से में आधी क्रीज तक जाकर उन्हें समझाया। दोनों के बीच तकरार बढ़ने ही वाली थी कि तभी अंपायर ने बीच में आकर मामले को शांत किया। इसके बाद अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह ने कगिसो रबाडा के खिलाफ डीप स्क्वेयर लेग के ऊपर से शानदार छक्का जड़ दिया।

## न्यूजीलैंड को हराकर बांग्लादेश ने रचा इतिहास

सन्मार्ग न्यूज ब्रीफ

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड) :** तेज गेंदबाज इबादत हुसैन ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 46 रन देकर 6 विकेट लिये जिसकी, बदौलत बांग्लादेश ने पहले क्रिकेट टेस्ट में विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर उस पर पहली जीत दर्ज की। इबादत ने चौथे ही दिन बांग्लादेश को ऐतिहासिक जीत के करीब पहुंचा दिया था। उन्होंने पांचवें और आखिरी दिन बुधवार को न्यूजीलैंड के आखिरी दोनों विकेट भी ले लिये। मेजबान टीम दूसरी पारी में 169 रन पर आउट हो गई जो बांग्लादेश के खिलाफ उसका न्यूनतम स्कोर है। पहली पारी में न्यूजीलैंड 130 रन से पिछड़ी थी जिससे बांग्लादेश को जीत के लिये सिर्फ 40 रन बनाने थे। उसने दो विकेट गंवा दिये लेकिन कप्तान मोमिनुल हक और पूर्व कप्तान मुशफिकुर रहीम ने टीम को जीत तक पहुंचाया।

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल कोरोना पॉजिटिव पाये गये हैं और बिग बैश लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में संक्रमण के शिकार वह 13वें खिलाड़ी हैं। मैक्सवेल बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान हैं। उनके संक्रमित होने की पुष्टि बुधवार को सुबह रैपिड एंटीजेन टेस्ट में हुई। उन्होंने सोमवार को रेनेगाडेस के खिलाफ अपनी टीम के मैच के बाद जांच कराई थी। उन्होंने पीसीआर टेस्ट कराया है जिसके नतीजे का इंतजार है। इस बीच बीबीएल में कोरोना मामलों का आना लगातार जारी है। रेनेगाडेस टीम में भी एक मामला सामने आया है।

## एटीपी कप सेमीफाइनल में पहुंचा पोलैंड

**सिडनी :** पोलैंड ने अर्जेंटीना को बुधवार को 3-0 से हराकर एटीपी कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने डिएगो श्वार्त्जमैन को 6-1, 6-4 से हराया। पोलैंड ग्रुप डी में जॉर्जिया, यूनान और अर्जेंटीना को हराकर शीर्ष पर रहा। पोलैंड के लिये पहला मैच कामिल एम ने जीता, जिन्होंने डेलबोनिस को 6-3, 7-6 से मात दी। इसके बाद श्वार्त्जमैन को हराकर हुरकाज ने बढ़त 3-0 की कर दी।

## केएल राहुल को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान का फायदा

**दुबई :** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली 113 रन की जीत में 'प्लेयर ऑफ द मैच' प्रदर्शन की बदौलत आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में 18 पायदान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 31वें स्थान पर पहुंच गये। राहुल की इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग आठवां स्थान है, जो उन्होंने नवंबर 2017 में हासिल की थी।

अग्रवाल को एक पायदान का फायदा हुआ जबकि अजिंक्य रहाणे दो पायदान की छलांग से बुधवार को ताजा अपडेट में 25वें स्थान पर पहुंच गये। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी भी रैंकिंग में ऊपर चढ़ने वाले अन्य भारतीय हैं। बुमराह मैच में 5 विकेट चटकाने से 3 पायदान ऊपर पहुंचकर नौंवे स्थान पर हैं जबकि शमी ने 8 विकेट चटकाये थे। इस प्रदर्शन से शमी दो पायदान के फायदे से 17वें स्थान पर पहुंच गये।

दक्षिण अफ्रीका के लिये कप्तान और सलामी बल्लेबाज डीन एल्गर दो पायदान के लाभ से 14वें, तेम्बा बावुमा 16 पायदान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गये। कागिसो रबाडा एक स्थान ऊपर छठे स्थान पर जबकि उनके साथी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी मैच में 8 विकेट चटकाने से 16 पायदान की छलांग से 30वें स्थान पर पहुंच गये।

## राजपक्षा ने क्रिकेट को अलविदा कहा

**कोलंबो :** श्रीलंका के बल्लेबाज भानुका राजपक्षा ने पारिवारिक दायित्वों का हवाला देते हुए बुधवार को तुरंत प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया। राजपक्षा का वनडे कैरियर 6 महीने से भी कम चला, जिन्होंने जुलाई 2021 में ही पदार्पण किया था। पत्र में उन्होंने लिखा,'मैने बतौर खिलाड़ी और एक पति के तौर पर अपनी स्थिति की समीक्षा की। पारिवारिक दायित्वों के कारण मुझे यह फैसला लेना पड़ रहा है।' उन्होंने 5 वनडे और 18 टी-20 खेलकर 409 रन बनाये। वह टी-20 विश्व कप में टीम का हिस्सा थे।

# एशियाई कप में अमिट छाप छोड़ने को तैयार मनीषा

### तमाम मुश्किलों को पार कर भारतीय महिला फुटबॉल टीम में बनाई जगह

**नयी दिल्ली :** डिफेंडर मनीषा पन्ना का जीवन काफी मुश्किलों भरा रहा जिन्होंने छोटी उम्र में ही अपने माता पिता को खो दिया, पर अपनी दादी की मदद से वह अपने पसंदीदा खेल में वापसी करके एएफसी महिला एशियाई कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका हासिल करने में सफल रहीं। ओडिशा के राउरकेला के करीब डांडियापाली गांव की इस सेंट्रल डिफेंडर को भारत के लिये खेलने का मौका हासिल करने से पहले काफी मुश्किलों से जूझना पड़ा लेकिन अब पूरे गांव को उन पर नाज है। मनीषा ने कहा कि मेरी यात्रा किसी भी तरह से आसान नहीं रही है। मुझे इन मुश्किलों के कारण फुटबॉल खेलना छोड़ना भी पड़ा था लेकिन मैं इस खेल से ज्यादा लंबे समय तक दूर नहीं रह सकी। मैं कुछ करना चाहती थी। शुरू में फुटबॉल में वापसी को लेकर मेरे पड़ोसियों और रिश्तेदारों की प्रतिक्रिया मिली जुली थी। हर कोई खिलाफ नहीं था, कुछ ने समर्थन किया लेकिन कुछेक ने मुझे इससे दूर रहने की सलाह दी। हम एएफसी महिला एशियाई कप के लिये सचमुच कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह विशेष मौका है क्योंकि भारत इसकी मेजबानी कर रहा है और टीम को भी खुद पर पूरा भरोसा है। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट 20 जनवरी से 6 फरवरी तक महाराष्ट्र के 3 स्थलों पर आयोजित किया जायेगा। भारत को एशियाई कप के लिये ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें ईरान, चीनी ताइपे और चीन शामिल हैं। मनीषा को लगता है कि क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिये कड़ी चुनौती होगी।

CELEBRATING 10 YEARS १० APARAJITA



## रामकुमार-बोपन्ना एडीलेड में क्वार्टर फाइनल में

**एडीलेड :** भारत के रामकुमार रामनाथन और रोहन बोपन्ना एडीलेड इंटरनेशनल एटीपी टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले में मिली जीत के बाद पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। रामकुमार और बोपन्ना पहली बार एटीपी टूर पर साथ खेल रहे हैं। उन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के जैकसन विथ्रो और नाथनियेल लामोंस को 6-7, 7-6, 10-4 से हराया। इससे पहले उन्होंने अमेरिका के जैमी केरेटानी और ब्राजील के फर्नांडो रोंबोली को 6-2, 6-1 से मात दी थी। अब उनका सामना फ्रांस के बेंजामिन बोंजी और मोनाको के हुजो निस तथा बेल्जियम के सैंडर जिले और जोरान विलेजेन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। महिलाओं के डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट में भारत की सानिया मिर्जा और उक्रेन की नादिया किचेनोक ने दूसरी वरीयता प्राप्त गैब्रियला डाबरोवस्की और जियुलियाना ओल्मोस को।6, 6-3, 10-8 से हराया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया की प्रिससिला होन और चार्लोट के पोक्ज और अमेरिका की शेल्बी रोजर्स और ब्रिटेन की हीथर वाटसन के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

डियर साप्ताहिक लॉटरी
₹1 करोड़ रुपए जीते
कोलकाता का एक युवक



कोलकाता, पश्चिम बंगाल के श्री सौविक सहाना ने 17.10.2021 को आयोजितड्रा में डियर साप्ताहिक लॉटरी में प्रथम पुरस्कार के रूप में 1 करोड़रुपये जीते। उनका जीतने का टिकट नंबर **97A 99394** है।
" मैं बहुत खुश हूं और मेरे पास अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। हमारे इलाके में लॉटरी की कई दुकानें हैं और मेरे कई दोस्त अपनी किस्मत आजमाने के लिए लॉटरी टिकट खरीदते थे। हमारे आवास परिसर में और उसके आसपास रहने वाले मेरे ज्यादातर दोस्त सुबह या शाम की सैर के दौरान बात करते थे। उस दौरान, वे डियर लॉटरी टिकट खरीदते हैं। मेरे दोस्तों को भी कुछ पुरस्कार मिले हैं। अब मैंने एक करोड़ रुपये जीत लिए हैं।" विजेता ने कहा। Advt.